www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

धर्मशाला | रविवार, 3 मार्च 2024 | 20 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 75 कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए

बॉक्स ऑफिस पर यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' का जलवा बरकरार ... पेज 14



सूर्योदय 6:43 सूर्यास्त 6:22


**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 5.5 न्यू | 11.05 अधि |
| धर्मशाला | 11.1 न्यू | 16.04 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73806.15 |
| निफ्टी | 22378.40 |
| सोना | 64,090 |
| चांदी | 73,000 |

## महाभैरव उमानंद गुवाहाटी असम के रूप में बाबा भूतनाथ



मंडी। बाबा भूतनाथ मठ मंदिर मंडी में धृत श्रृंगार के 24वें दिन स्वयंभू शिवलिंग पर महाभैरव उमानंद गुवाहाटी असम का स्वरूप उकेरा गया। यह मंदिर आदि शक्ति महाभैरवी कामाख्या के दर्शन से पहले गुवाहाटी शहर कि पास ग्रहमपुत्र नदी के बीच द्वीप के शीर्ष पर स्थित है। कहा जाता है कि इस स्थान पर भगवान शिव ने दयानंद के रूप में निवास किया था। कालिका पुराण में इस स्थान पर पार्वती को ज्ञान प्राप्ति का स्थल बताया गया है। यहां भगवान शिव ने भस्म का छिड़काव किया था।

# प्रदेश के पांच जिलों में बर्फबारी, 350 सड़कों पर वाहनों की आवाजाही ठप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

- लाहौल घाटी में हिमखंड गिरने का खतरा बढ़ा
- 1314 ट्रांसफार्मर खराब कई क्षेत्रों में बिजली गुल
- बोर्ड परीक्षाएं पूर्व निर्धारित समयसारिणी अनुसार ही होंगी

**हिमाचल** प्रदेश में मार्च महीने का आगाज मौसम के कड़े तेवरों से हुआ है। राज्य के पांच पर्वतीय जिलों में लगातार दूसरे दिन भी बर्फ गिरने का दौर जारी है। खराब मौसम की वजह से लाहौल घाटी में हिमखंड गिरने का खतरा बढ़ गया है। ताजा बर्फबारी से जनजातीय जिलों में यातायात व्यवस्था, बिजली आपूर्ति और संचार व्यवस्था प्रभावित हुई है।

चार नेशनल हाई-वे समेत 350 सड़कों पर वाहनों की आवाजाही ठप है। बर्फबारी व आंधी से 1314 ट्रांसफार्मरों के खराब होने से कई क्षेत्रों में बिजली गुल है। लाहौल-स्पीति और कुल्लू व मनाली उपमंडल के सभी शिक्षण संस्थान बर्फबारी के कारण शनिवार को बंद रखे गए। इस बारे में संबंधित एसडीएम द्वारा आदेश जारी किए गए है। साथ में यह भी स्पष्ट किया गया है हिमाचल प्रदेश बोर्ड द्वारा ली जा रही परीक्षाएं पूर्व निर्धारित समयसारिणी के अनुसार ही होगी।



मनाली-सोलंगनाला रोड पर शनिवार को हिमस्खलन होने से पलटी गाड़ियां।

### मनाली में हिमस्खलन नेहरू कुंड के पास सड़कों पर गाड़ियां पलटी

**प्रदेश** में लगातार हो रही बर्फबारी के बीच मनाली में शनिवार को हिमस्खलन हुआ। इससे नेहरू कुंड के पास मनाली-सोलंगनाला रोड पर कई गाड़ियां पलट गई। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हालांकि मलबे के कारण सड़क पर आवाजाही बंद कर दी गई है। हिमाचल के अटल टनल, रोहतांग, केलांग, जिस्पा, दारचा, कोकसर और लाहौल घाटी में चार से छह इंच से ज्यादा बर्फबारी हो चुकी है। अटल टनल के लिए वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। लाहौल-स्पीति में सबसे ज्यादा 228 सड़कें बंद हैं।



### सात मार्च तक मौसम खराब

**तीन** मार्च को कुछ स्थानों पर आसमानी बिजली चमकने का यलो अलर्ट रहेगा। चार व पांच मार्च को भी मौसम खराब बना रहेगा, जबकि छह मार्च को बिजली गिरने की चेतावनी है। सात मार्च तक पूरे प्रदेश में मौसम खराब रहेगा।

**न्यूनतम तापमान**

| | |
|---|---|
| शिमला | 5.5 डिग्री |
| भुंतर | 6.2 डिग्री |
| धर्मशाला | 11.1 डिग्री |
| मनाली | 0.5 डिग्री |
| कांगड़ा | 12.4 डिग्री |
| बिलासपुर | 13.1 डिग्री |
| डलहौजी | 3.9 डिग्री |
| जुब्बड़हट्टी | 8.2 डिग्री |
| कुफरी | 3.5 डिग्री |
| कुकुमसेरी | 0.2 डिग्री |
| भरमौर | 1.9 डिग्री |

### चार फुट तक हुई बर्फबारी

**लाहौल-स्पीति** जिला के केलांग में डेढ़ फुट, उदयपुर में दो फुट से अधिक जबकि त्रिलोकनाथ में अढ़ाई फुट जबकि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में चार फुट तक बर्फबारी हुई है। किन्नौर जिला के छितकुल और आसरंग में दो फुट, कल्पा व सांगला में डेढ़ फुट हिमपात हुआ।

## न्यूज शॉर्ट्स

### सिसोदिया, संजय की न्यायिक हिरासत सात मार्च तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सांसद संजय सिंह को एक बार फिर कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को आबकारी नीति मामले में मनीष सिसोदिया और आप सांसद संजय सिंह की न्यायिक हिरासत पांच दिन के लिए बढ़ा दी। अब वे ईडी द्वारा जांच किए जा रहे मामले में सात मार्च तक जेल में रहेंगे। अदालत ने हाल ही में सिसोदिया को अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए तीन दिन की अंतरिम जमानत दी थी। उत्पाद नीति मामले की जांच ईडी और सीबीआई दोनों कर रही है।

### बैंकॉक से आया 79 लाख का सोना कस्टम ने पकड़ा

**नई दिल्ली।** कस्टम की टीम ने दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गोल्ड तस्करी के एक मामले का खुलासा किया है। इस मामले में एक हवाई यात्री को पकड़ा है, जिसके पास से लाखों की कीमत का गोल्ड बिस्किट बरामद किया गया है जिसकी कीमत 79 लाख से ज्यादा बताई जा रही है। कस्टम प्रवक्ता ने बताया यह भारतीय हवाई यात्री बैंकॉक से आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचा था।

### तमिलनाडु में 180 करोड़ की मेथामफेटामाइन जब्त

**मदुरै/चेन्नइ।** तमिलनाडु में राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने मदुरे में एक रेल यात्री और चेन्नई में एक 'डंपयार्ड' से कुल 36 किलोग्राम मादक पदार्थ मेथामफेटामाइन बरामद किया। डीआरआई ने इस सिलसिले में दंपती को हिरासत में ले लिया है। मदुरै रेलवे स्टेशन पर एक यात्री से 30 किलोग्राम और चेन्नई में कोडुंगैयूर डंपयार्ड से छह किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया गया। इसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 180 करोड़ रुपए है।

### झारखंड में स्पेन की महिला पर्यटक से सामूहिक दुष्कर्म

**दुमका।** झारखंड के दुमका जिले में शुक्रवार देर रात स्पेन की महिला पर्यटक के साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ। 28 वर्षीय पीड़िता और उसके पति ने दिन में बाइक राइडिंग की। रात होने पर शहर से दूर एक शांत स्थान पर टेंट लगाकर सो गए। कुछ समय बाद महिला टेंट से बाहर निकली तो उसे छह-सात लोगों ने दबोच लिया और कुछ दूर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला ने पति को आपबीती सुनाई।

## टॉप स्टोरीज

हिमाचल के एथलीट स्वीडन में दिखाएंगे दम खम ...पेज 3
बंजर खेत में औषधीय पौधों से आर्थिकी में हुआ सुधार ...पेज 4
टांडा में जिंदगी के लिए जूझ रहा राजेश, दिमाग के हुए दो ऑपरेशन ...पेज 6

# सुक्खू सरकार में नौकरियों की बहार

## पशुपालन विभाग में भर्ती होंगे 1000 मल्टी टास्क वर्कर्स, लेफ्ट आउट पीटीए टीचर्स होंगे रेगुलर

अरविंद शर्मा, शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग में 1000 मल्टी टास्क वर्कर्स के पदों पर भर्ती की मंजूरी दी गई। पशुपालन विभाग में मल्टी टास्क वर्कर्स पशु चिकित्सा अधिकारियों का सहयोग करेंगे। लेफ्ट आउट पीटीए टीचर्स को भी रेगुलर करने का निर्णय लिया गया।

कैबिनेट में लिए निर्णय के अनुसार, जिन टीचरों को सरकार से ग्रांट इन एड मिल रही है, उन्हें रेगुलर किया जाएगा। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कैबिनेट फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि मंत्रिमंडल ने फिर से शराब के ठेकों की नीलामी करने की मंजूरी प्रदान की है।

पिछले साल भी सरकार ने शराब के ठेकों की नीलामी की थी। इससे इनकम में लगभग 40 प्रतिशत इजाफा हुआ था। (अनंत ज्ञान)

कैबिनेट मीटिंग



शिमला में शनिवार को कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, साथ हैं कैबिनेट मंत्री।

### ये मेले होंगे राज्य स्तरीय

**कैबिनेट** ने लिदवड़, सल्याणा, हरोली, घुमारवीं मेलों को जिला से राज्यस्तरीय दर्जा देने और सांगला, भराड़ी, नगरोटा व कहलू महाराज मेले को जिला स्तरीय करने की मंजूरी दी। साथ ही डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री के गृह क्षेत्र हरोली में 50 बिस्तर वाले अस्पताल को 100 बेड करने का निर्णय लिया गया। कैबिनेट ने 15 स्कूलों को भी अपग्रेड करने की हरी झंडी दी है।

### नादौन, हरोली को पीडब्ल्यूडी डिवीजन

कैबिनेट ने हरोली और नादौन में दो पीडब्ल्यूडी डिवीजन खोलने की मंजूरी दी। जल शक्ति विभाग के चुवाड़ी, जयसिंहपुर, कसौली और ज्वालामुखी में डिवीजन खोले जाएंगे। ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र में राजकीय माध्यमिक विद्यालय बंगाल चौकी, थरांगन, सलिहार, बोहन भट्टी, देहरियां, जयसिंहपुर में चन्द्रौण, चंबा में फगोट, जोलना, रंग, भराड़ी, मथोलु, शिमला के ठियोग में कराणा को अपग्रेड करने का फैसला लिया।

### कर्मचारियों का चार फीसदी बढ़ा डीए

रविंद्र जस्टा, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश में चल रहे राजनीतिक संकट के बीच हिमाचल प्रदेश के कर्मचारियों के लिए सुक्खू सरकार ने तोहफा दिया है। प्रदेश के कर्मचारियों को सरकार ने चार फीसदी डीए देने का ऐलान कर दिया है।

हिमाचल कैबिनेट की बैठक के बीच सरकार ने बाकायदा इसकी नोटिफिकेशन भी जारी कर दी है। यह चार फीसदी डीए अप्रैल माह से मिलेगा, जो मई की सैलरी में देय होगा। इससे राज्य के 2.66 लाख कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

पहली जुलाई के बाद का एरियर खाते में डाला जाएगा, इसके लिए अलग से आदेश जारी होंगे। (अनंत ज्ञान)

### ...और अब शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर भी कैबिनेट मीटिंग छोड़ गए बाहर, मनाकर लाए मुकेश

**शिमला।** सुक्खू सरकार में अभी भी सियासी संकट नहीं टला है। अभी भी कुछ मंत्री नाराज दिख रहे हैं। शनिवार को भी सचिवालय में कैबिनेट बैठक से शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर नाराज होकर बाहर चले गए। इसके बाद उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री उन्हें वापस लेकर आए। आखिर हुआ क्या, यह तो पता नहीं चल सका, लेकिन रोहित ठाकुर इस दौरान कुछ इमोशनल दिखे। बताया जा रहा है कि हिमाचल प्रदेश सचिवालय में चल रही कैबिनेट बैठक में से एक-एक मंत्री उठकर बाहर जाने लगे। कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी सबसे पहले कैबिनेट छोड़कर निकले। उसके बाद रोहित ठाकुर गुस्से से बाहर निकले। हालांकि कैबिनेट की बैठक में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चैहान व लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह मौजूद नहीं रहे, लेकिन सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि जो मंत्री कैबिनेट की बैठक में उपस्थित थे उनमें से भी कुछ नाराज दिखे। इन दिनों कांग्रेस पार्टी में चल रहे घमासान से अब सरकार गिरने पर भी संकट आ सकता है। छह बागी विधायक पहले ही चले गए हैं।

### भवानी सिंह पठानिया बने स्टेट प्लानिंग बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन




**शिमला।** फतेहपुर के विधायक भवानी सिंह पठानिया को हिमाचल प्रदेश स्टेट प्लानिंग बोर्ड का डिप्टी चेयरमैन लगाया गया है। राज्य सरकार द्वारा इस बाबत शनिवार शाम के समय अधिसूचना जारी कर दी गई है। भवानी सिंह पठानिया को डिप्टी चेयरमैन की तैनाती के साथ कैबिनेट रैंक दिया गया है। सियासी हलचल के बीच प्रदेश सरकार द्वारा यह दूसरी चुनौती दी गई है।

### भारत के शास्त्रीय नर्तक की अमेरिका में गोली मारकर हत्या

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में भारतीयों और भारतीय-अमेरिकी पर हुए एक और हमले में 34 वर्षीय एक शास्त्रीय नर्तक की मिसौरी के सेंट लुइस में गोली मारकर हत्या कर दी गई। कुचीपुड़ी एवं भरतनाट्यम नर्तक अमरनाथ घोष को सेंट लुइस एकेडमी और सेंट्रल वेस्ट इंड इलाके की सीमा के निकट कई गोलियां मारी गईं। उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### शहबाज का दूसरी बार पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनना तय



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के शीर्ष नेता शहबाज शरीफ का चुनावों में धांधली के आरोपों और लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था तथा सुरक्षा चुनौतियों के बीच रविवार को देश का 33वां प्रधानमंत्री बनना तय है।

पीएमएल-एन तथा पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के संयुक्त उम्मीदवार शहबाज ने अपना नामांकन सौंप दिया है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के उनके प्रतिद्वंद्वी उमर अयूब खान ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। शहबाज ने अप्रैल 2022 से अगस्त 2023 तक प्रधानमंत्री के रूप में एक गठबंधन सरकार का नेतृत्व किया।

## बिहार को पीएम मोदी ने दी 48,000 करोड़ की सौगात

एजेंसी, औरंगाबाद

पूरे 20 महीने बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बिहार दौरे के तहत औरंगाबाद के बाद बेगूसराय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बिहार के लिए 48,000 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ, उद्घाटन और लोकार्पण किया। इसके अलावा पीएम मोदी ने एक लाख 62 हजार करोड़ की 45 परियोजनाओं का उद्घाटन बटन दबाकर किया। इससे पहले औरंगाबाद में पीएम मोदी ने 21 हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण, और शुभारंभ किया। साथ ही विपक्ष पर निशाना साधा। पीएम ने कहा कि अभी राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। स्वभाविक है कि सबसे ज्यादा खुशी बिहारवासियों को हुई होगी। बिहार में डबल इंजन की सरकार अब विकास की रफ्तार पकड़ चुकी है। अब बिहार को लूटने का सपना देखने वालों के चेहरे पर हवाइयां उड़ रही हैं।

मैंने तो सांसद में कहा था कि सब भाग रहे हैं। अब कुछ लोग लोकसभा चुनाव लड़ना नहीं चाह रहे हैं। वह राज्यसभा की सीटें खोज रहे हैं। बिहार का विकास ही मोदी की गारंटी है। लालू का नाम लेकर उन्होंने कहा कि रेलवे के संसाधन लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ी। नौकरी के नाम पर युवाओं की जमीनें हड़प लीं। इससे पहले पीएम मोदी नीतीश कुमार के साथ एक ही हेलिकॉप्टर से गया से औरंगाबाद पहुंचे थे।

# लोस चुनाव : भाजपा ने पहली लिस्ट में दिए 195 टिकट, पीएम मोदी फिर वाराणसी से

### लिस्ट में 28 महिलाएं, 27 एससी, 18 एसटी व 57 ओबीसी के नाम

एजेंसी, नई दिल्ली

भाजपा ने लोकसभा चुनावों के लिए अपनी पहली लिस्ट जारी कर दी है। शनिवार शाम को 16 राज्य और 2 केंद्र शासित प्रदेशों से 195 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की जिसमें 34 केंद्रीय मंत्रियों को टिकट मिला है। वहीं, सूची में 28 महिलाएं, 27 एससी, 18 एसटी, 57 ओबीसी नाम हैं। प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी, अमित शाह गांधीनगर, राजनाथ सिंह लखनऊ से चुनाव लड़ेंगे।



नरेंद्र मोदी
वाराणसी



अमित शाह
गांधीनगर



राजनाथ सिंह
लखनऊ

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज को विदिशा से, असम के पूर्व सीएम सर्वानंद सोनोवाल को डिब्रूगढ़ से टिकट मिला है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला अपनी सीट कोटा से फिर मैदान में होंगे। पार्टी ने सिर्फ एक मुस्लिम उम्मीदवार डॉ. अब्दुल सलाम को केरल के मलप्पुरम से प्रत्याशी बनाया है।

### किसे कहां से टिकट

- नई दिल्ली से बांसुरी स्वराज
- उत्तर पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी
- उधमपुर से जितेंद्र सिंह
- बीकानेर से अर्जुन राम मेघवाल
- चुरू से देवेंद्र झाझरिया
- सीकर से स्वामी सुमेधानंद सरस्वती
- अलवर से भूपेंद्र यादव
- भरतपुर से रामस्वरूप कोली
- नागौर से ज्याति मिर्धा
- जोधपुर से गजेंद्र सिंह शेखावत
- टिहरी गढ़वाल से माला राज्य लक्ष्मी
- मथुरा से हेमा मालिनी
- अमेठी से स्मृति ईरानी

**रिपोर्ट** अमेरिकी थिंक टैंक ब्रुकिंग्स का दावा, 30 की जगह 11 साल में हुआ कमाल

# देश में अब 'महागरीबी' पूरी तरह से हुई खत्म

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत से 'महागरीबी' अब आधिकारिक तौर पर खत्म हो चुकी है। अमेरिकी थिंक टैंक ब्रुकिंग्स ने अपनी हालिया रिपोर्ट में यह बात कही। रिपोर्ट में कहा कि भारत में गरीब आबादी की संख्या निरंतर कम हो रही है और अब देश से 'महागरीबी' पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। पहले 30 साल में इस तरह की प्रगति देखने को मिलती थी लेकिन अब यह पिछले 11 सालों में हासिल की जा चुकी है।

रिपोर्ट में घरेलू खपत में भारी वृद्धि का हवाला दिया जिसमें कहा गया है कि यह निष्पक्ष तरीके से योजनाओं को लागू करने की सरकार की मजबूत नीति का परिणाम है, जिससे पिछले दशक में भारत में मजबूत समावेशी विकास हुआ है।



### शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में असमानता की गिरावट बड़ी

आंकड़ों में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में असमानता की बड़ी गिरावट भी देखी गई है। शहरी गिनी इंडेक्स 36.7 से घटकर 31.9 हो गया और ग्रामीण गिनी इंडेक्स 28.7 से घटकर 27.0 हो गया।

### गरीबी रेखा के नीचे की संख्या घटी

**सरकार** द्वारा आबादी के लगभग दो-तिहाई लोगों को दिए जाने वाले मुफ्त भोजन और सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं शिक्षा के उपयोग को इस आंकड़े में शामिल नहीं किया गया है। विश्व बैंक के अनुमानों की तुलना में भारत में गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों की संख्या काफी कम है।

### 2011-12 की तुलना में दोगुना हुआ प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू खर्च

बता दें कि भारत ने हाल ही में 2022-23 के लिए अपना आधिकारिक उपभोग व्यय डेटा जारी किया है। इन आंकड़ों से पिछले 10 वर्षों में भारत की गरीबी को लेकर अनुमान मिलता है। राष्ट्रीयय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) के ताजा अध्ययन के मुताबिक, देश में परिवारों का प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू खर्च 2011-12 की तुलना में 2022-23 में दोगुना से अधिक हो गया है।

### भारत में अत्यधिक अमीरों की संख्या 2023 में छह प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट में एक बड़ा खुलासा हुआ है। भारत में अत्यधिक अमीर व्यक्तियों की संख्या बीते साल यानी 2023 में सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़कर 13,263 हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार देश में बढ़ती समृद्धि के कारण वेरी हाई नेटवर्थ वाले व्यक्तियों की संख्या 2028 तक बढ़कर करीब 20,000 हो जाएगी।

आर्थिक सुस्ती के बीच घटती महंगाई और ब्याज दरों में कटौती के अनुमान से भारतीय अर्थव्यवस्था की ग्रोथ में तेजी बनी रहेगी। इस तेजी का फायदा सभी के साथ अमीर भारतीयों को भी मिलेगा और उनकी संपत्ति में भी इससे बढ़ोतरी होगी।

## गूगल की बड़ी कार्रवाई, प्ले स्टोर से हटाए 10 भारतीय मोबाइल ऐप

एजेंसी, नई दिल्ली

गूगल ने भारत में बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 भारतीय मोबाइल ऐप्स को अपने प्ले स्टोर से हटा दिया है। गूगल ने यह कार्रवाई शुल्क विवाद को लेकर की है। गूगल ने कहा कि इन एप्स के डेवलपर्स बिलिंग पॉलिसी को नहीं मान रहे थे। कई बार इन्हें चेतावनी दी गई थी, उसके बाद यह कार्रवाई हुई है।

गूगल ने कहा कि दो लाख से अधिक भारतीय डेवलपर्स गूगल प्ले स्टोर का इस्तेमाल कर रहे हैं। सभी डेवलपर्स के लिए एक ही पॉलिसी है, लेकिन कुछ डेवलपर्स इसे मानने के लिए तैयार ही नहीं हैं। गूगल ने यहां तक कहा है कि जिन एप्स को प्ले स्टोर से हटाया गया है वे दूसरे ऐपस्टोर की पॉलिसी तो मान रहे हैं लेकिन गूगल की पॉलिसी से उन्हें दिक्कत है।

शुल्क विवाद लंबे समय से चल रहा है। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में भी अपील की गई थी कोर्ट ने मामले में दखल देने से इनकार कर दिया।





### गूगल ने दिए ऑप्शन

डेवलपर्स अपने पेड कंटेंट के लिए गूगल प्लेस्टोर के अलावा किसी अन्य एप स्टोर से पेमेंट ले सकते हैं या फिर खुद अपनी साइट से ही पेमेंट ले सकते हैं, लेकिन यदि गूगल प्लेस्टोर पर एप है और वह पेड सर्विस दे रहा है तो गूगल को पैसे देने होंगे।

# आजादी के बाद हिमाचल का पहला कॉलेज मंडी में खुला, बिजे हाई स्कूल में लगती थी कक्षाएं

**अनिल शर्मा, मंडी**

मुगलों और अंग्रेजों की कलुषित छत्र से आजाद होने के उपरांत बदलते भारत को बदलती शिक्षा पद्धति की जरूरत भी महसूस होने लगी और देशभर में आधुनिक कॉलेज खुलने लगे। आज हम तीसरी कड़ी में मंडी कॉलेज के खुलने की महत्वपूर्ण जानकारी अनंत ज्ञान के प्रबुद्ध पाठकों के सामने रख रहे हैं। विनोद बहल और डॉ. पवन वैद्य द्वारा छोटी काशी का इतिहास संजोने के लिए संचालित मंडी पीडिया डॉट कॉम से 91 वर्षीय मनोहर लाल गुप्ता की बातचीत स्वरूप लेख प्रस्तुत कर रहे हैं।

बात उन दिनों की है जब हिमाचल प्रदेश के अस्तित्व में आने पर अंग्रेजी नगरी धर्मशाला में एकमात्र इंटरमीडिएट कॉलेज था। इसके अलावा प्रदेश में कहीं भी कोई कॉलेज नहीं था। ऐतिहासिक पौराणिक नगरी छोटी काशी मंडी में 15 अप्रैल 1948 को वल्लभ महाविद्यालय खोलने की घोषणा की गई, लेकिन कॉलेज का अपना कोई भवन नहीं था। देश प्रदेश की आर्थिक स्थिति बहुत ही कमजोर थी। ऐसी स्थिति में स्थानीय प्रशासन ने निर्णय लिया कि बिजे हाई स्कूल में इवनिंग कॉलेज शुरू किया जाए। आजादी के बाद हिमाचल में मंडी कॉलेज प्रदेश का पहला कॉलेज खुला था, जो आज भी अस्तित्व में है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात मंडी राजा की फौज के 300 सिपाही भारतीय फौज में शामिल कर लिए गए। उस समय अंग्रेजों ने राजाओं को पहले ही अपने सिपाही नियुक्त करने की अनुमति दे रखी थी। मंडी राजा ने सैनिकों के रहने के लिए पड्डल में लंबी बैरक बना रखी थी, जब वह खाली हुई तो बिजे हाई स्कूल से कॉलेज पड्डल शिफ्ट कर दिया गया। (अनंत ज्ञान)

**भाग-3**

## जीएल शर्मा थे पहले प्रिंसिपल

कॉलेज खुलने के पश्चात प्रिंस ऑफ सुकेत जीएल शर्मा को कॉलेज का प्रथम प्रिंसिपल नियुक्त किया गया। पहली एडमिशन छात्रा क्रांति गुप्ता ने ली, जिनका रोल नंबर एक था। मनोहर लाल गुप्ता ने बताया कि मेरा दो रोल नंबर था। मैं जब प्रिंसिपल के दफ्तर में गया तो उन्होंने मुझे क्लर्क की कुर्सी पर अनऑफिशियली सहायता करने के लिए बिठा दिया, क्योंकि कॉलेज में कोई स्टाफ नहीं था। मेरे बाद जो भी छात्र एडमिशन लेने आए उनकी रजिस्ट्रेशन का काम मैंने ही किया।

## एक लेक्चरर पढ़ाते थे तीन-तीन विषय

बिजे हाई स्कूल के गेट के सामने मिस्टर सेठी की बिल्डिंग थी, उसे हॉस्टल के रूप में लिया गया। बीआर भारद्वाज हॉस्टल वार्डन नियुक्त किए गए और मनोहर लाल गुप्ता को सहयोग करने के लिए कहा गया। वह उनके साथ चौहटा बाजार से हॉस्टल मैस के लिए बर्तन व चारपाई आदि खरीद लाए। पालमपुर निवासी बीआर भारद्वाज इतिहास के लेक्चरर थे और इन्होंने हिस्ट्री, इंग्लिश और इकोनॉमिक्स भी पढ़ाई। बता दें कि उन दिनों किन्नौर, कुल्लू व आसपास के लड़के पढ़ने के लिए पटियाला और होशियारपुर जाते थे और मंडी नगर के धनवान लोग अपने बच्चों को पढ़ने के लिए लाहौर भेजते थे।


मनोहर लाल गुप्ता।


क्रांति गुप्ता।



इसी भवन में हुई थी मंडी कॉलेज की शुरुआत।

## कॉलेज में दो लड़कियां और 63 लड़के थे

क्रांति गुप्ता मंडी कॉलेज की पहली छात्रा थी, जो बाद में मशोबरा में वेलफेयर विभाग के द्वारा संचालित बालिका आश्रम से बतौर सुपरिंटेंडेंट रिटायर हुई। कॉलेज के दूसरे छात्र मनोहर लाल गुप्ता सहायक आबकारी एवं कराधान अधिकारी के रूप में सेवानिवृत्त हुए थे और बाद में एक्साइज एंड टैक्सेशन कमिश्नर व टैक्स ट्रिब्यूनल शिमला में आबकारी मामलों की वकालत करते रहे। कॉलेज में उस समय 65 लड़के व लड़कियां 11वीं कक्षा में पढ़ते थे, जिनमें केवल दो लड़कियां थी। उनमें से एक क्रांति गुप्ता और दूसरी गोहर निवासी नागेश्वरी थी। नागेश्वरी बाद में ज्वाइंट डायरेक्टर सेकेंडरी एजुकेशन के पद पर से रिटायर हुई थीं। लड़कों की उनसे बात करने की हिम्मत नहीं होती थी। सर्दियों में जब लड़कियां धूप में बैठती थी, तो लड़कों की उनसे बात करने की हिम्मत नहीं होती थी।

## न्यूज ब्रीफ

### पंचायत स्तर का आंदोलन स्थगित

**सरकाघाट।** भूपेंद्र सिंह ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बोर्ड का सारा काम पिछले 14 महीनों से लगभग बंद पड़ा हुआ है, जिसके खिलाफ मजदूर यूनियनें संयुक्त रूप में सरकार और बोर्ड के खिलाफ कई बार सड़कों पर उतर कर आंदोलन भी कर चुकी है और मुख्यमंत्री से भी मिल चुकी हैं, लेकिन कार्य बहाल नहीं किया गया। पांचों यूनियनों के पदाधिकारियों व बोर्ड सदस्यों ने बैठक करके बोर्ड व सरकार के खिलाफ बनी संयुक्त ट्रेड यूनियन संघर्ष समिति द्वारा तीन मार्च से पंचायत स्तर पर छेड़े जाने वाले अभियान और आंदोलन को 10 दिनों के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया। इस दौरान भी मुख्यमंत्री ने फैसला नहीं लिया तो उसके बाद संघर्ष तेज किया जाएगा।

### एकादश रुद्र मंदिर में अखंड जाप शुरू



**मंडी।** छोटी काशी मंडी के एकादश रुद्र मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर शनिवार से डीसी मंडी अपूर्व देवगन द्वारा अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई। बता दें कि अखंड ज्योति के प्रज्वलित करते ही पंचाक्षरी मंत्र का अखंड जाप शुरू हो जाता है। यह जाप दिन रात चलता रहता है। पुजारी सत सुंदरम ने बताया कि 8 मार्च को रुद्राभिषेक, हवन, शिव का विशेष शृंगार और धूना जलाना, आरती और भजन कीर्तन किया जाएगा। नौ मार्च को भंडारे का आयोजन होगा।

### करसोग में वन-वे ट्रैफिक सिस्टम लागू

**करसोग।** करसोग बाजार में बढ़ती यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने और आमजन की सुरक्षा के दृष्टिगत करसोग उपमंडल प्रशासन ने जनहित में करसोग बाजार में यातायात व्यवस्था को साफ मौसम के दौरान वन-वे करने के निर्देश जारी किए हैं। एसडीएम करसोग नरेंद्र सिंह की ओर से जारी आदेशों में कहा गया है कि सभी प्रकार के भारी वाहनों की आवाजाही गैस एजेंसी गोदाम, गांव न्यारा से इमला खड्ड बरल पुल करसोग बाईपास रोड से संचालित होगी। उन्होंने कहा है कि करसोग बाजार में नगर पंचायत द्वारा नालियों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस ड्रेनेज सिस्टम के बनने के पश्चात भी करसोग बाजार, भारी वाहनों की आवाजाही के लिए केवल रात्रि के समय सायं सात बजे से सुबह सात बजे तक खुला रहेगा। उन्होंने कहा कि दिन के समय सभी प्रकार के भारी वाहनों की आवाजाही बाईपास रोड से ही मान्य होगी।

### महिलाओं को दिए सब्जी उत्पादन के टिप्स

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर विकास खंड के तहत आने वाले महिला मंडल सलवाना को कृषि विज्ञान केंद्र सुंदरनगर के वैज्ञानिक डॉ. कविता व डॉ. कल्पना द्वारा महिलाओं को सब्जियों के उत्पादन व आचार आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता प्रधान दानावती ठाकुर ने की। इसमें सब्जियों का उत्पाद कर के जैम, चटनी, चुख आदि बनाने की प्रक्रिया को समझाया गया।


मातृवंदना संस्थान शिमला के सौजन्य से मंडी विभाग में 1990 व 1992 के कार सेवकों के सम्मान के लिए आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित कार सेवक एसपीयू की प्रति कुलपति अनुपमा सिंह के साथ सामूहिक चित्र में।

### युवाओं को सशक्त बना रहा आईआईटी मंडी

**मंडी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी (आईआईटी) ने हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के सहयोग से अपने 10वें कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसका उद्देश्य मशीन लर्निंग में आवश्यक कौशल के साथ हिमाचल प्रदेश के युवाओं को सशक्त बनाना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिमाचल के विभिन्न जिलों के 54 उत्साही युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम की पूरी अवधि के दौरान प्रतिभागियों को मशीन लर्निंग में व्यावहारिक ज्ञान और कौशल से लैस करने के लिए डिजाइन किया गया एक व्यापक पाठ्यक्रम पढ़ाया गया। मशीन लर्निंग, उन्नत कृत्रिम बुद्धिमत्ता का एक उपसमूह, चौथी औद्योगिक क्रांति की आधारशिला के रूप में उभर रहा है, जिसे उद्योग 4.0 के रूप में भी जाना जाता है। भारत में एमएल पेशेवरों की मांग तेजी से बढ़ रही है, जिससे देश के मजबूत आईटी और सॉफ्टवेयर सेवा क्षेत्र से बढ़ावा मिला है।

# पंडोह में मिलेगी योग व पंचकर्म की सुविधा

## 22.5 करोड़ से निर्मित क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान के नवनिर्मित मुख्य भवन का लोकार्पण

- केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री डॉ. मुंजपरा महेंद्रभाई ने किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री डॉ. मुंजपरा महेंद्रभाई कालूभाई ने शनिवार को क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान पंडोह के नवनिर्मित मुख्य भवन, योग व पंचकर्म भवन तथा नौ पंचकर्म संकुल का लोकार्पण किया। इनके निर्माण पर 22.5 करोड़ रुपए की राशि व्यय हुई है।

उन्होंने कहा कि इस भवन के लोकार्पण से जहां स्थानीय लोगों के लिए उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी, वहीं अनेक प्रकार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। आयुर्वेद के अनुसंधान के क्षेत्र में यह संस्थान उत्कृष्ट कार्य करेगा। इससे आयुर्वेद के महत्वपूर्ण सिद्धांतों को आधुनिकता और सुगमता के साथ जोड़ने का संकल्प पूरा होगा। हिमाचल प्रदेश के नागरिक आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति, पंचकर्म चिकित्सा एवं योग द्वारा लाभान्वित होंगे।

वहीं अन्य प्रदेशों एवं विदेशों से आने वाले पर्यटक भी मेडिकल वैल्यू ट्रैवल के माध्यम से पंचकर्म एवं योग के द्वारा स्वास्थ्य लाभ ले सकेंगे। आयुष राज्य मंत्री ने इस मौके पर क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, रानीखेत, उत्तराखंड में 7.87 करोड़ की लागत से बनने वाले स्टाफ क्वार्टर एवं गेस्ट हाउस का वर्चुअल शिलान्यास भी किया। आयुष मंत्री ने बताया कि रानीखेत संस्थान का गेस्ट हाउस विभिन्न सम्मेलनों, सेमिनारों और कार्यशालाओं आदि में भाग लेने वाले मेहमानों, आगंतुकों और संसाधन व्यक्तियों के लिए बोर्डिंग और आवास की सुविधाएं प्रदान करेगा। यह बुनियादी ढांचा निश्चित रूप से संस्थान की आगामी गतिविधियों पर एक बड़ा प्रभाव डालेगा। परिषद के महानिदेशक, प्रो. (वैद्य) रबिनारायण आचार्य और भूतपूर्व कुलपति, प्रो. (वैद्य) करतार सिंह धीमान ने कहा कि वर्ष 1970 में सीसीआरएएस की एक छोटी सी सर्वेक्षण इकाई के रूप में जोगिंद्रनगर में आरंभ की गई। वर्ष 1999 में इसे क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान का दर्जा प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर विधायक अनिल शर्मा, नगर परिषद मंडी के महापौर विरेंद्र भट्ट, श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र हरियाणा के कुलपति प्रो. (वैद्य) करतार सिंह धीमान, महानिदेशक सीसीआरएएस प्रो. (वैद्य) रबिनारायण आचार्य, उपनिदेशक (प्रशासन) केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली दीपक कोचर, सहायक निदेशक प्रभारी आरएआरआई पंडोह डॉ. राजेश संड, ग्राम पंचायत सियोगी की प्रधान बीना देवी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।


क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान पंडोह के नवनिर्मित मुख्य भवन का उद्घाटन करते गणमान्य।

## प्राकृतिक खेती के बारे में दी जानकारी

**सुंदरनगर।** कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर में परियोजना निदेशक आतमा मंडी के सौजन्य से दो दिवसीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम बारे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में चार जिलों मंडी, कुल्लू, बिलासपुर व लाहौल-स्पीति के 61 खंड तकनीकी व सहायक तकनीकी प्रबंधकों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर प्रधानाचार्य डॉ. प्राची, उपप्रधानाचार्य तथा सभी प्रशिक्षण अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी व प्रसार अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सम्यवक डॉ. हितेंदर सिंह द्वारा प्राकृतिक खेती की अवधारणा, उपपरियोजना निदेशक डॉ. जगदीश कुमार द्वारा सुभाष पालेकर प्राकृतिक खेती के तहत कृषि अनुसंधान विश्लेषण के प्रमाणित मूल्यांकन उपकरण का प्रमाणीकरण, डॉ. देशराज रिटायर्ड परियोजना निदेशक आतमा द्वारा प्राकृतिक खेती की रणनीतियों और अवलोकन का दर्शन, नीति और सिद्धांत, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, लाभकारी मोक्रोबों और मिट्टी की नमी संरक्षण प्रथाओं से समृद्ध मिट्टी को बनाए रखना बारे चर्चा की गई। प्राकृतिक खेती उत्पादक कंपनी सुंदरनगर के सीईओ कुमारी समीक्षा चौहान द्वारा समूह की गतिशीलता, समूहों का गठन और निर्वाह, प्राकृतिक खेती में एफपीओ का महत्व और आवश्यक तौर-तरीके, प्राकृतिक खेती के अंतर्गत उत्पादों का प्रमाणीकरण एवं विपणन के बारे चर्चा की गई। इस दौरान खंड तकनीकी व सहायक तकनीकी प्रबंधकों को प्राकृतिक खेती के बारे में जागरूक किया गया और किसानों को भी जागरूक करने का आह्वान किया गया।

## कांगणी धार संस्कृति सदन के लिए चलेंगी विशेष बसें

**मंडी।** कांगणी धार संस्कृति सदन मोतीपुर के लिए शिवरात्रि से संबंधित आयोजनों नाट्य व शास्त्रीय संगीत संध्याओं के दौरान विशेष बसें संचालित की जाएंगी। इस आशय की अधिसूचना क्षेत्रीय प्रबंधक नरेंद्र कुमार द्वारा जारी की गई है। अधिसूचना के अनुसार पांच, छह व सात मार्च को बस अड्डा मंडी से संस्कृति सदन मोतीपुर तक के लिए छोटी बसें अड्डे के प्रवेश द्वार पर उपलब्ध रहेंगी। बता दें कि इन बसों के लिए कोई टाइमिंग निर्धारित नहीं की गई है, जैसे ही सवारियां भर जाएंगी तो बस चल पड़ेगी।

## पंचायत सचिव पर हमले का आरोपी किया जाए गिरफ्तार

**सरकाघाट।** मंडी जिले के सरकाघाट उपमंडल की ग्राम पंचायत झंझैल के पंचायत सचिव पर किए गए जानलेवा हमले के उपरांत पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई से असंतुष्ट पंचायत सचिव यूनियन सरकाघाट ने एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने आरोप लगाया कि शुक्रवार को पंचायत सचिव झंझैल अपने कार्यालय में सरकारी काम को निपटा रहा था। इस दौरान वहां पर सतीश कुमार आया और उसने सचिव पर ताबड़तोड़ हमला किया, लेकिन वह अभी तक खुलेआम घूम रहा है। उसने यह हमला पंचायत सचिव को जान से मारने के लिए किया था, लेकिन वह बच गए उन्हें दो घंटे बाद होश आया और उनके सिर पर आठ टांके लगे हैं। इतना होने के बावजूद पुलिस द्वारा हमलावर को बचाया जा रहा है और उसके ऊपर जो धाराएं लगाई गई है वे भी नाम मात्र की हैं, जबकि हमलावर का उद्देश्य सचिव को जान से मारने का था और इसी धारा के तहत हमलावर पर केस दर्ज होना और उसे तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और वह खुलेआम घूम रहा है। उन्होंने कहा कि यूनियन दो दिन का समय दे रही है अगर हमलावर को गिरफ्तार नहीं किया गया तो यूनियन सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## मंडी में लिटरेचर फेस्टिवल में जुटेंगे साहित्य और कला क्षेत्र के दिग्गज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी शिवरात्रि महोत्सव में किए जाने वाले विविध सांस्कृतिक आयोजनों में इस दफा एक नया आयाम जोड़ा गया है। इसमें पहली बार 'लिटरेचर फेस्टिवल' का भी आयोजन किया जा रहा है।

मंडी लिटरेचर फेस्टिवल-2024 के नाम से छह से सात मार्च को होने जा रहे इस आयोजन के लिए देशभर से साहित्य-कला क्षेत्र के दिग्गज मंडी में जुटेंगे। इसे लेकर मंडी जिला प्रशासन की तैयारियां जोरों पर हैं।

यह जानकारी उपायुक्त अपूर्व देवगन ने दी। उन्होंने बताया कि यह दो दिवसीय आयोजन सरदार पटेल विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में होगा। फेस्टिवल का आगाज छह मार्च को प्रात: साढ़े 10 बजे होगा। उन्होंने बताया कि फेस्टिवल में साहित्य-कला क्षेत्र के दिग्गजों के साथ नवोदित और प्रतिभाशाली लेखक-कलाकार-कवि शामिल होंगे। इस दौरान हिमाचल तथा मंडी से संबंध रखने वाले नामचीन साहित्यकार भी आकर्षक चर्चा सत्रों में भाग लेंगे।

### अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर ने की बैठक

मंडी लिटरेचर फेस्टिवल-2024 की रूपरेखा पर चर्चा तथा विचार विमर्श करने के लिए अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर ने शनिवार को मंडी के वरिष्ठ लेखकों तथा कलाविदों के साथ बैठक की। उन्होंने कि साहित्य तथा संस्कृति को समर्पित इस आयोजन में मनोरंजन, प्रेरणा और शिक्षा का समन्वय होगा। इसमें प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा क्रिएटिव राइटिंग, फोटोग्राफी पर कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने इसके सफल आयोजन में सभी से सक्रिय सहयोग का आग्रह किया। दो दिवसीय मंडी लिटरेचर फेस्टिवल-2024 में देश के प्रख्यात साहित्यकार के साथ हिमाचल विशेषकर मंडी के प्रसिद्ध लेखक तथा कला मर्मज्ञ चर्चा सत्रों में हिस्सा लेंगे। इस मौके वे अपने व्याख्यानों के जरिए भी अपना अनुभव व ज्ञान साझा करेंगे।

## मंडी के घंटाघर में कल खुलेगा बुक कैफे

**मंडी।** नगर निगम मंडी द्वारा इंदिरा मार्केट के मध्य में स्थित घंटाघर में बुक कैफे की स्थापना की जा रही है। सोमवार को 11 बजे मेयर वीरेंद्र भट्ट शर्मा इसका विधिवत उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी डिप्टी मेयर माधुरी कपूर ने दी। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक व साहित्यिक राजधानी मंडी में लंबे समय से यह मांग चल रही थी। बता दें कि यहां पर पहले जिला साक्षरता समिति द्वारा लंबे समय तक निशुल्क व स्वयंसेवी आधार पर बाल पुस्तकालय संचालित किया गया था जो बाद में बंद कर दिया गया था। उससे पहले भी नगर पालिका द्वारा समाचार पत्र वाचनालय के रूप में संचालन होता रहा है।

## देवी-देवताओं के ठहरने को लेकर संयुक्त निरीक्षण


व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते एसडीएम व सर्व देवता कमेटी के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

एसडीएम मंडी ओमकांत व सर्व देवता कमेटी द्वारा शहर का संयुक्त निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाशिवरात्रि महोत्सव के दौरान देवी-देवताओं के ठहरने बारे स्थान सुनिश्चित किए गए। इसमें राजा माधव राय, बाबा कोट, राजा का बेहडा, ब्वायज स्कूल, गर्ल्स स्कूल, त्रिलोकीनाथ मंदिर, भीमा काली, देवी सदन आदि में व्यवस्थाएं खंगाली गई। यहां साफ सफाई और बिजली पानी की व्यवस्था करने के सख्त निर्देश दिए गए।

# महाशिवरात्रि उत्सव में शामिल होंगे देवता अनंत बालू नाग

**नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी**

पूर्व में मंडी रियासत के समय अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव में निरंतर शामिल होने वाले 4 बढ़ 2 राज यानी दो रियासतें और चार पुर के आराध्य देवता देव श्री अनंत बालूनाग इस बार महाशिवरात्रि उत्सव में शामिल होंगे।

देवता के कारदार ख्याली शर्मा ने बताया कि पांच मार्च को देवरथ अपने लाव लश्कर के साथ शुरागी पहुंचेगा और छह मार्च को देवता शुरागी से मंडी के लिए प्रवास करेंगे। इस दौरान देवता मंडी स्थित चामुंडा मंदिर में श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। देव समाज के जानकार जगत मेहता ने बताया कि पूर्व में बालू नाग का संपूर्ण क्षेत्र मंडी रियासत का हिस्सा था और वर्ष 1880 तक देवता नियमित रूप से महाशिवरात्रि उत्सव में भाग लेते रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भी देवता का मूल स्थान खुहण (बालीचौकी) में है और देवता बालूनाग के नाम में आज भी बालीचौकी के खनेठी और खुहण में जमीन है, जो राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है।

वर्तमान में बालूनाग को 4 बढ़ 2 राज का देवता माना जाता है। आज भी अनंत बालूनाग के मंडी सराज के प्रमुख देवताओं के साथ हारगी उत्सव होते हैं, जिनमें बड़ा देव मतलोड़ा, महादेव चुन्जवाला, देव तुंगासी व कमरूनाग शामिल हैं। बहरहाल अनंत बालूनाग के महाशिवरात्रि महोत्सव में शामिल होने की देव समाज में व्यापक चर्चा है। (अनंत ज्ञान)


देवता श्री अनंत बालूनाग।

**ट्रेनिंग** पधर में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न, प्रमाण पत्र दिए

# 110 स्वयंसेवी शिक्षकों ने सीखे शिक्षण के गुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा नव भारत साक्षरता कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसके तहत शिक्षा खंड द्रंग-दो में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हो गया।

कार्यक्रम में खंड के करीब 110 स्वयंसेवी शिक्षकों ने हिस्सा लिया और शिक्षण के गुर सीखे। अब ये स्वयंसेवी शिक्षक असाक्षर लोगों में शिक्षा की अलख जगाएंगे। समापन अवसर पर कार्यक्रम की जिला नोडल अधिकारी आशा राणा ने विशेष रूप से शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षर लोगों को आधारभूत भाषा एवं संख्या का ज्ञान देने के साथ-साथ वित्तीय साक्षरता सहित निर्धारित पांच माडयुल का ज्ञान प्रदान करना है।

उन्होंने कहा कि देश में अभी भी करीब 17 करोड़ लोग शिक्षा से वंचित रह गए हैं। उन्होंने स्वयंसेवी शिक्षकों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के असाक्षर लोगों को साक्षर बनाने में अपना सक्रिय योगदान दें। इस दौरान उन्होंने स्वयंसेवी शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर भाल चंद व प्यार चंद सकलानी ने स्वयंसेवी शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया।


नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत पधर में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर स्वयंसेवी शिक्षक जिला नोडल अधिकारी आशा राणा व मास्टर ट्रेनर के साथ।

## हैप्पी बर्थडे




धर्मपुर (बनाल) के शिवाय ठाकुर को पहले जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।



डाडासीबा की पिंकी को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक



नादौन के लक्की व ममता को शादी के 12वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक बधाई।

### वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए सुरिंद्र, अश्विनी, बृजलाल, हरीश, द्वारिका व भीष्म हुए सिलेक्ट

# हिमाचल के एथलीट स्वीडन में दिखाएंगे दम खम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के छह युवा होनहार खिलाड़ियों का वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। 13 से 25 अगस्त को यह खिलाड़ी स्वीडन के गोथनबर्ग में आयोजित चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा का दम खम दिखाएंगे। 13 से 17 फरवरी 2024 को पुणे में संपन्न 44वीं राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में इन खिलाड़ियों ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए आठ पदक प्राप्त किए थे।

इस सफलता के आधार पर इन खिलाड़ियों का चयन किया गया है। मास्टर एथलेटिक्स फेडरेशन हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष रिपुदमन कौशिक ने कहा कि मास्टर्स एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया हिमाचल प्रदेश, प्रदेश का एकमात्र फेडरेशन है, जो की मास्टर्स एथेलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, एशियन मास्टर्स एथलेटिक्स और वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक्स से मान्यता प्राप्त है। हिमाचल के 30 वर्ष से अधिक आयु के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में एंट्री भेजने के लिए यह फेडरेशन अधिकृत है। यह खेल संघ मास्टर एथलीट्स को राज्य, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रदेश का नेतृत्व करने के लिए सहयोग कर रहा है।




वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए सिलेक्ट खिलाड़ी सामूहिक चित्र में।

रिपुदमन ने कहा कि सभी चयनित एथलीट खिलाड़ियों के जरूरी दस्तावेज तैयार किए गए हैं, ताकि उन की एंट्री व अन्य औपचारिकताओं को समय से पूर्ण की जा सके। फेडरेशन के सचिव भीष्म सिंह ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों के साथ मास्टर एथलेटिक्स फेडरेशन हिमाचल प्रदेश का एक प्रतिनिधि मंडल शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिलेगा और खिलाड़ियों को इस विशेष उपलब्धि के शिमला में सम्मानित भी किया जाएगा।

### 65 से ऊपर आयु वर्ग में दो एथलीट्स का चयन

**65** से ऊपर आयुवर्ग में दो एथलीट्स का चयन हुआ है। सुरेंद्र सिंह देहल, हमीरपुर (10,000 मीटर) और अश्विनी कुमार शर्मा, ऊना (1500 मीटर, 2000 मीटर स्टीपलचेज, 800 मीटर के लिए चयन हुआ है।

### 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में तीन खिलाड़ियों की सिलेक्शन

**हरीश** मंडी का ट्रिपल जंप में, द्वारिका ठाकुर कुल्लू का 1500 मीटर व 5000 मीटर में बृजलाल ठाकुर मंडी का 100 मीटर हर्डल व 300 मीटर हर्डल यानी बाधा दौड़ के लिए चयन हुआ है। वहीं, 55 से ऊपर के आयु वर्ग में भीषण सिंह चौहान, शिमला का सचिव-मास्टर्स एथलेटिक्स के लिए व डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो और शॉटपुट के लिए चयन हुआ है।

# लाहौल में 11000 फुट की ऊंचाई पर स्नो मैराथन दस मार्च को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



पर्यटन और नागरिक उड्डयन विभाग विभिन्न हितधारकों के सहयोग से राज्य में मार्च माह के मध्य तक विभिन्न साहसिक व रोमांचकारी कार्यक्रम व स्पर्धाएं आयोजित कर रहा है। इससे प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण पर्यटन स्थलों को प्रोत्साहित करने तथा राज्य में और अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी।

प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा कि लाहौल में 11000 फुट की औसत ऊंचाई पर स्नो-मैराथन का तीसरा संस्करण दस मार्च, 2024 को आयोजित किया जाएगा। इसके अंतर्गत पुरुष, महिला और जूनियर श्रेणी के लिए 42 किलोमीटर, 21 किलोमीटर, दस किलोमीटर और पांच किलोमीटर मैराथन चार प्रारूपों में आयोजित की जाएंगी। शीतकालीन रोमांच के अनुभव के लिए एक किलोमीटर की 'जॉय रेस' इस दौरान आकर्षण का केंद्र होगी। प्रवक्ता ने बताया कि किन्नौर और लाहौल-स्पीति के रमणीय जनजातीय क्षेत्रों को वैश्विक पर्यटन पटल पर लाने और पर्यटकों को शीतकालीन गतिविधियों का रोमांचकारी अनुभव करवाने के लिए मार्च माह में मैसर्ज ला हिमालय, माउंटेन गोट एक्सपीडिशन द्वारा नारकंडा, बागा सराहन, सांगला, ताबो-काजा को कवर करते हुए स्नो-ड्राइव यात्राएं आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि चार से नौ मार्च, 2024 तक पंडोआ (तत्तापानी) में एशियन राफ्टिंग चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी।

# हर घर का बिजली बिल बचाएगी सूर्यघर योजना: जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सूर्यघर योजना देश की बहुत महत्वाकांक्षी योजना है, जो हर लाभार्थी के 15 हजार से ज्यादा रुपए सीधे तौर पर बचाएगी। नेता प्रतिपक्ष



जयराम ठाकुर ने कहा कि यह योजना एक तरफ देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करेगी तो दूसरी तरफ घरेलू क्षेत्र में खर्च हो रही बिजली का इस्तेमाल अन्य विकास कार्यों में किया जाएगा, जो पर्यावरण के संरक्षण के लिहाजा से भी बेहतर कदम है।

यह योजना हर महीनें प्रत्येक लाभार्थी को 300 यूनिट से ज्यादा फ्री बिजली भी देग। यह योजना 78 हजार करोड़ की है, जिससे एक करोड़ परिवारों के छतों सोलर पैनल लगाए जाएंगे। उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा था कि जब वह अपने तीसरे कार्यकाल में होंगे तो हमारा देश दुनिया की तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में एक होगा। यह बात प्रधानमंत्री ने सोच समझ और होम वर्क करके की है। इस समय हमारे देश की ग्रोथ रेट 8.4 फीसदी से भी ज्यादा है, जो अमेरिका जैसे विकसित देशों से भी ज्यादा है। इस समय जब चीन और जापान जैसे देश आर्थिक रूप से परेशानी का सामना कर रहे हैं।

ऐसे में भारत की ग्रोथ दुनिया को चौंका रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि भारत की यह ग्रोथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वित्तीय सुधार के प्रयासों का फल है। प्रधानमंत्री द्वारा देश में निवेश का माहौल बनाने, दुनिया में भारत की बढ़ती साख के कारण ही संभव हो पाया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि भारत विकास के क्षेत्र में अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज कर रहा है। भारत में बन रहे उत्पादों की पूरी दुनिया में तेजी से मांग बढ़ रही है। वह दिन अब दूर नहीं जब भारत दुनिया की तीन बड़ी आर्थिक महाशक्ति में शामिल होगा।

# छह विधानसभा क्षेत्रों की कांग्रेस कार्यकारिणी हो सकती है भंग!

### विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय में हुड़दंगबाजी करने पर भाजपा विधायकों को हाईकमान की फटकार

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में चल रही सियासी उठा-पटक के बीच कांग्रेस आलाकमान प्रदेश में बड़े स्तर पर संगठात्मक फेरबदल कर सकता है। कांग्रेस से बागी हुए छह विधायकों के विधानसभा क्षेत्रों में विधायकों के करीबियों पर गाज गिर सकती है। कांग्रेस अलाकमान इन सभी क्षेत्रों में कांग्रेस की कार्यकारिणी को भंग करने का निर्णय ले सकती है।

दरअसल हिमाचल प्रदेश में पार्टी से बागी हुए विधायकों के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा आक्रोश देखने को मिल रहा है। कई जगह पर पार्टी कार्यकर्ताओं व बागी विधायकों के सर्मथकों में झड़प देखने को मिल रही है, जिसके बाद पार्टी अलाकमान इन छह विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी के पद पर बैठे बागी नेताओं के करीबियों को पद से हटाने की अटकलें तेज हो गई हैं, क्योंकि इन सभी विधानसभा क्षेत्रों की ब्लॉक इकाइयों में अधिकतर पदों पर विधायकों के ही करीबी बैठे हुए हैं और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस को बागी विधायकों के करीबियों से भितरघात का डर है, जिसके कारण इन सभी इकाइयों को भंग किया जा सकता है।

हालांकि पार्टी प्रदेशाध्यक्ष स्वयं सरकार से नाराज चल रही है, जिसके चलते सरकार व संगठन में तालमेल नहीं बैठा पा रही है। पार्टी प्रदेशध्यक्ष प्रतिभा सिंह नाराज बागी विधायकों की नाराजगी को सही ठहराती हुई नजर आ रही हैं। प्रतिभा सिंह की तरफ से यह भी बार-बार संकेत दिए जा रहे हैं कि कल क्या होगा यह नहीं बताया जा सकता है। ऐसे में सुक्खू सरकार पर लगातार संकट के बादल मंडरा रहे हैं।

यहां तक मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया है पांच साल सरकार को चलाएंगे। अब सरकार पर कोई संकट नहीं है। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय में हुड़दंगबाजी करने पर भाजपा विधायकों को भाजपा हाईकमान ने फटकार लगाते हुए कहा है कि विधायक यदि बजट पारित कराते समय विधानसभा में हुड़दंग नहीं करते तो विधानसभा अध्यक्ष भाजपा के 15 विधायकों को निष्काषित नहीं कर सकते थे, जिसके चलते कांग्रेस के छह बागी, तीन निर्दलियों व भाजपा के 25 विधायकों सहित सरकार के खिलाफ विधायकों का आंकड़ा 34 पहुंच जाता, जिसके कारण सरकार अल्पमत में आकर गिर सकती थी। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा के सभी विधायकों को शिमला से बाहर न जाने की हिदायत

**भाजपा** के उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने भाजपा के सभी विधायकों को हिदायत दी है कि कोई भी विधायक शिमला से बाहर न जाए, जो विधायक शिमला से बाहर हैं, उन्हें भी वापस शिमला बुलाया गया है। ऐसा इसलिए किया गया है कि कोई विधायक कांग्रेस के पक्ष में न जाए। क्योंकि भाजपा कांग्रेस के विधायकों को अपनी ओर लाने की सोच रहे हैं। ऐसे में अपने विधायकों को पहले ही भाजपा अपने अंडर कर रही है। कुछ दिन पहले विधानसभा में मुख्यमंत्री सुक्खू ने दावा किया था कि भाजपा के कुछ विधायक हमारे संपर्क में हैं। ऐसे में भाजपा अब अलर्ट हो गई है। भाजपा उपाध्यक्ष सौदान सिंह स्वयं भी शिमला में डटे हैं और प्रदेश में चल रही हर सियासी हलचल पर नजर जमाए हुए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### हिमाचल ने बेस्ट इमर्जिंग माउंटेन डेस्टिनेशन श्रेणी में जीता इनाम

**शिमला।** जिला कांगड़ा के धर्मशाला के निकट सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थल मैक्लोडगंज को वीरवार को नई दिल्ली में प्रतिष्ठित मीडिया हाउस इंडिया टूडे ग्रुप द्वारा टूरिज्म सर्वे एंड अवार्डस-2023 में 'बेस्ट इमर्जिंग माउंटेन डेस्टिनेशन' श्रेणी में पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर से निदेशक पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मानसी सहाय ठाकुर ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। इंडिया टूडे ग्रुप ने अपने पाठकों के माध्यम से ऑनलाइन वोटिंग से एक सर्वेक्षण करवाया था। यह सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह से डेढ़ माह पहले किया गया था और देशभर के विभिन्न राज्यों के गंतव्यों से संबंधित नामांकन किए गए थे। प्राप्त नामांकनों में से मैक्लोडगंज को संबंधित श्रेणी में श्रेष्ठ गंतव्य आंका गया।

### डिपुओं में अब 110 रुपए लीटर मिलेगा सरसों तेल

**शिमला।** देश सहित प्रदेश भर में महंगाई की मार झेल रहे 19 लाख से अधिक सहकारी उपभोक्ताओं को सरसों के दामों में आई गिरावट से हल्की राहत



मिली है। प्रदेश भर के सहकारी डिपुओं में अब लोगों को सरसों का तेल चार रुपए सस्ता मिलेगा। मार्च माह में एपीएल व एनएफएसए परिवारों को सरसों का तेल 110 रुपए मिलेगा, जबकि बीते माह प्रदेश भर के कई डिपुओं में तेल के दाम 114 रुपए थे। रिफाइंड के तेल के दामों में दो रुपए की बढ़ौतरी हुई है। ऐसे में मार्च माह में रिफाइंड तेल दो रुपए महंगा मिलेगा। इसके अतिरिक्त आटा व चावल के कोटे में विभाग ने इस माह कोई बदलाव नहीं किया है। डिपुओं में राशन की सप्लाई पहुंचना शुरू हो गई है। प्रदेश के अधिकतर डिपुओं में पांच मार्च तक राशन की सप्लाई पहुंच जाएगी।

# झाड़माजरी अग्निकांड: हाई कोर्ट से 29 दिन बाद कंपनी संचालकों को जमानत

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के झाड़माजरी में एनआर एरोमा उद्योग में भीषण अग्निकांड मामले में फरार चल रहे तीन संचालकों को हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई है। हाई कोर्ट ने आरोपी संचालकों को 12 मार्च तक अग्रिम जमानत देते हुए तीन मार्च को बरोटीवाला पुलिस स्टेशन में जांच में शामिल होने का आदेश दिया है। अब पुलिस कंपनी संचालकों से अग्निकांड मामले को लेकर पूछताछ करेगी।

आरोपी संचालकों पिछले एक माह से फरार चल रहे थे, जिनकी तलाश में बद्दी पुलिस जुटी हुई थी। हैरानी की बात तो यह है कि बद्दी पुलिस एक माह तक भी आरोपी संचालकों को गिरफ्तार करने में फेल रही और अब संचालकों को जमानत करवाने के लिए एक माह का समय मिला और हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत लेने में कामयाब हुए, जबकि नालागढ़ कोर्ट ने पांच फरवरी को कंपनी के तीन संचालकों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था, लेकिन इस बीच 29 दिनों तक बद्दी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई। गौरतलब रहे कि बीती दो फरवरी को एनआर एरोमा उद्योग में भीषण अग्निकांड हुआ, जिसमें 30 के करीब कामगार घायल हुए, जबकि नौ कामगार की दर्दनाक मौतें हुई थीं। जानकारी के अनुसार मरने वालों में ज्यादा महिलाएं थी, जिनकी झुलसने से मौत हुई। वहीं, कई शवों के अवशेष भी बरामद हो चुके हैं। आरोपियों की जमानत को लेकर जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कोई भी कमेंट करने से साफ इंकार कर दिया है। हाई कोर्ट के आदेशों में रविवार को तीनों आरोपियों को पुलिस थाना बरोटीवाला में जांच में शामिल होने के आदेश दिए हैं। पुलिस अधिकारियों की चुप्पी से कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

### इन संचालकों के खिलाफ मामला दर्ज




**बरोटीवाला** थाना के तहत एनआर एरोमा उद्योग के संचालक नीलेश पटेल पुत्र मोहन भाई मकान-21 जिला रतलाम मध्यप्रदेश, सिद्धार्थ पटेल पुत्र राजेश पटेल रतलाम व मिलन पटेल पुत्र राजेश पटेल जिला रतलाम मध्यप्रदेश के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

## मणिकर्ण में मकान जलकर राख

**कुल्लू।** कुल्लू की मणिकर्ण घाटी के चौहकी में आगजनी की घटना सामने आई है। इस घटना में एक मकान जलकर राख हो गया है। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। ग्रामीण भी मौके पर आग पर काबू पाने में जुटे रहे। जानकारी के अनुसार यह मकान नरेश कुमार और आयुष कुमार सहित चार भाइयों का संयुक्त मकान है। मकान में दो भाइयों के परिवार रहते थे। ऐसे में अब सर्द मौसम में दोनों भाइयों का परिवार बेघर हो गया है। अढ़ाई मंजिला मकान में नौ कमरे शामिल थे, जो लगभग पूरी तरह से जलकर राख हो चुके हैं। जरी स्थित दमकल विभाग मैं तैनात फायर मैन गोशाल का कहना है कि आग से नुकसान का आकलन किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद राजस्व विभाग की टीम भी मौके के लिए राहत सामग्री लेकर रवाना हो गई है।



## सहारनपुर का चिट्टा तस्कर चंडीगढ़ से दबोचा



सोलन पुलिस की गिरफ्त में चिट्टा तस्कर।

सोलन । सोलन पुलिस की स्पेशल टीम ने हरियाणा रोडवेज की बस जो चंडीगढ़ से शिमला जा रही थी को चेक किया, जिसमें कपिल व पारस नाम के दो युवक सवार थे। चेकिंग में दोनों युवक काफी समय से चिट्टा की खरीद-फरोख्त के कारोबार में संलिप्त थे। दोनों युवकों कपिल कुमार (33) निवासी गांव व सलोगड़ा तह व जिला सोलन व पारस ठाकुर (33) निवासी गांव सलोगड़ा तह व जिला सोलन को आठ ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया गया। इन आरोपियों की छानबीन से ज्ञात हुआ कि ये लोग सेक्टर-43 चंडीगढ़ से एक खालिद नामक व्यक्ति से चिट्टा खरीद कर लाए थे, जिस पर पुलिस थाना धर्मपुर की टीम द्वारा आरोपी मुहम्मद खलिद मुहम्मद सतार निवासी गांव कोरदियां, डाकघर कादीपुर तहसील व जिला सुलतानपुर यूपी को चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया गया, जिसे न्यायालय में पेश करके पांच दिन की पुलिस हिरासत में लिया गया है। बाकी दोनों आरोपी अभी पुलिस हिरासत रिमांड पर हैं।

## सिरमौर पुलिस ने दिल्ली से चिट्टे सहित नाइजीरियन किया गिरफ्तार

**नाहन।** जिला सिरमौर पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध छेड़े गए अभियान के अंतर्गत एक नाइजीरियन व्यक्ति को चिट्टे सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। आरोपी के कब्जे से 32.45 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। पुलिस ने शनिवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपी को दो दिन के लिए पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। नशे के तस्करों की जड़ तक पहुंचने के लिए डीएसपी रमाकांत ठाकुर के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। एसआईटी ने मुख्य तस्कर को दिल्ली से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इस दौरान नाइजीरियन व्यक्ति के कब्जे से 32.45 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। एसआईटी में एसआई राजविंद्र सिंह, एएसआई कृष्ण भंडारी, मुख्य आरक्षी अनिल कुमार, रोहित कुमार, आरक्षी कपिल, विशाल व दिनेश शामिल थे। नशे के कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जिला सिरमौर पुलिस द्वारा इस वर्ष पिछले दो माह के दौरान कुल 17 मामले दर्ज करके 26 अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया गया है। इनके पास से 1.577 किलोग्राम चरस, 20 ग्राम अफीम, 6.086 किलोग्राम चूरा पोस्त, 937 ग्राम गांजा, 75.26 ग्राम स्मैक के अलावा 2880 नशे के कैप्सूल बरामद किए हैं।



## मेलबर्न विवि के साथ दोहरी डिग्री समझौते के लिए प्रवेश शुरू



**सोलन ।** दोहरी डिग्री साझेदारी के तहत शूलिनी विश्वविद्यालय ने भारतीय छात्रों को अंतरराष्ट्रीय शिक्षा के अद्वितीय अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिष्ठित मेलबर्न विश्वविद्यालय के साथ मिलकर काम किया है, जिसमें पहली अप्रैल से प्रवेश शुरू होगा। टाइम्स हायर एजुकेशन (टीएचई) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में शूलिनी यूनिवर्सिटी को भारत की नंबर एक निजी यूनिवर्सिटी और देश की कुल मिलाकर दूसरी रैंक वाली यूनिवर्सिटी के रूप में मान्यता मिली है और मेलबर्न यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया की अग्रणी यूनिवर्सिटी के रूप में खड़ी है, देश में नंबर एक और 14वें स्थान पर है। दोनों विश्वविद्यालयों ने भारत के छात्रों को अत्याधुनिक शिक्षा प्रदान करने के लिए पिछले साल एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे, जिन्हें शूलिनी विश्वविद्यालय में पहले दो वर्षों के लिए और मेलबर्न विवि में समान अवधि के लिए शीर्ष श्रेणी के संकाय द्वारा पढ़ाया और मार्गदर्शन दिया जाएगा। मेलबर्न विवि के विज्ञान डीन प्रोफेसर मोइरा ओब्रायन ने कहा कि विश्वविद्यालय शूलिनी के छात्रों को एक अंतरराष्ट्रीय शिक्षा प्रदान करके उत्साहित हैं, जो उन्हें हमारी विश्व स्तर पर जुड़ी दुनिया के लिए तैयार करेगी। डीन, अनुसंधान और विकास शूलिनी विश्वविद्यालय, प्रो. सौरभ कुलश्रेष्ठ ने कहा कि इससे कार्यक्रम के लिए नामांकन करने वाले छात्रों के लिए व्यापक रास्ते खुलेंगे।

**सियासत** राणा ने सीएम से नाराजगी की जाहिर, कहा- कांग्रेस के विधायक हमारे साथ आने के लिए तैयार

# प्रदेश में जल्द गिरेगी सरकार: राजेंद्र राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में सियासी घमासान अभी थमा नहीं है। सत्ता पक्ष और विपक्ष में आरोप प्रत्यारोप अभी जारी है। वहीं सुजानपुर के विधायक राजेंद्र राणा भी अब खुलकर सरकार से मुखर हो गए हैं। बागी विधायक



राजेंद्र राणा द्वारा जारी एक बयान में अब उन्होंने मुख्यमंत्री पर सीधे-सीधे कई तीखे हमले किए हैं। उन्होंने कहा है कि हिमाचल की कांग्रेस सरकार आने वाले दिनों में गिर जाएगी और इसके लिए सीधे-सीधे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू और कांग्रेस आलाकमान जिम्मेदार हैं।

राजेंद्र राणा ने सुखविंद्र सरकार पर विधायकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा है कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की नहीं बल्कि सुखविंद्र सुक्खू और उनके दोस्तों की सरकार चल रही है। इस सरकार में चुने हुए विधायकों की नहीं सुनी जाती सिर्फ मित्रों की चलती है। राजेंद्र राणा के मुताबिक विधायकों की ओर से इसकी शिकायत आलाकमान से भी की गई थी और मुख्यमंत्री को बदलने के लिए भी कहा गया था, लेकिन आलाकमान ने कोई एक्शन नहीं लिया, जिसके कारण ये हालात पैदा हुए हैं। राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री पर एक और हमला करते हुए कहा कि सीएम सुक्खू का दिल बहुत छोटा है। मुख्यमंत्री को बड़े दिलवाला होना चाहिए, लेकिन उनका दिल चिड़िया के दिल जैसा है। राजेंद्र राणा ने यह हमला वीरभद्र सिंह की प्रतिमा ना लगाने पर किया है। जिसने वीरभद्र की प्रतिमा के लिए दो गज जमीन नहीं दी। राणा ने कहा कि सीएम सुक्खू को लगता है कि जो विधायक हमारे साथ आना चाहते हैं, उनके साथ पुलिस की सुरक्षा बढ़ाई जाए। क्योंकि उन्हें डर है कि वे भी न भाग जाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने हिमाचल को बैक गेयर में डाल दिया है।

### नौ विधायकों ने हिमाचल के स्वाभिमान की रक्षा की

**राजेंद्र राणा** ने कहा सरकार को सवा साल हो गया। हमने हाइकमान को कई बार बताया कि हिमाचल में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। मुख्यमंत्री विधायकों को जलील और अपमानित करते हैं। उसके बाद राज्यसभा चुनाव में हमने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पास प्रदेश में ऐसा कोई उम्मीदवार नहीं था जो राज्यसभा में जा सके। हम नौ विधायकों को मिलकर हिमाचल के स्वाभिमान, हिमाचलियों के हितों की रक्षा की है और हिमाचल प्रदेश के व्यक्ति को राज्यसभा पहुंचाया है।

### सबसे बड़े झूठे हैं सुक्खू

**सीएम** कई बार कह चुके हैं कि बागी विधायक पछता रहे हैं और कॉल कर रहे हैं वहीं, राजेंद्र राणा ने इस बात का खंडन करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री सबसे बड़े झूठे हैं और क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों ने सोच-समझकर अपना फैसला लिया है। कुछ और कांग्रेस विधायक भी सीएम सुक्खू से त्रस्त हैं। राणा ने कहा कि उन्होंने कहा था कि हिमाचल प्रदेश को बचाना है तो सुखविंद्र सुक्खू को मुख्यमंत्री पद से हटाकर किसी और मुख्यमंत्री बना दीजिए, लेकिन हाइकमान ने नहीं मानीं।

### जनता बताएगी कौन साधु और कौन काला नाग

**राजेंद्र** राणा ने चुनावी गारंटियां पूरी ना करने को लेकर सुक्खू सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने नौकरी और रिजल्ट का इंतजार कर रहे युवाओं का मुद्दा उठाया। राजेंद्र राणा ने कहा कि पिछले सवा साल में प्रदेश की क्या हालत हो गई है। नौजवान एग्जाम देकर रिजल्ट के इंतजार में सड़कों पर हैं। वादे और गारंटियां पूरी नहीं हो रही हैं। मित्रों के लिए काम हो रहें है और चुने विधायकों को जलील किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अब जनता ही बताएगी की काला नाग कौन है और साधु कौन।

समाचार पत्र पंजीयन (केंद्रीय) कानून, 1956 आठवें नियम के अंतर्गत अपेक्षित 'अनंत ज्ञान' नगरोटा बगवां नामक समाचार पत्र से संबंधित स्वामित्व और अन्य विषयों का विवरण

**घोषणा**

**फार्म-4**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रकाशन स्थान | नगरोटा बगवां (हिमाचल प्रदेश) |
| 2. | प्रकाशन क्रम | दैनिक |
| 3. | मुद्रक का नाम | डॉ. दिलीप धाकड़ |
| | राष्ट्रीयता | भारतीय |
| | पता | प्लॉट नं. 8, फेज-2, इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) 176047 |
| 4. | प्रकाशक का नाम | डॉ. दिलीप धाकड़ |
| | राष्ट्रीयता | भारतीय |
| | पता | प्लॉट नं. 8, फेज-2, इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)176047 |
| 5. | संपादक का नाम | समरजीत |
| | राष्ट्रीयता | भारतीय |
| | पता | हाउस नंबर 53, वार्ड नंबर 7, तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) 176047 |
| 6. | उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों, तथा समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों | फोकस हिमाचल प्रा. लि. प्लॉट नं. 8, फेज-2, इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) 176047 |

मैं डॉ. दिलीप धाकड़ एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य हैं।

-डॉ. दिलीप धाकड़
प्रकाशक

### जाइका वानिकी परियोजना के तहत सुकेत के थल्ला में लगाए एलोवेरा के 25 हजार पौधे

# बंजर खेत में औषधीय पौधों से आर्थिकी में हुआ सुधार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जंगली जानवरों के आतंक से खेती छोड़ चुके ग्रामीणों ने बंजर भूमि पर एलोवेरा के पौधे लगाए तो उनके लिए नया सवेरा शुरू हो गया। जाइका वानिकी परियोजना से जुड़े स्वयं सहायता समूह ने वन मंडल सुकेत के थल्ला में बंजर खेत में एलोवेरा के 25 हजार पौधे रोपे, जिससे आने वाले समय में इसी औषधीय पौधों की बिक्री से आजीविका में सुधार होगा और ग्रामीणों की अच्छी कमाई भी होगी।



जाइका वानिकी परियोजना के मुख्य परियोजना निदेशक नागेश कुमार गुलेरिया ने थल्ला क्षेत्र का दौरा कर यहां रोपे गए एलोवेरा के पौधों का निरीक्षण किया। बता दें कि सरस्वती स्वयं सहायता समूह थल्ला ने यहां निजी भूमि पर एलोवेरा के 25 हजार पौधे रोप दिए हैं, जो आने वाले समय में आजीविका सुधार का साधन बनेगा। स्वयं सहायता समूह की इस बेहतरीन कार्यशैली के लिए मुख्य परियोजना निदेशक नागेश कुमार गुलेरिया ने जमकर सराहना की। उन्होंने यहां स्वयं सहायता समूहों के साथ समीक्षा बैठक कर आर्थिकी सुदृढ़ करने बारे महत्वपूर्ण टिप्स दिए। गौरतलब है कि सुकेत के थल्ला में रोपे गए एलोवेरा के पौधों की मार्केटिंग और बिक्री के लिए रूद्रा शक्ति हर्बस प्राइवेट लिमिटेड के साथ हाल ही में एमओयू हस्ताक्षर किए हैं। जानकारी के मुताबिक स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार एलोवेरा के पत्ते सात रुपए प्रति किलो और 21 से 25 रुपए प्रति बेबी प्लांट इस कंपनी को बेचे जाने हैं। ऐसे में आने वाले समय में औषधीय पौधों से स्वयं सहायता समूह की अच्छी कमाई सामने आएगी। नागेश कुमार गुलेरिया ने कहा कि थल्ला क्षेत्र में मेहनतकश किसान जंगली जानवर और आवारा पशुओं से आहत होकर अब औषधीय पौधे तैयार करने में जुट गए हैं, जो अपने आप में मिसाल है। उन्होंने कहा कि ऐसे क्षेत्रों में पौधे रोपने के लिए जाइका वानिकी परियोजना हर संभव सहयोग कर रही है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त हिमाचल प्रदेश वन सेवा अधिकारी वीपी पठानिया, रेंज ऑफिसर सुकेत राज कुमार, विषय वस्तु विशेषज्ञ विजय कुमार, एफटीयू को-ऑर्डिनेटर मनीष कुमार, सरस्वती स्वयं सहायता समूह की प्रधान शारदा देवी समेत वन विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### लंबित कार्यों को जल्द निपटाने के निर्देश

**जाइका** वानिकी परियोजना के मुख्य परियोजना निदेशक नागेश कुमार गुलेरिया ने शुक्रवार सायं डीएमयू मंडी में चल रही सभी गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने वन मंडल मंडल के चार रेंज में परियोजना की चल रहे सभी कार्यों की समीक्षा की। मुख्य परियोजना निदेशक ने डीएमयू मंडी के दायरे में लंबित पड़े कार्यों को जल्द निपटाने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर डीसीएफ मंडी वासू डोगर, सेवानिवृत हिमाचल प्रदेश वन सेवा अधिकारी वीपी पठानिया, एसएमएस, एफटीयू को-ऑर्डिनेटर समेत वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## देव जुन्गा मंदिर बनोग में शांद महायज्ञ

**जुन्गा।** देव जुन्गा बनोग ठूंड का शांद महायज्ञ शनिवार को पांरपरिक देवपूजा के साथ संपन हो गया । शांद महायज्ञ के अवसर पर नवनिर्मित मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया। मंदिर समिति के भंडारी इंद्र सिंह ठाकुर और कारदार रंजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि बनोग में करीब दो शताब्दी पुराना देव जुन्गा का प्राचीन मंदिर है, जिसका जीर्णोद्धार करने के उपरांत शांद महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इस दौरान क्योंथल क्षेत्र के हजारों लोगों ने देव जुन्गा के मंदिर में हाजिरी भरी। रंजीत ठाकुर ने बताया कि इस महायज्ञ में देवता घनेणा जुन्गा, देवता धनचंद ठूंड के अतिरिक्त तत्कालीन क्योंथल रियासत के चैथे ईष्ट एवं राजा खुश विक्रम सिंह सेन और राजमाता विजय ज्योति सेन के सहित 24 देवठियों के कारदार सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस नवनिर्मित मंदिर की शुद्धि और देवता के पुनर्स्थापन के लिए परंपरा के अनुसार शांद महायज्ञ देव पूजा का आयोजन किया गया था। जिसमें शुक्रवार रात को शुभ मुहुर्त में कुरूढ़ की स्थापना की गई। इस पावन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया ।



## न्यूज ब्रीफ

### सीमा कॉलेज में एनएसएस शिविर शुरू

**रोहड़ू।** राष्ट्रीय सेवा योजना स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ, जिसमें डॉ. गोपाल दत्त शर्मा बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत एवं प्राचार्य भूपिंदर सिंह ठाकुर, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उमेश नारटा व प्रो. संधिरा भी विशेष रूप से मौजूद रही। शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि द्वारा द्वीप प्रज्वलन व ध्वजारोहण और लक्ष्यगीत गाकर किया गया। यह विशेष शिविर सात मार्च तक महाविद्यालय परिसर में आयोजित होगा, जिसमें 100 स्वयंसेवी भाग लेंगे।

### 105 हेक्टेयर भूमि पर रोपे चिलगोजे के पौधे

**रिकांगपिओ।** किन्नौर में जैव विविधता संरक्षण के लिए निगुलसरी में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जाइका वानिकी परियोजना के जैव विविधता विशेषज्ञ डॉ. एसके काप्टा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि किन्नौर में जाइका वानिकी परियोजना और वन विभाग ने 105 हेक्टेयर भूमि पर चिलगोजे के पौधे रोपे गए। यहीं से साबित होता है कि इस जिले में जैव विविधता के संरक्षण के लिए बेहतरीन कार्य हो रहे हैं। कार्यशाला के दौरान सेवानिवृत्त डीएफओ सीएम शर्मा ने वन मंडल किन्नौर में जाइका वानिकी परियोजना के माध्यम से चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। पीएमयू शिमला से विषय वस्तु विशेषज्ञ रीना शर्मा ने जानकारी दी। इस अवसर पर विषय वस्तु विशेषज्ञ राधिका, एफटीयू को-ऑर्डिनेटर प्रियंका नेगी समेत सभी चार वन परिक्षेत्र के प्रभारी भी मौजूद रहे।

### पोस्टर मेकिंग में पायल ठाकुर ने मारी बाजी

**सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय में रोड सेफ्टी क्लब सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। शनिवार को भाषण और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉक्टर रामलाल शर्मा ने सभी प्रतिभागियों और विद्यार्थियों से कहा कि हम सभी को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करना चाहिए। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पायल ठाकुर द्वितीय स्थान पर तेजराम और तृतीय स्थान पर स्नेहा रहे। इसी तरह स्लोगन राइटिंग में प्रथम स्थान पर अंजलि द्वितीय स्थान पर इशा कश्यप और तृतीय स्थान गुंजन ने हासिल किया। उपरोक्त प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडली की भूमिका में प्रोफेसर सुचित्रा, प्रोफेसर मोनिका और प्रोफेसर रश्मि ठाकुर रहे।

### नौ मार्च को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**शिमला।** राष्ट्रीय लोक अदालत नौ मार्च, 2024 को आयोजित की जानी निश्चित की गई है, जिसमें विभिन्न प्रकार के मामले प्रस्तुत किए जा सकते हैं। इनमें धारा 138 के तहत एनआई अधिनियम से संबंधित मामले, मनी-रिकवरी, श्रम विवाद, बिजली व पानी, भरण-पोषण व अन्य संबंधित मामले शामिल हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण किन्नौर के सचिव ने बताया कि न्यायलयों में लंबित मामले जिनमें क्रिमिनल कंपाउंडेंबल ऑफेन्स, धारा 138 के तहत एनआई अधिनियम से संबंधित मामले, मनी-रिकवरी, वाहन दुर्घटना, श्रम विवाद, विद्युत व पानी के बिल, वैवाहिक विवाद, भू-अधिग्रहण, सेवाओं से संबंधित तनख्वा व भत्ते, सेवानिवृत्ति से संबंधित मामले, राजस्व मामले व अन्य दीवानी मामले शामिल हैं, की सुनवाई भी राष्ट्रीय लोक अदालत में की जाएगी। उन्होंने बताया कि अपने-अपने न्यायिक क्षेत्र के तहत जो कोई व्यक्ति उक्त मामलों का राष्ट्रीय लोक अदालत में समाधान करवाना चाहते हैं तो वह न्यायिक न्यायालय परिसर रामपुर बुशहर, न्यायिक न्यायालय परिसर रिकांगपिओ जिला किन्नौर, न्यायिक न्यायालय परिसर आनी जिला कुल्लू या जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण रिकांगपिओ जिला किन्नौर के कार्यालय में अपने मामले की सुनवाई के लिए संपर्क कर सकते हैं।

### जेएनवी रिकांगपिओ में दी मृदा जांच की जानकारी




जवाहर नवोदय विद्यालय रिकांगपिओ में कृषि विभाग का जागरूकता कार्यक्रम।

**रिकांगपिओ।** किन्नौर जिला के जवाहर नवोदय विद्यालय रिकांगपिओ में कृषि विभाग, डीआरडीए व कृषि विज्ञान केंद्र किन्नौर द्वारा संयुक्त तत्त्वावधान में एकदिवसीय मृदा स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जवाहर नवोदय विद्यालय रिकांगपिओ के विद्यार्थियों तथा अध्यापकों को मृदा स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में मृदा जांच, मृदा नमूना लेना, मृदा में पाए जाने वाले पोषक तत्वों का महत्त्व तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड संबंधी मोबाइल ऐप व https://soilhealth.dac.gov.in पोर्टल के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय रिकांगपिओ की प्रधानाचार्य शशि कांता, जिला कृषि अधिकारी ओपी बंसल, उपमंडलीय भू-सरंक्षण अधिकारी राजेश धीमान, कृषि विकास अधिकारी मृदा परीक्षण प्रयोगशाला रिकांगपिओ राजेंद्र चौधरी, कृषि विज्ञान केंद्र से डॉ. डीपी भंडारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### 90 परिवारों को बांटे गर्म कंबल और कपड़े

**शिमला।** अभिविभा सामाजिक संस्था ने गूंज के सौजन्य से कुष्ठ रोगी बस्ती में 90 परिवारों को गर्म कंबल व कपड़े वितरित किए। संस्था के महासचिव गौरव शर्मा ने बताया कि उनकी संस्था ने इस बस्ती को इसलिए चुना, क्योंकि ये लोग असल में पात्र हैं, जो अपने आजीविका चलाने के लिए कड़ा परिश्रम करते हैं और अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। गौरव शर्मा ने बताया कि अभिविभा संस्था लगातार ऐसे पुनीत कार्य करती रहती है। उन्होंने बस्ती के प्रधान रवि और सनी का धन्यवाद किया की उन्होंने इस बारिश के मौसम में सभी बस्ती वालों को एकत्रित किया, ताकी उन्हें संस्था के इस आयोजन का लाभ मिल सके। कार्यक्रम में संस्था से रवि दत्त, विनीत, साहिल, दीपक, सोह्निश शर्मा, योगेश व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### संजीवनी सहारा ने पीड़ित महिला को सौंपी मदद

**रोहड़ू।** संजीवनी सहारा समिति रोहड़ू सदैव ही जरूरतमंद, गरीब व असहाय लोगों की सहायता के लिए तैयार रहती है और पिछले 11 सालों से हर संभव मदद करती आ रही है। समिति ने शनिवार को जाखी गांव की रहने वाली सपना देवी के इलाज के लिए 5000 रुपए की आर्थिक मदद की। सपना चौहान की एम महीने पहले ऑपरेशन करके डिलीवरी हुई थी। दुर्भाग्यवंश उनके टांके खुल गए और जख्म गहरा हो गया। पीड़िता का एक महीने से सिविल अस्पताल रोहड़ू में इलाज चल रहा है। पीड़िता गरीब परिवार से संबंध रखती है। समिति के अध्यक्ष गोपाल चौहान ने बताया कि संस्था में लगभग 215 सदस्य हैं, जिनके सहयोग से निरंतर सामाजिक व आर्थिक कार्य चल रहे हैं। इस मौके पर सहसचिव संजू ढंडा, प्रेस सचिव रविंद्र शर्मा, रूप लाल, राजेश चौहान व मनोज बनोल्टा विशेष तौर से मौजूद रहे।

# चलती बस से खींचा एचआरटीसी ड्राइवर

## रिकांगपिओ-चंडीगढ़ रूट पर हाउसिंग बोर्ड के पास हाथापाई, निजी बस चालकों ने दी जान से मारने की धमकी

**जय ठाकुर, शिमला**

बाहरी राज्यों के लिए चलाई जा रही हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों के चालक-परिचालकों को बाहरी राज्यों के निजी बस चालकों द्वारा धमकाया जा रहा है। संवारियों को बस में बिठाने को लेकर आए दिन इस तरह के मामले सामने आते रहते हैं, लेकिन हद तो तब हो गई जब पहली मार्च की रात को करीब सात बजे चंडीगढ़ से शिमला आ रही एचआरटीसी के चालक के साथ निजी बस चालक परिचालक द्वारा हाथापाई के साथ गालीगलोच तक करने लगे।



रोजाना की तरह रिकांगपियो-चंडीगढ़ रूट पर चलने वाली बस के चालक बस में यात्रियों को बिठा रहे थे, वहीं इस दौरान हाउसिंग बोर्ड के पास समयसारिणी को लेकर निजी बस चालक परिचालक ने निगम के चालक परिचालकों के साथ हाथापाई की और गालीगलोच किया। हिमाचल परिवहन मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री हरीश कुमार पराशर ने बताया कि चंडीगढ़ से रिकांगपिओ जा रही एचआरटीसी बस के चालक परिचालक के साथ एक प्राइवेट सिंडिगेट बस के चालक परिचालकों ने ड्यूटी के दौरान न केवल गाली-गलोज और हाथापाई की, बल्कि चलती बस से चालक को खींच कर जान से मारने की धमकी तक दे डाली। उन्होंने बताया कि मामला पहली मार्च की रात्रि का है, जब सात बजे एचआरटीसी रामपुर डिपो की बस चंडीगढ़ से रिकांगपिओ जा रही थी और हाउसिंग बोर्ड के पास उन्होंने देखा कि एक सिंडिकेट नाम की एक प्राइवेट बस बिना किसी समयसारणी के सवारियां बिठा रही है। ऐसे में चालक रविंद्र सिंह व परिचालक शशि पाल ने इस बारे में पूछा तो निजी बस चालक परिचालकों ने कहा कि यह गाड़ी तो प्रतिदिन इसी रूट पर चलती है।

इसके लिए बकायदा उन्होंने निगम के अधिकारियों को ही अनुमती देने को लेकर कई तरह के बातें निगम कर्मियों को सुना दी। इस संबंध में दोनों चालक परिचालकों में काफी देर तक बहसबाजी होती रही, जिससे बस में बैठी महिलाओं सहित आम यात्रियों को परेशानी हुई। किसी तरह बाद में यात्रियों की सुझबूझ से बस आगे शिमला की ओर आई। (अनंत ज्ञान)

### कालका में प्राइवेट बस चालक परिचालकों ने निगम कर्मियों को धमकाया


**हरीश** कुमार पराशर ने बताया कि यहीं मामला खत्म नहीं हुआ निगम की बस जब कालका पहुंची तो प्राइवेट बस वाले चालक परिचालकों ने अपने साथ और चार-पांच स्थानीय व्यक्तियों को लेकर दोबारा से बस को रोक दिया और बस में चढ़कर ऑन ड्यूटी चालक परिचालक से बहुत ही भद्दे तरीके से गाली-गलौज की, जबकि बस में इस दौरान कई महिला यात्रियों सहित अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए कई यात्री बैठे थे। इस दौरान जब यात्रियों व बस चालक ने पुलिस में शिकायत करनी चाही तो पुलिस ने भी मामले को गंभीरता से नहीं लिया। इस दौरान करीब एक घंटे तक कालका में यातयात भी अवरुद्ध रहा।

### दोषियों के खिलाफ की जाए कड़ी कार्रवाई, डर के साये में ड्यूटी दे रहे चालक

**परिवहन** मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री हरीश कुमार पाराशर ने कहा कि परिवहन कर्मचारियों के साथ आए दिन कहीं न कहीं ऐसे हादसे होते रहते हैं, जिससे परिवहन का कर्मचारी डर के साये में अपनी ड्यूटी करने को मजबूर हैं और ऊपर से पुलिस विभाग की इस तरह की कार्यप्रणाली से तो अब कानून पर से भी उनका विश्वास उठता जा रहा है। इसे संघ कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग उठाई कि दोषियों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। उधर, निगम अधिकारियों को कहना है कि मामल संज्ञान में आया है मामले की पूरी जांच की जा रही है।

### वरदान साबित हो रही राजस्व लोक अदालतें: नेगी

**शिमला।** राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित की जा रही राजस्व लोक अदालतें लोगों के लिए वरदान साबित हो रही हैं। इन अदालतों के माध्यम से वर्षों से लंबित मामलों को जल्द निपटाया जा रहा है। राजस्व मंत्री ने कहा कि 28 तथा 29 फरवरी, 2024 को प्रदेशभर में राजस्व लोक अदालतों का आयोजन किया गया। इस दौरान इंतकाल के 16748, तकसीम के 936, निशानदेही के 2330 तथा राजस्व दुरुस्ती इंद्राज के 517 मामलों सहित कुल 20531 मामलों का निपटारा किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को त्वरित सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। राजस्व विभाग द्वारा इसी उद्देश्य के तहत प्रत्येक माह के अंतिम दो कार्य दिवस पर राजस्व लोक अदालतों का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है।





राजधानी में शनिवार को बारिश के दौरान रिज से छाते लिए गुजरते पर्यटक।




हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं की परीक्षाएं शनिवार से आरंभ हुईं। इस दौरान परीक्षा के बाद चर्चा करती छात्राएं।

### श्यामलाघाट में माताओं को किया जागरूक

**शिमला।** डाइट शिमला द्वारा पहली शिक्षक मां एक पहल के तहत माताओं के लिए शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान श्यामलाघाट में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिले के विभिन्न शिक्षा खंडों से लगभग 140 माताओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परियोजना अधिकारी जयदेव नेगी द्वारा किया गया। इन्होंने माताओं को बाल्य विकास के पांचों प्रमुख क्षेत्रों शारीरिक, सामाजिक एवं भावनात्मक, भाषा, बौद्धिक एवं सृजनात्मकता के बारे में पूरी जानकारी दी। जिला प्री प्राइमरी समन्वयक गोविंद शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर बाल्य विकास के उपरोक्त प्रमुख पांचों क्षेत्रों के स्टाल लगाए गए और माताओं की भागीदारी की पूर्ण जानकारी दी गई। इस मौके पर माताओं ने अनेक गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर डाइट के वरिष्ट सदस्य निर्मला चैहान, 310 कुंजन महंछु, डॉ. सजीव शर्मा, अमित सिंघा, शिखा शर्मा एवं प्रथम संस्था के जिला समन्वय निशा ठाकुर, हरीश ठाकुर व अन्य सदस्यों ने स्रोत व्यक्ति के तौर पर भाग लिया।

### एनएसएस स्वयंसेवियों ने दिया स्वच्छता का संदेश



कूड़ा इकट्ठा करते कुमारसेन कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवी।

**कुमारसैन।** राजकीय महाविद्यालय कुमारसैन में एनएसएस शिविर के चौथे दिन एनएसएस स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय प्रांगण से लाठी गांव तक कूड़ा एकत्रित किया। दोपहर पश्चात एनएसएस स्वयंसेवियों सीमा, अक्षत, अनुराग, वंश, आदित्य और नाइसा ने भिन्न-भिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। स्वयंसेवी सीमा ने भारतीय समाज में फैली कुरीतियों पर विचार रखे कि कुरीतियां या कुप्रथाएं किसी भी समाज और उसके देश को कभी भी आगे नहीं बढ़ने देतीं। इसके बाद अक्षत ने पर्यावरण संरक्षण पर कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में असीमित तथा नए अविष्कारों की स्पर्धा के कारण आज का मानन प्रकृति पर पूर्णतः विजय प्राप्त करना चाहता है। इस कारण प्रकृति का संतुलन बिगड़ गया है। अनुराग ने जंक फूड की लोकप्रियता वंश ने हेल्थ एंड हाइजीन, आदित्य ने इंटरनेट का महत्व व नाइशा ने जल के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। डॉ. भूषण आजाद ने नैतिक आचरण पर अपने विचार रखे।

### भाजपा का देश में चलाया सरकार गिराने का मॉडल प्रदेश में फेल: नरेश चौहान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सरकार पर मंडरा रहे राजनीतिक संकट के बीच सत्ता पक्ष और विपक्षी नेता एक-दूसरे पर निशाना साधा रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने हिमाचल में पैदा हुए सियासी घटनाक्रम के लिए भाजपा को जिम्मेदार बताया है। नरेश चैहान ने कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि कांग्रेस सरकार को एक साल पहले प्रदेश की जनता ने जनादेश दिया था और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा के 25 और कांग्रेस के 40 विधायक जीते हैं। नरेश चौहान ने कहा कि भाजपा को लोकतंत्र का सम्मान करना चाहिए, लेकिन भाजपा ने जो सरकार गिराने का देश मे मॉडल चलाया है, उसके तहत हिमाचल में भी सरकार गिराने की कोशिश की गई, लेकिन वह नाकाम रहे। भाजपा द्वारा हिमाचल में कांग्रेस विधायकों को खरीदने की कोशिश की गई, लेकिन 34 विधायक पूरी तरह से सरकार के साथ खड़े हैं और एकजुट हैं। नरेश चौहान ने कहा, भाजपा का मॉडल हिमाचल में फेल हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार स्थिर है और सभी विधायकों की आस्था कांग्रेस में हैं और भाजपा 34 विधायकों को नहीं खरीद सकती।



### लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुने प्रतिनिधियों को काले नाग कहना अनुचित: विपिन परमार

**शिमला।** भाजपा वरिष्ठ नेता, विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का अपने ही विधायकों को काला नाग बोलने वाला बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। शिमला में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान परमार ने कहा कि कांग्रेस विधायकों का रोष कांग्रेस सरकार के खिलाफ जगजाहिर हुआ। कांग्रेस विधायकों की सदस्यता एक फरमान से रद्द कर दी गई। कांग्रेस की अंतर्कलह, विधायकों की नाराजगी, मंत्री द्वारा पीड़ा व दर्द बताना, मंडी के बल्ह के पूर्व विधायक, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान अध्यक्ष द्वारा सरकार का विरोध है कि कांग्रेस की वर्तमान स्थिति से यही आभास होता है कि कांग्रेस में आपकी लड़ाई चरम पर है, उनके कारण यह राजनीतिक स्थिति आज प्रदेश में बनी है। विपिन परमार ने कहा कि वर्तमान सरकार सत्ता में रहने का अधिकार एवं हक पहले ही खो चुकी है और इस प्रकार की बयानबाजी साफ दिखाती है कि मुख्यमंत्री और सरकार दोनों परेशान हैं। परमार ने कहा कि प्रदेश में चल रहे राजनीतिक संकट के समय सुक्खू सरकार के एक महत्वपूर्ण मंत्री द्वारा त्यागपत्र की घोषणा, सीएम की कार्यप्रणाली की आलोचना तथा अपने परिवार की कांग्रेस में हो रही उपेक्षा के आरोप यह सिद्ध करते हैं कि प्रदेश की सुक्खू सरकार अपने राजनीतिक अंर्तद्वंद के कारण संकट में है ।



**प्रतियोगिता** नेरवा कॉलेज में वार्षिक एथलीट मीट का आयोजन, 400 छात्रों ने लिया भाग

## 100 और 400 मीटर दौड़ में गुलशेर फर्स्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, नेरवा/चैपाल**

राजकीय महाविद्यालय नेरवा के खेल परिसर में महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष बलवीर सिंह की अध्यक्षता में एकदिवसीय वार्षिक एथलीट मीट 23-24 का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के प्राचार्य हरबंस लाल शर्मा ने इस बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर कार्यक्रम का शुभारंभ मार्च पास्ट की सलामी लेकर किया।

इस मौके पर कॉलेज के शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग तथा चार सौ छात्रों ने 100 मीटर एवं चार सौ मीटर दौड़, गोला फेंक, लॉन्ग जंप व रस्साकशी में भाग लिया। 100 व 400 मीटर छात्र वर्ग दौड़ में बीए द्वितीय वर्ष के गुलशेर ने प्रथम व बीए द्वितीय वर्ष के ही अजय ने दूसरा स्थान झटका, जबकि छात्रा वर्ग में बीए द्वितीय वर्ष की छात्राएं तनुजा व लक्ष्मी क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहीं।



नेरवा कॉलेज में एथलीट मीट में भाग लेते नेरवा कॉलेज के छात्र।


गोला फेंक स्पर्धा में बीए तृतीय वर्ष के छात्र अभय रांटा पहले एवं बीए द्वितीय वर्ष के छात्र निखिल द्वितीय स्थान पर रहे। छात्र वर्ग के लांग जंप में बीए तृत्य वर्ष के गुलशेर ने बाजी मारी, जबकि छात्रा वर्ग का खताब बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा तनुजा ने अपने नाम किया। पुरुष वर्ग की रस्साकशी में कॉलेज स्टाफ ने जीत दर्ज की एवं महिला वर्ग की रस्साकशी में बीए तृतीय वर्ष की छात्राएं सब पर भारी रही। कार्यक्रम के अंत में मुख्यातिथि डॉ. हंस राज शर्मा द्वारा विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में प्रोफेसर नरेंद्र नेगी, डॉ. विकास सुमन, प्रो. सीमा जस्टा, प्रो. अमनदीप, प्रो. वरुण सूद, प्रो. आराधना नेगी, प्रो. कल्याण शर्मा, तपेंद्र मेहता, हरीश शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, अनीता रांटा, अनिता समटा, कोच अशोक शर्मा, राजेंद्र पिस्टा, राजेंद्र ठाकुर, प्रो. कमल, संदीप, नारायण, संतोषी व नजरो देवी का विशेष सहयोग रहा। राष्ट्र गान के साथ एथलीट मीट का समापन किया गया।

#### रस्साकशी में बीए तृतीय की छात्राओं ने मारी बाजी

## राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड ने रोकी मनरेगा मजदूरों की वित्तीय सहायता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री एवं श्रमिक कल्याण बोर्ड के नए अध्यक्ष सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शिमला में उनके कार्यालय में हिमाचल प्रदेश राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड की 44वीं बैठक आयोजित की गई। यह बैठक 29 फरवरी को रखी गई थी, लेकिन प्रदेश सरकार पर छाए संकट के कारण यह नहीं हो पाई और यह बैठक जल्दबाजी में केवल रस्मअदायगी के रूप में ही हुई। बैठक में लंबित मुद्दों पर निर्णय नहीं हो सके।



बोर्ड सदस्य व संयुक्त ट्रेड यूनियन संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र सिंह, इंटक की हेमा तंवर, बीएमएस के प्रदीप कुमार, एटक के जगदीश भारद्धाज और टीयूसीसी से रविंद्र कुमार रवि ने कहा कि उन्हें इस बैठक में गत डेढ़ साल से बोर्ड की रुकी हुई कार्यप्रणाली व सहायता जारी करने बारे निर्णय होने की उम्मीद थी, लेकिन मुख्यमंत्री केवल दस मिनट के लिए ही बैठक में आए और सरकार के बजट में की गई दो घोषणाओं को बोर्ड में लागू करने के बारे में बोल कर चले गए, जिस पर सभी मजदूर संगठनों के सदस्यों ने एतराज जताया है और बोर्ड के सचिव को दस दिन में रोकी गई वित्तिय सहायता राशि जारी करने का अल्टीमेटम दिया है। अन्यथा उसके बाद अभी यूनियनें पहले से जारी संघर्ष को और तेज करेंगी। उन्होंने कहा कि राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड ने गैर कानूनी तौर पर मनरेगा मजदूरों की वित्तिय सहायता रोकी है।

## न्यूज ब्रीफ

### अखिल मिस्टर और अंजली बनी मिस फेयरवेल



ददाहू में महाविद्यालय में आयोजित विदाई समारोह में चुने मिस्टर व मिस फेयरवेल।

**रेणुका जी।** महाविद्यालय ददाहू में तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पवन कुमार ने शिरकत की। समारोह में अखिल शर्मा को मिस्टर फेयरवेल और अंजली कुमारी को मिस फेयरवेल चुना गया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रो. नीलम कुमारी, प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. रमेश कुमार, डॉ. मिल्ला राम, प्रो. अशोक कुमार, प्रो. सुरम्या गुसाई, प्रो. बवीता मेहता, सहायक पुस्तकालय विजय कुमार, अधीक्षक आकाश बिश्नोई, लिपिक सुरेंद्र कुमार, सहायक तकनीकी सुमित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### जिसे भगवान का प्रेम प्राप्त हो, वह भाग्यशाली : शर्मा



करगाणू सनौरा पंच परमेश्वर शिव मंदिर में कथा का श्रवण करते श्रद्धालु।

**सोलन।** करगाणू सनौरा पंच परमेश्वर शिव मंदिर परिसर में चल रही शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन आचार्य प्रियव्रत शर्मा ने कहा कि जिसे भगवान का प्रेम प्राप्त हो, वह भाग्यशाली है। भगवान के विषय में जानने के लिए जो जिज्ञासु हो, वह भाग्यवान है। लोग जो भक्ति को धारण करते हैं, कलयुग के प्रभाव से बच जाते हैं। शौनक जी ने कहा कि कुछ प्राचीन इतिहास का वर्णन मुनियों ने कुछ इस प्रकार से दिया है, जिसके श्रवण या पठन से पापों का संपूर्ण नाश हो जाता है।

### उलटा चोर कोतवाल को डांटे : मेला राम

**नाहन।** जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने मुख्यमंत्री सुक्खू पर प्रहार करते हुए कहा कि अपनी पार्टी के विधायकों को संभालने में तो पूरी तरह से असफल रहे और उनके किए हुए आवेदनों पर सहमति देने की बजाए ठुकराते रहे, जिस कारण पार्टी में दरार बढ़ती गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का स्वभाव हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह के परिवार के प्रति भी द्वेषपूर्ण रहा जिस कारण पार्टी में दरार इतनी गहरी हो गई कि हिमाचल में कांग्रेस पार्टी दोफाड़ होकर रह गई है। शर्मा ने आरोप लगाया कि पार्टी को दोफाड़ करने का काम तो मुख्यमंत्री ने खुद किया है और अब अपने किए कर्मों का ठीकरा भाजपा पर फोड़ना चाह रहे हैं और पुरानी कहावत को सच करने का प्रयास कर रहे हैं 'उलटा चोर कोतवाल को डांटे'। उन्होंने कहा कि जनता सब जानती है और मौका मिलते ही इसका परिणाम भी सामने आ जाएगा।

### जल स्रोतों की स्वच्छता की मुहिम शुरू

**राजगढ़।** जल शक्ति मंडल राजगढ़ ने अधिशाषी अभियंता की पहल पर पेयजल योजनाओं के सुधारीकरण तथा जल स्रोतों की स्वच्छता की मुहिम शुरू की गई। जल शक्ति मंडल राजगढ़ ने राजगढ़ शहर के वार्ड नंबर चार की एक बावड़ी का आधुनिकीकरण किया है। जिसमें बावड़ी के अंदर जाए बिना पानी बाहर निकल आता है और बावड़ी में गंदगी नही फैलती है। जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता मनदीप गुप्ता ने बताया कि शहर में न केवल इस बावड़ी बल्कि राजगढ़ शहर की उठाऊ पेयजल योजना जोकि पैरवी खड्ड से शलाना आती है और वहां से शहर को पानी वितरण होता है। उसके पंप हाउस का भी सुधारीकरण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त शहर में पेयजल योजना की पाईपों में लीकेज का निरीक्षण सहायक अभियंता व फील्ड स्टाफ द्वारा किया जा रहा है ताकि पानी की बर्बादी रोकने के अतिरिक्त लीकेज से फैलने वाली गंदगी को भी रोका जा सके।

### दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत सहायता प्रदान



राज्य सहकारी बैंक खैरी की शाखा प्रबंधक निशा ठाकुर मृतक के परिजनों को बीमा राशि का चेक प्रदान करती हुई।

**राजगढ़।** राज्य सहकारी बैंक की खेरी शाखा ने समूह व्यक्ति दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत एक व्यक्ति को उसके पिता की मृत्यु के उपरांत 30 लाख की सहायता का लाभ प्रदान किया है। यह राशि मृतक के पुत्र के खाते में जमा की गई है। राज्य सहकारी बैंक खैरी की शाखा प्रबंधक निशा ठाकुर ने बताया कि भीम सिंह जो कि लोनिवि में कार्यरत थे, जिनकी मृत्यु हो गई थी। मृत्यु के कुछ दिनों पहले उन्होंने अपने वेतन खाते से केयर हेल्थ बीमा योजना में आवेदन करके प्रीमियम की पहली किस्त के तौर पर मात्र 284 रुपए जमा करवाए थे और इस योजना का लाभ उनके परिजनों को मिला। वहीं, केयर हेल्थ के वरिष्ठ प्रबंधक बालम राम ठाकुर ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत प्रदेश भर में 21 700 कर्मचारी इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। मृतक भीम सिंह के परिवार वालों ने केयर हेल्थ का सहायता प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया।

### पांवटा में धूमधाम से मनाया जाएगा होला मेला



प्लॉट्स और लाइट्स की नीलामी के दौरान मौजूद नप पदाधिकारी व अधिकारी।

**पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब में इस वर्ष भी होला मेला धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसको लेकर नगर परिषद ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। शुक्रवार को नगर परिषद सभागार में प्लॉट्स और लाइट्स की नीलामी हुई। इस दौरान दूरदराज से प्लाट लेने के लिए कई ठेकेदार पांवटा साहिब पहुंचे। नगर परिषद अध्यक्ष निर्मल कौर और अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद एसडीएम पांवटा गुजित सिंह चीमा के दिशा-निर्देश में खुली बोली हुई। इसमें ठेकेदार अजय टंडन निवासी विकासनगर ने खुली बोली में 52.4 लाख में प्लाट अपने नाम किए। मेले में लगने वाली लाइट की नीलामी देवेंद्र शर्मा निवासी सहारनपुर ने 4.01 लाख में अपने नाम की। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी एसडीएम पांवटा गुजित सिंह चीमा ने बताया कि इस बार झूले, मेला प्लाट व लाइट की बोली 1,31,56,000 रुपए में गई है। जिसमें जीएसटी अलग से है। उन्होंने कहा कि इस बार होली मेले में नगर परिषद को एक करोड़ से अधिक की कमाई हुई है। इस दौरान बोली में नगर परिषद की अध्यक्ष निर्मल कौर, पार्षद रोहताश नागिया, रविंद्रपाल खुराना, दीपा शर्मा, दीपक मलहंस, नगर परिषद के लिपिक बारू राम, मधुकर, कमलेश व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### जनता का भाजपा के प्रति भारी रोष : सोलंकी



**नाहन।** नाहन के कांग्रेसी विधायक अजय सोलंकी ने भाजपा को प्रजातंत्र विरोधी करार देते हुए देश के लिए बड़ा खतरा बताया है तो वहीं, बागी विधायकों को पार्टी के साथ की गई गद्दारी को लेकर सोलंकी ने कहा जो अपनी जननी के साथ धोखा कर सकते हैं, वे आम जनता को क्या बख्शेंगे। सोलंकी ने कहा कि इन बागी विधायकों को उनके विधानसभा क्षेत्र की जनता ने कांग्रेस में आस्था जताते हुए जीत दिलाई थी। उन्होंने कहा आज उनके अपने विधानसभा क्षेत्र में जनता इन्हें गद्दार कह रही है। सोलंकी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रजातंत्र में विश्वास रखती है और जनता के भरोसे को बरकरार रखते हुए फैसला भी लेती है। उन्होंने कहा कि यदि बागी विधायक अपनी गलती को मानते हुए वापसी करते हैं तो मुख्यमंत्री निश्चित ही उन्हें माफ भी कर देंगे। निश्चित ही लोकसभा चुनाव में इसका परिणाम प्रदेश की जनता उन्हें जरूर देगी।

# सोलन नगर निगम में अहम पद खाली होने से प्रभावित हो रहे विकास कार्य

## तीन कनिष्ठ अभियंताओं के भरोसे शहर के 17 वार्ड, शहर की स्वच्छता राम भरोसे

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन में कई अहम पद खाली होने से विकास कार्यों सहित नक्शा पास, रिकवरी, डॉग स्टरलाइजेशन महत्वपूर्ण, पेंशन और ई ऑफिस जैसे महत्वपूर्ण कार्य लंबित हो रहे हैं। निगम ने एक प्रस्ताव पास कर राज्य सरकार से तहसीलदार (वसूली), पशु चिकित्सा सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारी, कंप्यूटर प्रोग्रामर, फोरमैन (इलेक्ट्रिक), सहायक सामाजिक विकास अधिकारी, सर्वेक्षक, पांच कनिष्ठ कार्यालय सहायकों के पद सृजित करने का आग्रह किया है। इसके अलावा दो सेनेटरी इंस्पेक्टर और चार चपरासी की भी मांग है।

कनिष्ठ अभियंताओं की कमी के कारण शहर में विकास कार्यों की डीपीआर, मकानों के नक्शे, पानी और सीवरेज के तकनीकी कार्य लंबित हो रहे हैं। हालात यह है कि निगम के तीन कनिष्ठ अभियंताओं के भरोसे शहर के 17 वार्ड हैं, जबकि मांग आठ कनिष्ठ अभियंताओं की है। लोगों को अपने कार्यों के लिए बार बार कार्यालय की चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ता है। सफाई निरीक्षकों और कर्मचारियों की कमी से भी शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाना चुनौती बन चुका है।



नगर निगम सोलन का कार्यालय। (फाइल फोटो)

### राजस्व जमा करने के लिए फील्ड स्टाफ नहीं

2020 में परिषद से अपग्रेड होने के बाद से नगर निगम का राजस्व और काम पांच गुना बढ़ गया है, लेकिन पर्याप्त कर्मचारियों की कमी इसकी दक्षता पर पड़ रही है। नगर निकाय आय के साधन जुटाने को फील्ड स्टाफ की मांग कर रहा है, लेकिन लगातार राज्य सरकार से इसकी मंजूरी नहीं मिल रही है। निगम ने अधिक पदों के सृजन के लिए अगस्त 2022 में सामान्य सदन में एक प्रस्ताव पारित किया था। 17 वार्डों वाले सोलन शहर की जनसंख्या करीब 50 हजार है, जबकि घरों की संख्या भी बढ़कर लगभग 12,000 हो गई है। काम में कई गुना वृद्धि के कारण प्रभावी सेवाओं के साथ-साथ आय के साधन जुटाने के लिए अधिक कर्मचारियों की आवश्यकता थी। पानी की बिल बकाया वसूलने के लिए नगर निगम के पास पर्याप्त संख्या में मीटर रीडर नहीं हैं।

### निगम में 84 पद रिक्त, विकास कार्य अधूरे

**नगर** निगम में पहले 206 स्वीकृत पद सृजित थे, जिसमें से 56 रिक्त हैं। निगम बनने के बाद कर्मचारियों की संख्या बढ़ाकर 231 कर दी गई है, पर अभी भी 84 पद रिक्त हैं। इसमें मुख्यता कार्यकारी अभियंता, स्वास्थ्य अधिकारी, टाउन प्लानर, योजना अधिकारी, सफाई निरीक्षक, मीटर रीडर, ड्राइवर, बेलदार आदि जैसे प्रमुख पद रिक्त होने से शहर के विकास गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। स्टाफ की कमी से पार्किंग स्थल, परिवहन नगर, फुटपाथ निर्माण की योजनाएं अधर में हैं।

> राज्य सरकार को रिक्त पदों को भरने की मांग भेजी गई है। हाल ही में पार्षदों का एक प्रतिनिधिमंडल शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मिला था। मंत्री से रिक्त पदों को भरने की मांग की गई है। उम्मीद है कि सरकार जल्द ही निगम की मांग पर ध्यान देगी।
>
> **-उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

## प्रधानमंत्री सूर्याघर योजना के तहत करवाएं पंजीकरण

**सोलन।** डाक मंडल सोलन के अधीक्षक राम देव पाठक ने जानकारी दी कि नवीन और नवीनीकरण ऊर्जा मंत्रालय के निर्देशानुसार घर-घर जाकर डाक विभाग के माध्यम से प्रधानमंत्री सूर्या घर योजना के तहत सोलन और सिरमौर जिले के 26500 बिजली उपभोक्ताओं का सर्वेक्षण किया जाएगा। राम देव पाठक ने कहा कि इस योजना के तहत 0-150 यूनिट मासिक बिजली उपभोग के लिए उपयुक्त रूफटॉप सोलर प्लांट क्षमता एक-दो किलोवाट के लिए 30 से 60 हजार रुपए तक अनुदान का प्रावधान है।

150-300 यूनिट मासिक बिजली उपभोग के लिए उपयुक्त रूफटॉप सोलर प्लांट क्षमता दो-तीन किलोवाट के लिए 60 हजार से 80 हजार रुपए तक का अनुदान तथा 300 से अधिक मासिक विद्युत उपभोग के लिए उपयुक्त रूफटॉप सोलर प्लांट क्षमता तीन किलोवाट से अधिक के लिए 78 हजार रुपए का अनुदान का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ता पत्रवाहनों, सहायक शाखा डाकपालों, ग्रामीण डाक सेवकों से सुपर्क स्थापित कर अपना पंजीकरण करवा सकते है। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की।

## समाचार लेखन व संपादन पत्रकारिता के दो मुख्य आधार : कपूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**





सोलन पीजी कॉलेज में मीडिया कार्यशाला के दौरान प्रतिभागी।

पीजी कॉलेज सोलन में एक मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की ओर से किया गया। कार्यशाला में वरिष्ठ पत्रकार यशपाल कपूर व वरिष्ठ पत्रकार संजीव अवस्थी ने अपने अनुभव साझा किए, साथ ही पत्रकारिता की व्यवहारिक जानकारी दी।

इस अवसर पर बोलते हुए यशपाल कपूर ने प्रिंट मीडिया तथा समाचार लेखन से जुड़े विभिन्न पहलुओं से पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थियों को अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि समाचार लेखन व संपादन पत्रकारिता के दो मुख्य आधार हैं। यह युग सूचना का युग है, इसलिए आज की दुनिया में समाचार मानव जीवन की अनिवार्य आवश्यकता बन चुका है, ऐसे में हमारा दायित्व कई गुणा बढ़ जाता है।

लेखन का गोल्डन रूल यह है कि समाचार में जानकारी अधूरी नहीं होनी चाहिए। वहीं, वरिष्ठ पत्रकार संजीव अवस्थी ने छात्रों को वर्तमान समय में ऑनलाइन मीडिया तथा सोशल मीडिया के बढ़ते चलन इसके दुष्प्रभाव, लाभ तथा हानियां के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि आज के इस प्रतियोगी युग में जो भी सूचना आप तक पहुंच रही है, पहले उसके फैक्ट को वेरीफाई करें तभी उसे आगे भेजें। इसमें थोड़ा सब्र बरतें। ऑनलाइन पत्रकारिता में भी हमारा उपभोक्ता नया कंटेंट पसंद करता है, इसलिए खोजी पत्रकारिता जरूरी है। पत्रकारिता विभाग के प्राध्यापक डॉ. मुकेश कुमार शर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला से पत्रकारिता के विद्यार्थियों को निश्चित तौर पर लाभ मिलेगा और वरिष्ठ पत्रकारों के अनुभव से उनका ज्ञानवर्धन होगा। प्रिंसिपल डॉ. रीता शर्मा ने ऐसी कार्यशालाओं को भविष्य में भी जारी रखने की सलाह दी।

## सोलन में कल बिजली आपूर्ति नहीं होगी बाधित

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार चार मार्च को सोलन में बाधित की जाने वाली बिजली आपूर्ति को खराब मौसम के दृष्टिगत स्थगित कर दिया गया है। इस कारण चार मार्च को सोलन में अब बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होगी। यह जानकारी सोलन विद्युत उपमंडल के अतिरिक्त अधिशाषी अभियंता राहुल वर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि भविष्य में बाधित होने वाली बिजली आपूर्ति के संबंध में पूर्व में सूचित किया जाएगा।

## पांवटा में 24,089 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो दवा



एसडीएम पांवटा साहिब।

**पांवटा साहिब।** विधानसभा पांवटा साहिब में तीन मार्च से पल्स पोलियो अभियान शुरू होने जा रहा है। पल्स पोलियो अभियान को लेकर एसडीएम गुंजीत सिंह चीमा की अध्यक्षता में बैठक हुई। एसडीएम ने बताया कि चार ट्रांजिट बूथ बनाए गए हैं और तीन मोबाइल टीमें कार्य करेंगी। 138 बूथ स्थापित किए जाएंगे। इसमें पांच वर्ष से कम उम्र के कुल 24,089 बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई जाएगी। बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी राजपुर केएल भगत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## भगवान भोलेनाथ अभिषेक से हो जाते हैं प्रसन्न

**अर्की।** शिव तांडव गुफा विकास समिति व शंभू परिवार के सौजन्य से प्राचीन शिव तांडव गुफा कुनिहार में चल रही ग्यारह दिवसीय शिव महापुराण कथा के छठे दिन कथावाचक आचार्य हेमंत भारती ने कथा को आगे बढ़ाते हुए आज कथा प्रषंग में शिव की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि भगवान भोले भाव के भूखे हैं। श्रद्धा से उन्हें जो भी आप दूध, बिलपत्र, गंगाजल, फल-फूल कुछ भी चढ़ाते हैं और अभिषेक करते हैं, वह खुश होकर भक्त को मनचाहा वरदान दे देते है। आचार्य ने श्रोतोओं को गाय की सेवा करने व गौमूत्र व गाय के दूध के लाभ बताए। समिति अध्यक्ष रामरतन व प्रेस सचिव मनोज भारद्वाज ने बताया कि प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर शिवलिंग की विशेष पूजा की जा रही है। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष रामरतन तनवर, उपाध्यक्ष रितु ठाकुर, कोषाध्यक्ष गुमान कंवर, प्रेस सचिव मनोज भारद्वाज, पंडित हेमंत शर्मा, दलीप ठाकुर, हरि सिंह पॉल, नेकराम वर्मा, जयपाल, राजेश, पवन सहित सभी समिति व शंभू परिवार के सदस्य व सैकड़ो श्रोता मौजूद रहे।



प्राचीन शिव तांडव गुफा कुनिहार में शिव महापुराण कथा सुनते श्रद्धालु।

## प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में दी जानकारी

**नाहन।** प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के तहत विस्तारित उत्पादित जिम्मेदारी की पूर्ति के संबंध में कालाअंब में सदस्य सचिव, एचपीएसपीसीबी की अध्यक्षता में निर्माता आयातक, ब्रांड मालिकों, अपशिष्ट प्रबंधन एजेंसियों और शहरी विकास विभाग के साथ एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में एचपीएसपीसीबी के सदस्य सचिव अनिल जोशी ने औद्योगिक इकाइयों को निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित करें कि राज्य में प्लास्टिक अपशिष्ट रिसाइक्लर के साथ जुड़कर हिमाचल प्रदेश में उत्पन्न कचरे के ईपीआर लक्ष्यों को राज्य के भीतर ही पूरा किया जाए। इसके अलावा यह अवगत कराया गया कि राज्य शहरी स्थानीय निकायों को पंजीकृत कर रहा है, जो पंजीकृत प्लास्टिक अपशिष्ट पुनर्चक्रण कर्ताओं के साथ समन्वय करेंगे।

## सड़क सुरक्षा पर लोग किए जागरूक





अर्की महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी।

**अनंत ज्ञान, अर्की**

राजकीय महाविद्यालय अर्की में महाविद्यालय के सड़क सुरक्षा क्लब एवं एनसीसी के कैडेट्स द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गईं। इस दौरान महाविद्यालय परिसर से बातल चौक तक रैली का आयोजन भी किया गया।

रैली के दौरान विद्यार्थियों ने अर्की पुलिस के सहयोग से लोगों को जागरूक करते हुए सड़क सुरक्षा से संबंधित पोस्टर भी बांटे। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में नारा लेखन, निबंध लेखन और रंगोली प्रतियोगिता भी करवाई गई।

इस अवसर पर रोड़ सेफ्टी क्लब के प्रभारी सोहन नेगी ने विद्यार्थियों को आम लोगों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जागृति पैदा करने के लिए प्रेरित किया।महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. सुनीता शर्मा ने कहा कि छात्र सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का सदैव पालन करें तथा अन्य नागरिकों को भी इन नियमों से संबंधित जानकारी उपलब्ध करवाते रहें ताकि कोई मौत का शिकार न हो या अपाहिज न हो पाए।

## कांग्रेस ने विधायक का पुतला जलाकर किया विरोध

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



लोक निर्माण विभाग गृह के बाहर पुतला जलाते कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सहित अन्य।

**विधायक ने सरकार व क्षेत्र की जनता के साथ किया विश्वासघात : बावा**

विधानसभा क्षेत्र नालागढ़ से आजाद विधायक केएल ठाकुर ने कांग्रेस सरकार के साथ-साथ नालागढ़ की जनता से भी विश्वासघात किया है। यह आरोप कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव हरदीप बाबा ने नालागढ़ में प्रेस कान्फ्रेंस में लगाया। कांग्रेस ने नालागढ़ के विश्रामगृह के बाहर आजाद विधायक का पुतला जलाकर नारेबाजी की।

कांग्रेस महासचिव हरदीप सिंह बावा ने कहा कि केएल ठाकुर को नालागढ़ की जनता ने विकास के लिए चुना था और कांग्रेस सरकार बनते ही सबसे पहले मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को केएल ठाकुर ने बधाई दी थी और कांग्रेस के सहयोगी सदस्य बन गए थे, जिसके कारण मुख्यमंत्री ने अपने कार्यकर्ताओं की भी अनदेखी करके विधायक को प्राथमिकता दी और उनके कहने से विकास के कार्य करवाए, परंतु जब सरकार की परीक्षा की घड़ी आई तो विधायक ने सरकार का साथ देने की बजाए विश्वासघात करके भाजपा के प्रत्याशी को वोट डाला।

हरदीप बावा ने भारतीय जनता पार्टी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वह कांग्रेस सरकार को गिराना चाहती है क्योंकि भाजपा का इतिहास रहा है पहले भी मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार को गिराकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाई थी, लेकिन हिमाचल में भाजपा के मंसूबे पूरे नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश अध्यक्षा प्रतिभा सिंह के नेतृत्व में एकजुट है।

इस अवसर पर हरदीप बाबा के अलावा मनोज वर्मा, नप अध्यक्ष अलका वर्मा, मनीष राजदेव, पार्षद महेश गौतम, पार्षद अमरिंदर भिंडर, ट्रक सोसायटी के कैशियर इंद्रजीत सिंह सोनू, उजागर चौधरी, परमजीत सिंह, महेंद्र सिंह, गुरदीप चौधरी, राकेश कुमार, प्रिंस शमा, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छात्रों ने किया पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय का दौरा



पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय परिसर पहुंचे कॉलेज ऑफ लॉ के विद्यार्थी।

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश कॉलेज ऑफ लॉ के विद्यार्थियों ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय, चंडीगढ़ का दौरा किया। हिमाचल प्रदेश कॉलेज ऑफ लॉ कॉलेज कालाअंब के छात्रों ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय चंडीगढ़ का दौरा किया। इस विजिट का मुख्य उद्देश्य छात्रों को अदालती कार्यवाही के बारे में जागरूक करना था, जिससे छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि हो। इस संबंध में सहायक प्रो. मनीष कुमार और जसदीप धीमान द्वारा छात्रों का मार्गदर्शन किया गया। इस अवसर पर हिमालयन समूह के अध्यक्ष रजनीश बंसल ने छात्रों को अदालती यात्राओं के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष विकास बंसल और सीईओ मन्नत बंसल भी उपस्थित थे। हिमाचल प्रदेश कॉलेज ऑफ लॉ के प्रिंसिपल डॉ. अश्विनी कुमार ने कानूनी पेशे के महत्व के बारे में जानकारी दी।

**प्रतिस्पर्धा** — ददाहू महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

## छात्र वर्ग में बेस्ट एथलीट नीरज और छात्रा वर्ग में लक्ष्मी

**अनंत ज्ञान, रेणुका जी**



राजकीय महाविद्यालय ददाहू में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी।

राजकीय महाविद्यालय ददाहू में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. पवन कुमार ने समारोह का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गईं। शार्टपुट छात्रा वर्ग में क्रमश: प्रथम स्थान लक्ष्मी, जबकि छात्र वर्ग में प्रथम स्थान नीरज न प्राप्त किया।

जेवलिन थ्रो में छात्र वर्ग में प्रथम स्थान ज्योति पवार जबकि छात्र वर्ग में प्रथम स्थान नीरज ने प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो में छात्र वर्ग में प्रथम स्थान लक्ष्मी जबकि छात्र वर्ग में प्रथम स्थान आर्यन ने प्राप्त किया। लंबी कूद में छात्र वर्ग में प्रथम स्थान अंजना, जबकि छात्र वर्ग में प्रथम स्थान मनीष ने प्राप्त किया। 100 मीटर में छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान अंजना जबकि छात्र वर्ग में प्रथम स्थान सचिन ने प्राप्त किया। ऊंची कूद में छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान अंजना, जबकि छात्र वर्ग में प्रथम स्थान नितेश सिंह ने प्राप्त किया। छात्र वर्ग में बेस्ट एथलीट नीरज और छात्रा वर्ग में लक्ष्मी को घोषित किया और सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम के अवसर पर आज के विशिष्ट अतिथि पंकज गर्ग पंचायत ददाहू के प्रधान, प्रो. मनोज शर्मा, संजय ठाकुर, मनोज ठाकुर, दीप राम शर्मा, आकाश बिश्नोई के अतिरिक्त महाविद्यालय के प्रो. नीलम कुमारी, प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. रमेश कुमार, प्रो. मिला राम, प्रो. अशोक कुमार, (स्पोर्ट्स नोडल अधिकारी) प्रो. सुरम्या गोसाई, प्रो. बबीता मेहता, विजय कुमार, सुरेंद्र शर्मा व सुमित शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पवन कुमार ने मेडल देकर सम्मानित किया।

## पुरुष वर्ग में 100 मीटर दौड़ में गौरव और महिला वर्ग में शगुन प्रथम

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

उपतहसील पझोता के यूथ मीडिया क्लब मामला की ओर से एकदिवसीय खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें महिला व पुरुष वर्ग में कबड्डी, रस्साकशी , 100 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप, हाई जंप आदि। प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया। नेहरू युवा केंद्र नाहन के सौजन्य से आयोजित प्रतियोगिता में युवा व युवतियों ने भाग लिया।

यूथ मीडिया अध्यक्ष संदीप कश्यप ने बताया कि कबड्डी मे पुरुष वर्ग मे नवयुवक मंडल पड़िया नहेरटी बघोट पंचायत ने प्रथम स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में प्रथम स्थान महिला मंडल कोटला बांगी व द्वितीय स्थान महिला मंडल चंदौल ने प्राप्त किया। रस्साकशी प्रतियोगिता मे पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान नवयुवक मंडल शाया, जबकि महिला बर्ग में प्रथम स्थान महिला मंडल कोटला बांगी ने हासिल किया।

एथलेटिक्स मे पुरुष वर्ग मे 100 मीटर दौड़ मे गौरव प्रथम, महिला वर्ग मे शगुन ने प्रथम स्थान हांसिल किया। लॉन्ग जंप में पुरुष वर्ग मे अमित ने प्रथम और महिला वर्ग मे प्रीति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हाई जंप मे पुरुष वर्ग मे गौरव ने प्रथम और महिला वर्ग मे पीहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस दौरान प्रधान स्थानीय पंचायत प्रधान रणवीर ठाकुर, नेहरू युवा केंद्र की तरफ से राहुल ठाकुर व आशीष ठाकुर भी उपस्थित रहे।

## आशा देवी को सौंपी 25,000 रुपए की राशि

**नूरपुर।** नूरपुर विधानसभा के ग्राम पंचायत मिलख (गांव गलूं, वार्ड नंबर- तीन) की रहने वाली आशा देवी सीकेडी अर्थात किडनी रोग से ग्रसित हैं। बीमार होने से पहले आशा सरकारी विद्यालय में चपरासी की नौकरी करती थी पर बीमारी शुरू होने के बाद उनकी आय का अब कोई स्थायी साधन नहीं बचा। इसलिए उनकी सहायता हेतु रणजीत बख्शी जनकल्याण सभा ने उन्हें 25,000 रुपए की सम्मान राशि दी है व मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से उन तक मदद पहुंचाने का प्रयास भी किया है। आशा के परिवार की इस मुश्किल घड़ी में हम उनके साथ खड़े हैं।

### बेहतर सुविधाओं के लिए तरसे लोग, आम जनता को पुराने अस्पताल के प्रसूति विभाग से लेकर जच्चा-बच्चा वार्ड तक खाने पड़ रहे हैं धक्के

# टांडा में जीएस बाली मदर एंड चाइल्ड अस्पताल तैयार, उद्घाटन का इंतजार

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

अच्छे इलाज की उम्मीद में टांडा अस्पताल पहुंचने वाले लोगों को यदि बेड ही न मिल पाएं तो मरीजों के हालात क्या होंगे, इस बात का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। टांडा अस्पताल में हालात अभी भी ऐसे हैं कि गर्भवती महिलाओं को एक बेड साझा करना पड़ता है।

इसी समस्या को देखते हुए टांडा में गर्भवती महिलाओं एवं नवजात बच्चों के इलाज के लिए पूर्व मंत्री एवं दिग्गज कांग्रेस नेता स्व. जीएस बाली के नाम पर जीएस बाली मदर एंड चाइल्ड अस्पताल बनाया गया है। इसे बने हुए एक साल से अधिक समय हो गया है, लेकिन करोड़ों रुपए से बने इस भवन का उद्घाटन अभी तक नहीं हो पाया है। डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में तैयार हो चुका जीएस बाली मदर एंड चाइल्ड अस्पताल उद्घाटन के लिए तरस रहा है। जनता में रोष है कि इसका उद्घाटन क्यों नहीं किया जा रहा।

अहम मुद्दा यह है कि इसके शुरू न होने से आम जनता को पुराने अस्पताल के पुराने प्रसूति विभाग से लेकर जच्चा-बच्चा वार्ड तक धक्के खाने पड़ रहे हैं। इसमें समस्या यह है कि जच्चा-बच्चा वार्ड में एक ही बेड पर दो-दो मरीजों को सोना पड़ रहा है। अब इसे अस्पताल की बेबसी कहें या प्रशासन की लापरवाही, भुगतनी आम जनता को पड़ रही है।

ऐसे में अगर जीएस बाली मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल का उद्घाटन जल्दी हो जाए तो जनता को भरपूर फायदा हो सकता है। इस भवन में गर्भवती महिलाओं एवं नवजात बच्चों के इलाज की तमाम सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस अस्पताल में 200 बेड की कैपेसिटी है। बच्चों के लिए वेंटीलेटर सहित विभिन्न सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। (अनंत ज्ञान)

### अस्पताल शुरू करने के लिए सरकार से करेंगे आग्रह : अजय भानु

**डॉक्टर** राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा के प्रधानाचार्य अजय भानु ने बताया कि अस्पताल तो पूर्ण रूप से तैयार हो चुका है। अब इसका उद्घाटन करना सरकार के अधीन है। उन्होंने बताया कि सरकार के समक्ष इस अस्पताल को जल्द शुरू करने के लिए आग्रह किया जाएगा, ताकि मरीजों को बेहतर सुविधाएं जल्द से जल्द मिलना शुरू हो सकें।




टांडा में जीएस बाली मदर एंड चाइल्ड अस्पताल की बिल्डिंग उद्घाटन के इंतजार में। (फाइल फोटो)

## न्यूज ब्रीफ

### कछियारी में आमने-सामने भिड़ीं दो कारें



**कांगड़ा।** जिला के पुलिस थाना कांगड़ा के तहत कछियारी में दो कारों में भिड़ंत होने का मामला सामने आया है जानकारी के अनुसार विपरीत दिशा से आई हुई यह दोनों कारें कछियारी में पेट्रोल पंप के सामने आपस में टकरा गई। इस हादसे में दोनों कारों को काफी क्षति पहुंची है। हालांकि सवार सुरक्षित बताए जा रहे हैं

### घुग्गर टांडा में आठ ग्राम चिट्टा बरामद

**पालमपुर।** पुलिस थाना पालमपुर के तहत घुग्गर टांडा में शशि कुमार, दीपक कुमार व पंकज कुमार निवासी घुग्गर टांडा वार्ड नंबर-12 नगर निगम पालमपुर के घर से आठ ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। इस संदर्भ में पुलिस ने मामले को दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### साढ़े नौ ग्राम हेरोइन के साथ दो युवक दबोचे

**धर्मशाला।** नशे के खिलाफ छेड़े अभियान के तहत कांगड़ा पुलिस ने कांगड़ा के तरसूह से दो युवकों को साढ़े नौ ग्राम हेरोइन के साथ दबोचा है। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार कांगड़ा के तरसूह निवासी 23 वर्षीय राहुल नशे का आदी है और उसे धर्मशाला को सिद्धबाड़ी निवासी 22 वर्षीय रितिक बाइक पर राहुल को नशे की खेप डिलीवर करने आया था। पुलिस ने जाल बिछा कर दोनों युवकों को हेरोइन एवं बाइक के साथ रंगे हाथों पकड़ा है। पुलिस अधिकारियों की माने तो राहुल को इससे पूर्व भी स्थानीय लोगों ने नशे की खराब लत के कारण पीटा है लेकिन उसकी आदतों में कोई सुधार नहीं आया। पुलिस ने उक्त मामले को विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सीयू देहरा में एनएसएस शिविर का आगाज

**देहरा।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के सप्त सिंधु परिसर देहरा की एनएसएस इकाई की ओर से 'विकसित युवा से विकसित भारत' के शीर्षक के अंतर्गत सात दिवस शिविर का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के मुख्यातिथि देहरा परिसर निर्देशक प्रो. नारायण सिंह राव और विशिष्ट अतिथि डॉ मलकीत सिंह रहे। कार्यक्रम के आरंभ में कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. श्रेया बख्शी ने अतिथियों का स्वागत किया एवं उन्होंने शिविर के शीर्षक की चर्चा करते हुए कहा कि विकसित युवाओं से ही भारत को विकसित किया जा सकता है।

### अधूरा डंगा दे रहा बड़े हादसे को न्योता

**गरली।** गरली के निकटवर्ती गांब कूहना स्कूल के पास नाले का अधूरा डगां बड़े हादसे को न्योता दे रहा है। यहां लोक निर्माण विभाग की हल्की सी लापरवाही वाहन चालको की तो छोड़ो पैदल राहगीर व स्कूली बच्चों की कीमती जिन्दगी पर भारी पड़ सकती है। स्थानिय ग्रामीणो का कहना है कि कूहना स्कूल स्थित सड़क किनारे यहां गहरा नाला है लोक निर्माण विभाग ने यहां सड़क के बचाव हेतु डगां तो लगाया हुआ है, लेकिन यहां उपरोक्त गहरे नाले पर कुछेक जगह मे डगां न लगाकर उसे खुला छोड दिया है। वहीं ग्रामीणों का अरोप है कि यहां सडक किनारे बने इस नाले का पता ही नहीं चलता है और अनजान वाहन चालक कई बार धोखा खा जाते है। वहीं, ग्रामीणों ने स्थानिय विभागिय प्रशासन से मांग की है कि उपरोक्त गहरे नाले का मुआइना करके यहां समस्या हल की जाए, ताकि कोई हादसा न हो।

### हलेड हाई स्कूल का नाम शहीद अनिल चौहान के नाम करने पर जताया आभार

**पंचरुखी।** प्रदेश कैबिनेट की बैठक में विधानसभा जयसिंहपुर को बड़ी सौगातें मिलने पर जयसिंहपुर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष जसवंत डढवाल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व प्रदेश कैबिनेट में आयुष खेल व कानून मंत्री यादविंद्र गोमा का आभार जताया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जयसिंहपुर में जल शक्ति विभाग का डिवीजन, सलियाना छिंज मेले को राज्य स्तरीय दर्जा, जयसिंहपुर होली मेला को जिला स्तरीय दर्जा मिला है। साथ ही चंद्रेन स्कूल को मिडल से हाई स्कूल का दर्जा देना व हलेड़ हाई स्कूल का नाम क्षेत्र के सबसे बड़े बहादुरी पुरस्कार विजेता चंबी के शहीद अनिल चौहान के नाम पर किया गया। जसवंत डढवाल ने कहा कि शहीद अनिल चौहान मात्र 21 वर्ष की आयु में अपनी पहली पोस्टिंग के दौरान 2002 में असम में तीन उग्रवादियों को मार कर देश के लिए शहीद हो गए थे। बाद में उनकी बहादुरी के लिए वर्ष 2003 के उन्हें कीर्ति चक्र से नवाजा गया था। डढवाल ने कहा कि बर्षो से शहीद अनिल चौहान के परिजन हलेड स्कूल का नाम उनके नाम पर करने के प्रयास कर रहे थे, लेकिन उनकी फ़ाइल आगे नहीं बढ़ पा रही थी। जब शहीद अनिल के भाई संदीप चौहान मंत्री यादविंद्र गोमा से मिले तो उन्होंने तुरंत उनकी फाइल मंगवाई और एक महीने के अंदर ही स्कूल का नाम शहीद अनिल चौहान के नाम पर करने की मुहर लगा दी।

# इंश्योरेंस पर नहीं दिया क्लेम, अब बीमा कंपनी को देने होंगे 15 लाख

### उपभोक्ता आयोग धर्मशाला की खंडपीठ ने सुनाया फैसला, 50 हजार मुआवजा भी देना पड़ेगा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

वाहन का इंश्योरेंस होने के बावजूद दुर्घटना के उपरांत मृतक के परिजनों को क्लेम राशि न देने पर टाटा एआईजी इंश्योरेंस कंपनी को अब नौ प्रतिशत ब्याज सहित 15 लाख की राशि देनी होगी।

साथ ही 50 हजार रुपए मुआवजा व 15 हजार रुपए न्यायालयी शुल्क भी मृतक के परिजनों को देने के आदेश दिए हैं। जिला उपभोक्ता आयोग धर्मशाला के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा, सदस्य आरती सूद व नारायण ठाकुर की खंडपीठ ने यह फैसला सुनाया है।



आयोग के समक्ष शकुंतला देवी निवासी संसारपुर टैरेस ने इस बाबत शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में शिकायतकर्ताओं में मृतक की पत्नी सहित बेटी व बेटा शामिल हैं। शकुंलतला देवी ने बताया था कि उनके बेटे अखिल पठानिया ने वाहन नंबर (पीबी-07 एन-1933) की उक्त कंपनी से इंश्योरेंस पॉलिसी ली थी। यह पॉलिसी 17 नवंबर 2020 से 16 नवंबर 2021 तक वैध थी। इस दौरान 15 मई 2021 को उनका बेटा गाड़ी लेकर जा रहा था तो टायर फटने से वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें उनके बेटे अखिल पठानिया की मौत हो गई। इसके बाद उन्होंने सभी दस्तावेजों और औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद कंपनी से इंश्योरेंस की क्लेम राशि के लिए आवेदन किया तो कंपनी ने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद भी कई बार मौखिक और लिखित रूप से संपर्क किया गया, लेकिन कंपनी ने कोई संतोष जनक जबाब नहीं दिया।

इसके बाद जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष पहुंची शिकायत के बाद दोनों पक्षों की ओर से पेश किए तथ्यों को जांचा गया। तथ्यों को जांचने के बाद आयोग ने शिकायत को मंजूर करते हुए उक्त फैसला सुनाया।



**पालमपुर।** रोटरी क्लब पालमपुर द्वारा ठाकुरद्वारा के विद्या भूपिंद्र वुमेन एंड केयर चाइल्ड अस्पताल में एक ऑक्सीजन कंसंट्रेटर भेंट किया गया। रोटरी क्लब पालमपुर के प्रधान ऋषि संग्राय ने कहा की रोटरी क्लब पालमपुर समय-समय पर विभिन्न संस्थाओं एवं अस्पतालों को कुछ न कुछ समाज सेवा के रूप में कुछ न कुछ भेंट करता रहता है। इस कड़ी में आज इस अस्पताल को यह ऑक्सीजन कंसंट्रेटर भेंट किया गया। रोटरी वूमेन एंड चाइल्ड केयर हॉस्पिटल की इंचार्ज पूनम सल्होत्रा ने आये हुए रोटरी क्लब सदस्यों का धन्यवाद जताया।

## टांडा में जिंदगी के लिए जूझ रहा राजेश, दिमाग के हुए दो ऑपरेशन

### परिजन बोले-हम गरीब, हमलावर उठाएं घर का खर्च

**अनंत ज्ञान, टांडा**

टांडा अस्पताल में उपचाराधीन जयसिंहपुर के हारसी लाहड़ गांव का राजेश कुमार जिंदगी के लिए जूझ रहा है। उसके दिमाग के दो ऑपरेशन हो चुके हैं। हालत नाजुक बनी हुई है। राजेश कुमार की पत्नी सरोज देवी ने अनंत ज्ञान को बताया कि उनके पति संधोल में वेल्डिंग का काम करते हैं।

उन्होंने बताया कि वह हर रोज घर लौट आते थे, परंतु शुक्रवार को वह घर नहीं लौटे। उनके फोन पर संपर्क किया तो राजेश कुमार ने बताया कि मैं अभी आ रहा हूं। वार्ड पंच प्रीति चंद ने मुझे फोन कर पूछा कि राजेश घर आया है कि नहीं। सरोज देवी ने बताया कि ऐसे में मुझे एक फोन आया कि राजेश कुमार बेसुध हालत में लहूलुहान पड़ा है।

उसके बाद मैं वह तीन-चार लोगों के साथ घटनास्थल पर गई। राजेश कुमार को पुत्र और गांववासी पहले उपचार के लिए जयसिंहपुर अस्पताल ले गए। यहां उसे उपचार देने के बाद टांडा अस्पताल रैफर कर दिया गया। इमरजेंसी में उपचार के बाद उसके दिमाग के दो ऑपरेशन हो चुके हैं। राजेश कुमार की पत्नी ने बताया कि हमलावर रमन कुमार ने कबूल किया है कि उसने हथियारों से राजेश कुमार के ऊपर वार किए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि हमलावर छह-सात लोग थे। सरोज देवी ने कहा कि हम गरीब हैं इसलिए उनके घर का सारा खर्च हमलावर उठाएं।



टांडा में उपचाराधीन राजेश कुमार।

### कांगड़ा जिले में 1642 पोलिंग बूथ होंगे स्थापित : डीसी

**धर्मशाला।** लोकसभा निर्वाचन-2024 में कांगड़ा जिला के 15 विधानसभा क्षेत्रों में 1642 पोलिंग बूथ स्थापित किए जाएंगे। इसमें 171 क्रिटिकल पोलिंग स्टेशन हैं। यह जानकारी उपायुक्त हेमराज बैरवा ने देते हुए बताया कि जिला में कुल मतदाताओं की संख्या 1328768 है। इसमें पुरुष मतदाता छह लाख 79 हजार 472 महिला मतदाता छह लाख 49 हजार 292 मतदाता हैं। 18-19 वर्ष आयु वर्ग के नए मतदाताओं की संख्या 10441 है। जबकि दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 9938 है। अस्सी वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं की संख्या 37,505 है। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 प्रक्रिया निष्पक्ष तथा शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करवाने के लिए नोडल अधिकारी भी तैनात किए गए हैं। इसमें कूनन व्यवस्था के लिए एसपी कांगड़ा तथा एसपी नुरपुर, स्वीप के लिए एडीसी, ईवीएम प्रबंधन के लिए एडीएम, आदर्श आचार संहिता एमसीसी के लिए एडीएम, परिवहन के लिए डीएम एचआरटीसी, दिव्यांगजनों के लिए जिला कल्याण अधिकारी को नोडल आफिसर तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम तथा मतगणना केंद्रों की उचित व्यवस्था की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि कांगड़ा जिला में राजनीतिक दलों तथा प्रत्याशियों की व्यय निगरानी के लिए भी चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार व्यय निगरानी कमेटी गठित की गई है इसके साथ ही सभी नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।



चामुंडा। आप पार्टी के दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल शनिवार को दोपहर में श्री चामुंडा नंदिकेश्वर धाम मंदिर में माथा टेका और पूजा-अर्चना कर मां तथा भोले नाथ नंदिकेश्वर महादेव के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उनकी पूजा मंदिर के पुजारी ओम व्यास और महंत पंकज गोस्वामी ने करवाई उसके बाद उन्हे सिरोपा ओर मां की फोटो भेंट कर सम्मानित किया।

## भारत के फिरकी गेंदबाज कुलदीप यादव ने सोशल मीडिया पर किया अपना फोटो साझा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

दुनिया के खूबसूरत मैदानों में शामिल एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला में मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमी ही नहीं क्रिकेट खिलाड़ी भी उत्साहित रहते हैं। ऐसे में भारत के फिरकी गेंदबाज कुलदीप यादव ने सोशल मीडिया पर अपनी फोटो साझा की है।

हालांकि एचपीसीए के अनुसार कुलदीप यादव के धर्मशाला में होने की कोई जानकारी प्रबंधन के पास आधिकारिक रूप से नहीं आई है। ऐसे में इस फोटो के पहले की होने की आशंका है। क्रिकेट खेलने के अलावा धर्मशाला धौलाधार की पहाड़ियों के आंचल में बसे धर्मशाला क्षेत्र को घूमने का क्रेज भी खिलाड़ियों में काफी नजर आता है। पहाड़ पर आकर खिलाड़ी काफी रिलेक्स तथा इजी महसूस करते हैं तथा खुद को प्रकृति के सानिध्य में पाते हैं। कुलदीप यादव ने इंस्टाग्राम पर ब्रिदींग ईजी शीर्षक से फोटो पोस्ट शेयर किया है। इसमें वह धर्मशाला में मौजूद लग रहे हैं। फोटो में वह भारतीय टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच वह सोहम देसाई के साथ नजर आ रहे हैं। हालांकि एचपीसीए के अनुसार ऐसी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है कि कुलदीप यादव धर्मशाला में हैं। ऐसे में शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे पोस्ट की गई यह फोटो भ्रम पैदा कर रही है कि कहीं वह धर्मशाला में तो नहीं हैं, यह पुरानी फोटो भी हो सकती है। पोस्ट को अब तक करीब डेढ़ लाख लोग पसंद कर चुके हैं। वहीं, पाचवें टेस्ट के लिए भारत की टीम में कप्तान रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, उप कप्तान, यशस्वी जयस्वाल, शुबमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल व केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रविंद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश कुमार व आकाश दीप शामिल हैं।



### परागपुर को मिला तहसील का दर्जा, कैबिनेट ने दी मंजूरी

**डाडासीबा।** डाडासीबा शनिवार को शिमला में हुई कैबिनेट की बैठक ने परागपुर उपतहसील को तहसील बनाने में अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस बाबत जसवां परागपुर से वरिष्ठ कांग्रेस नेता ठाकुर सुरिंदर मनकोटिया ने मुख्यमंत्री व सभी मंत्रियों का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री 19 जनवरी को सरकार गांव के द्वारा कार्यक्रम के दौरान परागपुर पहुंचे थे जहां ठाकुर सुरिंद्र मनकोटिया ने परागपुरउपतहसील को तहसील बनाने की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रखी थी। इसको शनिवार को कैबिनेट में सरकार द्वारा अमलीजामा पहना दिया गया है। इसे पूर्व वर्ष 2017 में परागपुर को उपतहसील का दर्जा देने में तत्कालीन कामगार बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष रहे व वर्तमान में कांग्रेस नेता ठाकुर सुरिंद्र मनकोटिया का ही योगदान रहा है। तहसील बनाने के लिए प्रागपुर पंचायत के वासी पहले ही लगभग 15 कनाल भूमि सरकार के नाम कर चुके है। अब परागपुर उपतहसील को तहसील का दर्जा मिलने पर लोगो ने पूर्व कांग्रेस नेता ठाकुर सुरिंद्र मनकोटिया से तहसील निर्माण कार्य शुरू करवाने की मांग भी की है।

### महिला मोर्चा ने बनाई आगामी कार्यों की रूपरेखा

**धर्मशाला।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला कांगड़ा की बैठक पार्टी कार्यालय कांगड़ा में प्रदेश अध्यक्ष वंदना योगी व प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा व विधायक पवन काजल, जिला अध्यक्ष सजिन शर्मा व महिला मोर्चा अध्यक्ष रंजु रस्तोगी की उपस्थिति में हुई। इसमें महिला मोर्चा के पूर्व कार्यों की समीक्षा व आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वंदना योगी ने कहा कि पूरे भारत वर्ष में नारी शक्ति वंदन का कार्यक्रम हर मंडल स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। इसमें कमल महेंदी, रन फॉर मोदी जी, महिला शक्ति वंदन प्रमुख कार्यक्रम है। नरेंद्र मोदी द्वारा नारी शक्ति वंदन विधेयक पर समस्त नारी शक्ति मोदी का धन्यवाद करता है। मोदी सरकार द्वारा सदैव महिला सशक्तिकरण के लिए दिन रात प्रयत्नशील है।

## संयुक्त कमेटी 12 मार्च को करेगी छह साइटों का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला खनन विभाग की ओर से धीरा उपमंडल की नदियों पर बने पुलों के नीचे छह साइट पर चिन्हित साइटों की हजारों टन की रेत-बजरी की नीलामी को लेकर 12 मार्च को एक टीम संयुक्त निरीक्षण करेगी। यहां खनन विभाग कांगड़ा, एसडीएम धीरा, लोकनिर्माण, जल शक्ति, प्रदूषण तथा वन विभाग की संयुक्त् टीम निरीक्षण करने पहुंचेगी। चिन्हित की गई कुल नौ में से छह धीरा उपमंडल तो जयसिंहपुर उपमंडल की तीन साइट शामिल हैं।

खनन विभाग कांगड़ा की ओर से जिला के धीरा उपमंडल के तहत न्यूगल खड्डु पर सुलाह रोड़ पर तथा विछवाई साइट, सकाड खड्डु पर मुंडी, बैरघट्टा चुलाह तथा बैरघट्टा, मौल खड्डु में पाखी साइट शामिल हैं। जानकारी के अनुसार चिन्हित कुल नौ साइट पर तकरीबन एक लाख मीट्रिक टन रेत-बजरी मौजूद है तथा इसकी नीलामी करोड़ों रुपए में होने का अनुमान है। बताते चलें कि पुलों के नीचे जमा हो जाने वाली खनन सामग्री के कारण पुलों के ढ़हने का खतरा चन जाता है। लिहाजा इससे एक ओर जहां हजारों टन रेत-बजरी के हटने से जहां लोक निर्माण विभाग के पुलों पर बना खतरा हटेगा तो टनों के हिसाब से जमा खनन सामग्री की नीलामी में सरकार को करोड़ों रुपए का राजस्व भी मिल पाएगा। उधर, इस बारे में जानकारी देते हुए जिला खनन अधिकारी राजीव कालिया ने बताया कि 12 मार्च को धीरा उपमंडल की 6 साइटों का संयुक्त् निरीक्षण किया जाएगा तथा इसके बाद नीलामी की तिथि निर्धारित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके बाद जयसिंहपुर उपमंडल की साइटों का निरीक्षण किया जाएगा।

**दिक्कत** सीएम के गृह जिले व राजधानी में नहीं एमओ, एडिशनल चार्ज देकर चलाई जा रही व्यवस्था

# प्रदेश में खनन अधिकारियों के आधे से ज्यादा पद खाली

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

प्रदेश में बरसात की त्रासदी के बाद भी प्रदेश के 11 में से 6 खनन जिलों में जिला खनन अधिकारियों के पद खाली हैं।

पिछली बरसात में अवैध खनन को प्रदेश में आई बाढ़ और आपदा का मुख्य कारण मानते हुए प्रदेश सरकार की अवैध खनन पर आनन-फानन कार्रवाई को छोड़ दिया जाए तो ऐसी गंभीरता कम ही दिखाई देती है। यही वजह है कि प्रदेश के खनन जिलों में खनन अधिकारियों के आधे से ज्यादा पद एक साल से खाली पड़े हैं। त्रासदी के बाद अवैध खनन को मुख्य कारण मान कर ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद भी हालात जस के तस हैं। अवैध खनन पर नकेल की बात तो सरकारी तंत्र करता है लेकिन प्रदेश में जिला खनन अधिकारियों के आधे से ज्यादा पद रिक्त पड़े हैं।

आलम ये कि सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के गृह जिले हमीरपुर के अलावा प्रदेश की राजधानी शिमला में भी ये पद रिक्त पड़ा है। इसके अलावा सोलन, सिरमौर, चंबा तथा खनन जिला नूरपुर में भी ये पद रिक्त पड़े हैं। ऐसे में सरकारी तंत्र की अवैध खनन को लेकर लापरवाही साफ झलकती है। ये स्थिति पिछले एक साल से जारी है।

किसी अधिकारी के सेवानिवृत्त होने के बाद तो कभी किसी के तबादले के बाद प्रदेश के ज्यादातर खनन जिलों में पद रिक्त पड़े हैं। वहीं, एडिशनल चार्ज के नाम पर व्यवस्था को वैकल्पिक रूप से चलाया जा रहा है। ऐसे में साफ है कि पूरे प्रदेश के 11 खनन जिलों में अवैध खनन पर कार्रवाई करना बिना अधिकारी के मुश्किल नजर आता है। वहीं, प्रदेश के खनन जिलों में खनन अधिकारियों के आधे से ज्यादा पद एक साल से खाली पड़े हैं। (अनंत ज्ञान)

### प्रदेश में हैं कुल 11 खनन जिले

**प्रदेश** में किन्नौर तथा लाहौल-स्पीति को छोड़ कर दस खनन जिले हैं। इसके अलावा नूरपुर भी खनन जिला है तथा ऐसे में 12 जिलों वाले प्रदेश में दो जिलों को छोड़ कर तथा नूरपुर को खनन जिला मानते हुए यहां कुल 11 खनन जिले हैं।

### क्या कहते हैं अधिकारी

**इस** बारे में जब प्रदेश के भूवैज्ञानिक अधिकारी जोन-दो संजीव शर्मा से बात की गई तो उन्होंने माना कि प्रदेश के छह खनन जिलों में एमओ के पद रिक्त हैं तथा ऐसे में एडिशनल चार्ज दूसरे अधिकारियों को दिया गया है। उन्होंने कहा कि इन पदों को भरने के लिए सरकार से पत्राचार किया गया है।

### बारिश से किसानों के चेहरों में आई रौनक

**नूरपुर।** प्रदेश भर में एक बार फिर मौसम ने अपना मिजाज बदला है। इसके चलते शुक्रवार मैदानी क्षेत्र नूरपुर, जवाली, इंदौरा, सुलयाली में दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और की जगहों बारिश भी हुई। शुक्रवर देर रात आसमान में आसमानी बिजली गर्जने और बारिश का सिलसिला शुरू हो गया जो शनिवार बार भी जारी है। मौसम विभाग ने एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने पर प्रदेश के आठ जिलों में भारी बारिश और बर्फबारी को लेकर अलर्ट जारी किया है। उन्होंने तीन मार्च तक खराब रहने का अलर्ट जारी किया हुआ। बारिश और बर्फबारी से यहां एक ओर तापमान में भारी गिरावट हुई है। वहीं इस भारी और बर्फबारी से किसानों के चेहरों में रौनक भी है। मौसम विभाग ने सात मार्च के बाद एक बार फिर मौसम बिगड़ने की आशंका जताई है।

## न्यूज ब्रीफ

### वोकेशनल विषयों के प्रैक्टिकल पहली अप्रैल से

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड सचिव विशाल शर्मा ने बताया कि बर्फीले क्षेत्रों में अधिक बर्फबारी के कारण वोकेशनल के छात्रों का प्रैक्टिकल 29 फरवरी तक नहीं हो पाया है। बर्फीले क्षेत्रों की प्रतिकूल परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए और बोर्ड कक्षाओं की चल रही थ्यूरी परीक्षाओं के कारण बर्फीले के साथ-साथ मैदानी क्षेत्रों के छात्रों के लंबित वोकेशनल विषयों के प्रैक्टिकल अप्रैल में एक से 12 अप्रैल तक किए जाएंगे। इसलिए कार्यालय राज्य परियोजना निर्देशक शिमला, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम और संबंधित क्षेत्र कौशल परिषदों को तदानुसार वोकेशनल प्रैक्टिकल असेस्मेंट करने के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के लिए सूचित किया जा रहा है।

### लोगों ने जाना कैसे डालते हैं वोट

**शाहपुरकंडी।** आने वाले लोकसभा चुनावों को मद्देनजर रखते हुए चुनाव आयोग की ओर से लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आज एक विशेष मोबाइल वेन के माध्यम से गांव तरेहटी, गोल मार्केट, शाहपुरकंडी में सेक्टर अफसर इंजीनियर राजेश बग्गा की देखरेख में विशेष जागरूकता कैंप लगाया गया। जहां सैकड़ों लोगों को चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार मतदान संबंधी जागरूक किया गया। इस संबंध में सेक्टर अफसर इंजीनियर राजेश बग्गा ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार लोगों को वोट डालने की प्रक्रिया के संबंध में जागरूक करना है। इसके साथ ही वह जिसको वोट डाल रहे हैं क्या वह उसी उम्मीदवार को जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने वोट का इस्तेमाल जरूर करें इस मौके पर बीएलओ सुनील कुमार, विजय कुमार, साहिल कुमार जितेंद्र सिंह, सुरेश कुमार एवं पलविंद्र सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

### अजय-सुनीश मांटा पर गिरी निलंबन की गाज

**धर्मशाला।** धर्मशाला के पूर्व विधायक सुधीर शर्मा के बागी होने के बाद धर्मशाला कांग्रेस में शामिल सुधीर शर्मा समर्थकों की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। यूथ कांग्रेस धर्मशाला अध्यक्ष अश्वनी राणा के निलंबन के बाद अब धर्मशाला ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल अजय कुमार और कार्यकारी अध्यक्ष एवाईसी कांग्रेस सुनीश मांटा को भी निलंबित कर दिया गया है। पार्टी के अनुसार उक्त पदाधिकारियों के कार्य कांग्रेस पार्टी के मूल मूल्यों और एकता को कमजोर करते हैं। गौरतलब है कि गत दिनों उक्त पदाधिकारियों ने सुधीर शर्मा द्वारा क्रॉस वोटिंग और सरकार से बगावत को जायज ठहराते हुए, उनके पक्ष में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया था। साथ ही प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री के खिलाफ भी भड़काउ नारेबाजी की थी।

### बिजली कटों से परेशान पर्यटन नगरी

**धर्मशाला।** एक तो ऑफसीजन की मार, ऊपर से बिजली की आंखमिचैली, पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज के व्यवसाइयों एवं आम लोगों को रोजाना बिजली कटों से जूझना पड़ रहा है। पिछले करीब दो सप्ताह से दिन में कई बार बिजली के आने से आम लोग परेशान हैं, वहीं पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। होटल एवं रेस्तरों संचालक इस बात को लेकर चिंतित हैं कि सात मार्च को शुरू होने वाले भारत-बनाम टेस्ट मैच के दौरान भी ऐसी समस्या रही तो क्रिकेट प्रेमियों एवं पर्यटकों की आवभगत में समस्या होगी। व्यापार मंडल अध्यक्ष मैक्लोडगंज नरेंद्र पठानिया ने कहा कि बिजली के कटों की समस्या पिछले करीब 15 दिनों से जारी है। हालांकि पिछले दो दिनों से बिजली कटों में कमी आई है। होटल व्यवसायी अशीष ठाकुर, विनीत कुमार, टेंजिन डेडेन, शिरिंग, रेस्तरां संचालक मिंटू व किशन ठाकुर सहित विभिन्न व्यवसाइयों ने बताया कि ऑफसीजन की मार झेल रहे पर्यटन क्षेत्र से जुड़े व्यवसाइयों को आगामी टैस्ट मैच से उम्मीदें हैं और विद्युत बोर्ड बिजली कटों की समस्या को दुरुस्त नहीं करता है तो पर्यटन व्यवाय को तगड़ा झटका लग सकता है। जेई, विद्युत विभाग, मैक्लोड़गंज अमित कौशल ने कहा कि मैक्लोडगंज में जगह-जगह नई केवल बिछाई जा रही हैं। इसके कारण बोर्ड को थोड़ी-थोड़ी देर में बिजली कट करनी पड़ रही है,। बोर्ड लोगों को आ रही समस्या समझ सकता है लेकिन केवल बिछाने कार्य जल्दी ही समाप्त हो जाएगा। आगामी टेस्ट मैच से पूर्व ही बिजली को सुचारु कर दिया जाएगा।

## बैजनाथ में आठ से 12 मार्च तक रहेगी रौनक; सीपीएस किशोरी लाल ने दी जानकारी, ओबीसी भवन का किया शिलान्यास

# सीएम करेंगे शिवरात्रि महोत्सव का आगाज

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

राज्य स्तरीय शिवरात्रि-2024 के सफल आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन बचत भवन में किया गया। मुख्य संसदीय सचिव कृषि, पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज किशोरी लाल विशेष रूप में बैठक में उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता मेला समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम बैजनाथ देवी चंद ठाकुर ने की। सीपीएस किशोरी लाल ने कहा कि राज्य स्तरीय शिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे। जबकि समापन अवसर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर शिरकत करेंगे।

किशोरी लाल ने कहा कि बैजनाथ शिवरात्रि उत्सव के आयोजन का धार्मिक तथा पुराणिक महत्व है और यह लोगों की आस्था से जुड़ा पर्व है। उन्होंने कहा कि उत्सव का आयोजन लोगों के सहयोग और भागेदारी से ही होता है। उन्होंने कहा कि शिवरात्रि, बैजनाथ के लोगों का उत्सव है। इसके आयोजन में सभी को शामिल कर उत्सव की शोभा को ओर बढ़ाया जायेगा। उन्होंने कहा कि आज तैयारी का जायजा लिया गया है और लगभग सभी तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया है।

उन्होंने कहा कि बैजनाथ शिवरात्रि उत्सव बाबा बैजनाथ की पावनधरा का प्राचीन उत्सव है और इसे संजोय रखना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि शिवरात्रि उत्सव के बाद प्रदेश भर में मेलों और उत्सवों का आरंभ होता है। उन्होंने कहा कि शिवरात्रि महोत्सव का आयोजन आठ मार्च से 12 मार्च तक हर्षोल्लास एवं धूमधाम से किया जाएगा। इस दौरान शोभायात्रा और झांकियां का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन इंदिरा गांधी स्टेडियम में किया जाएगा और इस दौरान तीन सांस्कृतिक संध्याएं होंगी। (अनंत ज्ञान)



ओबीसी भवन का शिलान्यास करते हुए सीपीएस किशोरी लाल।

### लोगों की सभी मांगें होंगी पूरी

**इसके** उपरांत सीपीएस किशोरी लाल ने घिरथौली में पांच लाख की लागत से निर्मित होने वाले ओबीसी भवन का शिलान्यास किया। उन्होंने इस दौरान स्थानीय लोगों द्वारा रखी गई मांगों को चरणबद्ध रूप से पूर्ण करने का भी आश्वासन दिया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र जम्वाल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र राव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष जमुना गोयल, तहसीलदार रमन ठाकुर, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग संजीव सूद, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग राहुल धीमान, शरती शर्मा, कांता देवी, वेदना कुमारी, अमित कपूर, मिलाप राणा, संजीव व्यास, रमेश चड्डा, मनोज कपूर, विकास राणा, महिंद्र डोहरी, चंपा चौधरी, राजकुमार, अमित कपूर, सचिन शर्मा, संसार राणा, जगदीश राणा, भंबो देवी सहित मेला समिति के सरकारी तथा गैर सरकारी सदस्य मौजूद रहे।

### प्रदर्शनियों, खेल गतिविधियों और बेबी शो का किया जाएगा आयोजन

**उन्होंने** यह भी कहा कि उत्सव के दौरान ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ में पांच दिन तक हवन का आयोजन किया जाएगा, ताकि भगवान के आशीर्वाद से प्रदेश और क्षेत्र में खुशहाली बनी रहे। उन्होंने कहा कि उत्सव में प्रदेश के लोक कलाकारों और स्थानीय कलाकारों को अधिक अधिमान देना सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि मेले के दौरान विभागीय प्रदर्शनियां, खेल गतिविधियों और बेबी शो का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक में मेला कमेटी के अध्यक्ष देवी चंद ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि चार मार्च को झूलों के स्थान की नीलामी होगी। जबकि पांच और छह मार्च को स्टाल आवंटन किया जाएगा।

## इंदौरा में 20 बुलेट बाइक के साइलेंसर खुलवाकर किए नष्ट

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

पुलिस थाना इंदौरा के अंतर्गत बुलेट बाइक से फटफट की आवाज व पटाखे चलाने वालों की अब खैर नहीं। थाना प्रभारी इंदौरा आशीष पठानिया ने इस पर मुहिम चलाई है। इसमें उन्होंने पुलिस को निर्देश दिए हैं कि बुलेट बाइक से पटाखे चलाने वालों के साइलेंसर मौका पर ही खुलवाए जाएं और बाइक के साथ कंपनी से आया साइलेंसर लगवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

शुक्रवार को उन्होंने स्वयं मोर्चा खोला व 20 बुलेट बाइक, जिनकी कर्कश आवाज व पटाखे से जन साधारण तो समस्या होती थी। ऐसे में बाक्इर्स के मौके से साइलेंसर खुलवाकर जेसीबी से नष्ट किए गए। उन्होंने कहा कि स्कूल व कॉलेज से छुट्टी के समय मनचलों पर नकेल कसी जाएगी और यदि नाबालिग वाहन चलाते हुए पाए गए तो उनके अभिभावकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जाएगा। बता दें कि बुलेट से पटाखे चलाने वालों के विरुद्ध उनके साइलेंसर खुलवाकर मौका पर नष्ट करने व कंपनी द्वारा लगाए गए साइलेंसर लगवाने के लिए पुलिस द्वारा क्षेत्र में किया गया अपने आप में यह पहला प्रयास है, जिसकी जन साधारण द्वारा सराहना की जा रही है।

पुलिस थाना इंदौरा के अंतर्गत बुलेट बाइक से फटफट की आवाज व पटाखे चलाने वालों की अब खैर नहीं। थाना प्रभारी इंदौरा आशीष पठानिया ने इस पर मुहिम चलाई है। उन्होंने कहा कि अब बिगड़ैल चालकों की खैर नहीं।

## थुरल बाजार में ट्रैफिक जाम हुआ आम, लोग तंग

### पालमपुर-हमीरपुर रोड पर राहगीरों-चालकों को करना पड़ रहा दिक्कतों का सामना

**राकेश डोगरा, डरोह**

थुरल बाजार में ट्रैफिक जाम के ये दृश्य आम देखें जा सकते हैं। जिससे जहां इस समस्या से गाड़ियों के चालकों को दो-चार होना पड़ रहा, वहीं बाजार में खरीददारी करने वालों को पैदल चलना मुश्किल हो रहा है।

थुरल बाजार में ट्रैफिक जाम का हाल यह है कि इससे पालमपुर-हमीरपुर सड़क पर चलने वाली बसें भी अपने निर्धारित समय से आधा पौना घंटा इस जाम में फंसीं रहती हैं और तय समय पर अपने गंतव्य पर नहीं पहुंच पा रही हैं। हालांकि प्रशासन ने यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए बाजार के दोनों तरफ ट्रैफिक लाइट्स लगवाई हैं, लेकिन काफी लम्बे अरसे से यह बंद पड़ी हुई हैं। जिसके कारण थुरल बाजार में प्रतिदिन लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)



थुरल बाजार में लगा ट्रैफिक जाम। ट्रैफिक जाम इतना कि सड़कों पर गाड़ियों की लाइनें लग गई।

### दुकानदारों ने प्रशासन से ट्रैफिक जाम से छुटकारा दिलाने की उठाई मांग

**थुरल** बाजार के दुकानदारों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि जल्द इस ट्रैफिक जाम से छुटकारा दिलाया जाए। वहीं, उन्होंने कहा कि वहां बंद पड़ी ट्रैफिक लाइट्स को सुचारु रूप से चलाया जाए, ताकि थुरल की जनता व यहां से गुजरने वाले वाहन चालक व यात्रियों को इस ट्रैफिक जाम से निजात मिल सके।

## होली मेला रझूं 24 मार्च से

**गगल।** होली मेला रझूं 24 से 26 मार्च तक तीन दिन धूमधाम से मनाया जाएग। इस मेले में तीन दिन विभिन्न प्रकार की झांकियां और 26 मार्च को माता काली की भव्य झांकी निकाली जाएगी। इस बार मेले में लाटरी का शुभारंभ भी कार्यकारिणी द्वारा करवाया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए जन्म सिंह सपहिया, अनिल कुमार और रवि चौधरी को मनोनीत किया गया है। लाटरी की टिकट का मूल्य 100 रुपए रखा गया है। लाटरी का ड्रा 25 मार्च को शाम के समय निकाला जाएगा। पहला इनाम लूना मोटरसाइकिल, दूसरा इनाम 32 इंच एलईडी, तीसरा इनाम वॉसिंग मशीन, चौथा इनाम एनरोइड फोन, पांचवां इनाम इंडेक्शन चूल्हा, छठां इनाम टेबल फैन निकाला जाएगा। कमेटी का कारोबारियों से अनुरोध रहेगा मेले अपना कारोबार कर के चंगर क्षेत्र के मेले की शोभा बढ़ाएं। मेले में वॉलीबाल की खेल का आयोजन करवाया जाएगा। एंट्री फीस 600 रुपए प्रति टीम रखी है। विनर टीम 5100 रुपए ट्रॉफी, रनर टीम 3100 रुपए ट्रॉफी दिए जाएं। भाग लेने वाली टीमें इन फोन नंबर पर संपर्क करें 9805134639, 780720193, ताकि समस्त कार्यकारणी अन्य गतिविधियों को संपन्न करवाए गए।

## केंद्रीय भंडार गृह देहरा ने धूमधाम से मनाया 68वां स्थापना दिवस




स्थापना दिवस समारोह के दौरान लोगों को सम्मानित किया गया।

**अनंत ज्ञान, देहरा**

हिमाचल के जिला कांगड़ा में केंद्रीय भंडार गृह देहरा द्वारा अपना 68वां स्थापना दिवस मनाया गया। देहरा में केंद्रीय भंडार गृह की स्थापना तत्कालीन केंद्रीय खाद्य आपूर्ति मंत्री शांता कुमार ने की थी। यहां सैकड़ों लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी मिल रहा है। यहां किसान भी अपनी फसलों का भंडारण कर सकते हैं। यहां से ही फसल की सप्लाई भी होती है।

इस अवसर पर केंद्रीय भंडार गृह देहरा के प्रबंधक नीरज चौहान ने बताया कि केंद्रीय भंडारण निगम की स्थापना कृषि उत्पाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो मार्च 1957 को हुई। निगम का मुख्य कार्य वैज्ञानिक तरीके से भंडारण की सुविधा उपलब्ध करवाना है। इस समय केंद्रीय भंडारण निगम एक प्रमुख एजेंसी के रूप में 101.40 लाख रुपए की प्रचालन क्षमता के साथ कार्य कर रहा है। यहां किसानों और व्यापारियों की मांग पर कोल्ड स्टोरेज की सुविधा भी दी जा सकती है। किसानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उनके जमा स्टॉक के भंडारण किराया पर 30 प्रतिशत की छूट देता है। किसानों व व्यापारियों को रसीद दी जाती है। जिसे बैंक में गिरवी रख कर लोन प्राप्त किया जा सकता है। इसके साथ साथ केंद्रीय भंडारण निगम पेस्ट कंट्रोल, किसानों को जागरूक करने का कार्य, कोल्ड स्टोरेज कस्टम बोंडेड वेयर हाउसिंग, कंटेनर रेल सेवा व अन्य सेवा प्रदान करता है। इस अवसर पर खबली पंचायत प्रधान रिंपी देवी, ठठलेहड़ के उपप्रधान मेहर सिंह, खबली के पूर्व उपप्रधान सुभाष चंद व भारतीय खाद्य निगम, राज्य खाद्य आपूर्ति विभाग व केंद्रीय भंडारण के भूतपूर्व कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

### सुधीर शर्मा ने कांग्रेस को हमेशा तोड़ने का काम किया: मल्ही



**धर्मशाला।** प्रदेश कांग्रेस के सचिव व मीडिया समन्वयक पुनीत मल्ही ने कहा कि कांग्रेस पार्टी से बगावत करने वाले धर्मशाला के पूर्व विधायक सुधीर शर्मा ने कांग्रेस में रहकर हमेशा पार्टी को तोड़ने का काम किया। धर्मशाला में अपनी बी टीम बनाकर पूर्व विधायक ने कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। गलत कार्यों का विरोध करने पर निष्ठावान कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित किया जाता रहा। यहां जारी बयान में मल्ही ने कहा कि पूर्व विधायक लंबे समय से पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल थे। पूर्व विधायक ने धर्मशाला में पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं को एक साजिश के तहत साइडलाइन कर दिया व भाड़े पर बाहर से लाए लोगों के जरिए अपनी राजनीति चमकाते रहे। उन्होंने कहा कि सुधीर शर्मा ने बीते लोकसभा चुनाव, धर्मशाला विधानसभा सीट के उपचुनाव और नगर निगम चुनाव में पार्टी को हराने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कांग्रेस सचिव ने कहा कि पूर्व विधायक के खिलाफ आवाज उठाने वाले पार्टी नेताओं के घरों पर पथराव तक करवाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व विधायक चंद लोगों के इशारों पर चलने वाली कठपुतली बनकर रह गए थे। मंत्री पद न मिलने की बौखलाहट में सुधीर ने अपनी ही पार्टी की सरकार के खिलाफ विरोध का झंडा उठाए रखा। उन्होंने कहा कि धर्मशाला में कांग्रेस के असली व निष्ठावान कार्यकर्ता पूरी तरह एकजुट हैं। पूर्व विधायक के पार्टी छोड़ने से धर्मशाला में कांग्रेस को कोई नुकसान नहीं होगा बल्कि पार्टी मजबूत होकर उभरेगी।



डरोह। विकास खंड सुलह स्थित भेडूमहादेव की ग्राम पंचायत सांबा के पलहूणी गांव में महिला मंडल की ओर से प्राचीन शिव मंदिर में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आठ मार्च को शिवरात्रि में होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक के दौरान महिला मंडल पलहूणी की प्रधान उषा रानी ने कहा कि शिवरात्रि को महिलाओं द्वारा सर्वप्रथम गणेश वंदना की जाएगी तदोपरांत भजन-कीर्तन किया जाएगा।

## बागी सुधीर शर्मा ने फेसबुक अकाउंट पर अपनाए कड़े तेवर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

दिग्गज बगावती कांग्रेस नेता सुधीर शर्मा ने अपनी फेसबुक वॉल में लिखा है कि ऑल द किंग्स होसेर्ज एंड ऑल द किंग्स मैन, कुड नॉट पुट हंपटी टूगैदर।

यानि राजा के सभी लोग, घोड़े और सैन्य बल भी हम्पटी-डम्पटी के गिरने के बाद उसे खड़ा नहीं कर पाए। ये पंक्तियां हैं हम्पटी डम्पटी की कविता की है। इसका सार है कि हमें उनकी बात सुननी चाहिए जो हमारा भला चाहते हैं। प्रदेश में कांग्रेस सरकार के बागी विधायकों के निष्कासन और भाजपा के आलाकमान के बागियों से बराबर संपर्क से प्रदेश में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में बगावत प्रकरण के दौरान कुछ दिन बाद सुधीर शर्मा फेसबुक पर एक्टिव हुए हैं। सुधीर शर्मा, संस्कृत के श्लोकों तथा कभी अंग्रेजी कहावतों वाली पोस्टों के जरिए सोशल मीडिया के माध्यम से अपना संदेश देते रहते हैं। वहीं, अब उन्होंने एक तरह से साफ कर दिया है कि पार्टी में हुई टूट की भरपाई अब चाह कर भी नहीं की जा सकती। जैसे हम्पटी डम्पटी के एक बार टूटने के बाद राजा की पूरी ताकत उसे खड़ा नहीं कर पाई। उधर, पूरे राजनीतिक घटनाक्रम के बीच कांग्रेस के नाराज खेमे को लेकर कहीं कांग्रेस भी यानी वीरभद्र के निर्माण और कहीं भगवा होने की चर्चाएं भी लगातार जारी हैं। हालांकि अभी बागियों के भविष्य को लेकर आम लोगों में चर्चाएं है, तो वहीं लोग प्रदेश की कांग्रेस सरकार को लेकर भी अपने-अपने तर्क दे रहे हैं।

### नौ मार्च को आयोजित होगी लोक अदालत

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिला के सभी न्यायलयों में नौ मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांगड़ा अजय मेहता ने दी। उन्होंने बताया की लोक अदालत में विभिन्न मामलों का निपटारा समझौतों के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान आपराधिक कंपाउंडेबल अपराध, चेक बाउंस मामले, मोटर व्हीकल चालान के मामलों आदि पर सुनवाई कर निपटारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त लोक अदालत में सड़क दुर्घटना में क्लेम, घरेलू हिंसा विवाद व वैवाहिक विवाद आदि के मामलों का भी निपटारा किया जाएगा।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

03 मार्च, 2024, रविवार

विक्रमी संवत : 2080, शक संवत :1945 (शोभकृत), मास : फाल्गुन, तिथि :सप्तमी (08:47): नक्षत्र : अनुराधा (03:55), पक्ष : कृष्ण, योग हर्षण (05:23) शुभ मुहूर्त : अभीजित (12:09)-(12:56)।

### विशेष दिन

- 03 मार्च 2024 को शबरी जयंती विशेष।
- 04 मार्च 2024 को सीता अष्टमी रहेगा विशेष

**मेष** : आज आप घर की बातों के प्रति अधिक ही ध्यान देंगे। परिजनों के साथ बैठकर महत्त्वपूर्ण चर्चा करेंगे।

**वृषभ** : विदेश में स्थित मित्रों के समाचार आपको आनंद प्रदान करेंगे। विदेश जाने के इच्छुक व्यक्तियों के लिए अच्छा अवसर है।

**मिथुन** : आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। क्रोध और वाणी पर संयम रखें, अन्यथा हानि हो सकती है।

**कर्क** : आज का दिन मित्रों और स्वजनों के साथ आनंदपूर्वक बिता सकेंगे। मनोरंजक प्रवृत्तियों का आनंद प्राप्त होगा।

**सिंह** : स्वास्थ्य के पीछे धन खर्च हो सकता है। आज खान-पान घर का ही करें तो लाभदायी रहेगा। नकारात्मक विचार मन में न आने दें।

**कन्या** : आज विद्यार्थियों के लिए समय कठिन है। संतान के भविष्य की चिंता आपको हो सकती है।

**तुला** : आज आप शारीरिक रूप से शिथिलता और मानसिक रूप से व्यग्रता का अनुभव कर सकते हैं।

**वृश्चिक**: नए कार्य के प्रारंभ के लिए आज का दिन शुभ है। दिनभर प्रसन्नता बनी रहेगी। परिजनों के साथ आप आनंदपूर्वक समय बिता सकेंगे।

**धनु** : आज आपका मन दुविधा में फंसा रहेगा। पारिवारिक वातावरण खराब न हो, ध्यान रखें। आज कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें।

**मकर** : आज मन प्रफुल्लित रहेगा। आज मन से आप धार्मिक रहेंगे। पारिवारिक वातावरण भी मंगलमय रहेगा।

**कुंभ** : आज शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता हो सकती है। परिजनों के साथ कलह होने की आशंका है।

**मीन** : आज आकस्मिक धन लाभ की संभावना अधिक हैं। संतान के विषय में शुभ समाचार प्राप्त होंगे।

## राजनीति

### भाजपा प्रवक्ता बोले-राजनीतिक संकट के लिए मुख्यमंत्री स्वयं जिम्मेदार

# अपनों के खिलाफ षड्यंत्र रचते रहे सीएम: संजय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश के अंदर मौजूदा राजनीतिक संकट के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू स्वयं जिम्मेदार है। मुख्यमंत्री बनने के बाद सभी विधायकों को साथ लेकर चलने की जिम्मेदारी उनकी थी परंतु उन्होंने अपनी पुरानी राजनीतिक कुंठा को मन में पाले रखा और अपने विरोधियों के प्रति चली आ रही दुर्भावना को नहीं निकाला और उन्हें ठिकाने लगाने के षड्यंत्र रचते रहे। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा ने प्रेस को जारी एक बयान में कही है।

उन्होंने कहा कि पार्टी का अध्यक्ष रहते सुखविंद्र सिंह सुक्खू को वीरभद्र सिंह खेमे ने कभी उनको अध्यक्ष स्वीकार नहीं किया और इसी खुन्नस के चलते मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्हें लगातार दरकिनार करते रहे। जबकि प्रदेश के मुखिया के नाते उनको साथ लेकर चलना उनकी नैतिक जिम्मेदारी बनती थी। लेकिन मुख्यमंत्री ने उसकी तरफ ध्यान नहीं दिया और विधायकों की नाराजगी को लगातार बढ़ने दिया।

इसका परिणाम सबके सामने है। क्षेत्रीय राजनीतिक संतुलन बनाने में भी मुख्यमंत्री नाकामयाब रहे और उन क्षेत्रों के कद्दावर नेताओं को ठिकाने लगाने के षड्यंत्र में लगे रहे। इसलिए भाजपा को कोसने की बजाय मुख्यमंत्री को स्वयं का आत्म निरीक्षण करना चाहिए कि चूक कहां पर हुई। वहीं, चुने हुए विधायकों को काले नाग और जहरीले नाग की संज्ञा देना यह दर्शाता है कि मुख्यमंत्री सत्ता छीन जाने के भय से अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं और अब उनका अपनी वाणी और स्वयं पर भी नियंत्रण नहीं है। इन्हीं की पार्टी के विधायक लगातार अपनी अनदेखी की शिकायत उनकी पार्टी की हाई कमान से भी करते रहे, लेकिन उनकी शिकायतों को उन्होंने भी अनसुना कर दिया। वहीं, सरकार के मंत्री अपने विभागों में स्वतंत्रता के साथ कार्य नहीं कर पा रहे थे

### सीएम के समर्थक कर रहे हमला



**मुख्यमंत्री** के समर्थक बागी विधायकों के साथियों के ऊपर हिंसक हमले कर रहे हैं और उन्हें सरकार पूरा संरक्षण प्रदान कर रही है। हिमाचल जैसे शांत प्रदेश में ऐसी घटनाएं प्रदेश की छवि को खराब कर रही हैं। मुख्यमंत्री को जिम्मेदारी के साथ काम करना चाहिए और ऐसी घटनाओं को तुरंत प्रभाव से रोकने के लिए निर्देश देने चाहिए ताकि प्रदेश की कानून और व्यवस्था दुरुस्त बनी रहे।

## एयरपोर्ट विस्तारीकरण पर सुनवाई 19 को

**गगल।** प्रदेश उच्च न्यायालय में विस्तारीकरण को लेकर चल रहे मामले में आज हुई सुनवाई के दौरान अब माननीय न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव ने इस मामले में अगली सुनवाई 19 मार्च तक रख दी है। इसके बारे में संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने बताया कि आज इस बारे शिमला में सुनवाई होनी थी, लेकिन आज राजनीति की उथल पुथल के चलते सुनवाई नहीं हो सकी। इस कारण अब यह सुनवाई 19 मार्च को होगी इस अवसर पर संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने पुना कहा के उन्हें पूर्ण विश्वास है कि माननीय न्यायालय जनता के साथ अन्याय नहीं होने देगा और जनता को उसका हक न्याय दिलाएगी। उन्होंने कहा कि इलाकावासी पूरी तरह अदालत के फैसले पर विश्वास बनाए हुए हैं।

# भारत के विकास का संसार में बजेगा डंका

**भारत** में क्या वाकई महा गरीबी खत्म हो गई है? यह सवाल अमेरिकी थिंक टैंक ब्रूकिंग्स की रिपोर्ट के बाद उठने शुरू हो गए हैं। रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि भारत में गरीब आबादी की संख्या निरंतर कम हो रही है, जिसकी वजह से महा गरीबी आधिकारिक तौर पर पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। रिपोर्ट में घरेलू खपत में भारी वृद्धि और निष्पक्ष तरीके से योजनाओं को लागू करने की सरकार की नीति को गरीबी खत्म करने का श्रेय दिया गया। भारत में सबसे गरीब राज्य छत्तीसगढ़ माना जाता है। इसके अलावा झारखंड, मणिपुर, बिहार, अरुणाचल प्रदेश और असम में भी गरीबी चरम पर है। वहीं, सबसे संतुष्ट राज्यों में केरल का नाम सबसे पहले आता है। भारत में आजादी के बाद भी गरीबी सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। देश में फिलहाल 23 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी में जीवनयापन कर रहे हैं। उन्हें अपनी रोजी-रोटी चलाने के लिए मजदूरी करनी पड़ती है । संसद सत्र के दौरान गरीबी रेखा से नीचे स्तर के लोगों के बारे में सवाल पूछे गए थे जिसका जवाब देते हुए कैबिनेट मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने भारत में गरीबी की स्थिति बताई है।

वहीं, सरकार के अनुसार देश की 21.9 प्रतिशत आबादी आज भी गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रही है। सरकार मानती है कि गांवों में रहने वाला व्यक्ति हर दिन 26 रुपए और शहर में रहने वाला व्यक्ति 32 रुपए खर्च करने में असमर्थ है, तो वह व्यक्ति गरीबी रेखा से नीचे माना जाएगा। गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाला परिवार न तो बच्चों की मूलभूत सुविधाएं भी पूरी नहीं कर पाता है और न ही वह परिवार अपने बच्चों को सही शिक्षा दिलवाने में समर्थ होता है। यहां तक कि वह स्वास्थ्य और पर्याप्त भोजन देने में भी असमर्थ होता है। कोरोना काल में लॉकडाउन गरीबी में जीवनयापन कर रहे लोगों के लिए भारी संकट का समय था। जब उन्हें ज्यादा ब्याज पर कर्ज लेकर अपना परिवार चलाना पड़ा। ऐसे में इस दौरान न सिर्फ उनके बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई, बल्कि सही से भोजन मिलने में भी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस समय हाशिए पर जो समुदाय थे, उन्हें और उनके परिवार को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा और कोविड खत्म होने के कुछ समय बाद तक उन्हें रोजगार संबंधी परेशानियां आईं।

सरकार की ओर से पेश किए गए आंकड़ों को देखें तो अभी भारत में गरीबी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है, लेकिन अब अमेरिकी थिंक टैंक की रिपोर्ट कुछ और ही आंकड़े दिखा रही है। ऐसें में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि वास्तव में गरीब खत्म हुई भी है या फिर आंकड़ों के खेल में ही गरीबी खत्म होने के दावे किए जा रहे हैं। लोग इन दो तरह के आंकड़ों को देखकर भ्रमित हो रहे हैं। खैर, अमेरिका ने अगर गरीबी खत्म होने की बात की है, तो उसने भी भारत की बढ़ती विकास दर को और रहन-सहन में सुधार को देखकर ही रिपोर्ट जारी की होगी। यह अच्छी बात है कि गरीबी भारत से दूर हो गई। अब सरकार को विकास कार्यों को और तेजी से चलाने में समय ज्यादा मिल पाएगा। भारत के विकास का डंका पूरे संसार में जरूर बजे, ऐसी कामना हम सबको करनी होगी।

# नकल और पेपर लीक रोकने को नया बिल छात्र हित में

**भारतवर्ष** में प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल और पेपर लीक के मामलों को लगाम लगाने के लिए सरकार ने सख्त कदम उठाने का जो फैसला लिया है, वह छात्रों के हित में है क्योंकि इस कानून के तहत केंद्र सरकार ने लोकसभा में नया बिल पेश किया है। यह परीक्षाओं में बढ़ रही अनियमितताओं को लेकर सराहनीय कदम होगा क्योंकि इस कानून के तहत 10 साल की सजा और एक करोड़ जुर्माने का प्रावधान किया गया है। देशभर में समाज की बहुत सी संस्थाएं और समाजसेवी संगठनों के साथ बच्चों के अभिभावक भी चाहते थे कि प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल और पेपर लीक के मामले पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इसके तहत यह कानून विद्यार्थियों के हित में होगा, जो दिन-रात कड़ी मेहनत करके परीक्षा भवन में जाते थे, लेकिन जब उन्हें यह मालूम होता था कि पेपर लीक होने के कारण या किन्हीं अन्य अनियमितताओं के कारण स्थगित हो गया है, तो उनकी मेहनत पर पानी फिर जाता था।

बहुत से विद्यार्थी एक-दो साल भारी भरकम फीस देकर कोचिंग सेंटर में भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते थे, लेकिन जब उन्हें यह मालूम होता था कि किसी परीक्षा केंद्र में पेपर लीक हो गया है और उसे स्थगित किया जा रहा है, तब उनके हाथ में निराशा लगती थी, लेकिन इस कानून के बन जाने से विद्यार्थियों में नई आशा की किरण जगी है कि अब किसी प्रकार से कोई गड़बड़ी नहीं हो सकती है, क्योंकि केंद्र सरकार की ओर से इसके विरोध में सख्त कानून का प्रावधान किया है। बहुत से राज्यों में नकल विरोधी कानून पास भी किए गए हैं। गत वर्ष हिमाचल प्रदेश में भी पेपर लीक मामले में बहुत सी अनियमितताएं पाई गई थीं, जिसके तहत चयन बोर्ड को सरकार ने स्थगित कर दिया गया था।

यह सरकार का फैसला सराहनीय कदम था क्योंकि यह छात्रों के हित में था। नकल को रोकने के लिए लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 2024 लोकसभा में पारित होना सरकारी भर्ती परीक्षाओं में पिछले कई वर्षों से देखी जा रही अनियमितताओं को दूर करने के लिहाज से एक बहुक्ष एवं परीक्षाओं पर युवाओं के भरोसे को **बान** करने वाला कदम है। परीक्षा के दौरान नकल या फिर पेपर लीक की खबरों पर लगाम को लेकर सरकार की ओर से लगातार कवायद की जाती रही है। इसी बीच केंद्र सरकार ने ऐसी किसी भी गड़बड़ियों से सख्ती से निपटने के लिए एक नया बिल लोकसभा में पेश किया। इसमें नकल करते पकड़े जाने या परीक्षा में अनियमितता पर '10 साल की जेल और एक करोड़ जुर्माने' का प्रावधान किया गया।

सरकारी नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों ने विभिन्न सार्वजनिक परीक्षाओं में धोखाधड़ी और अन्य अनुचित साधनों पर अंकुश लगाने के लिए विधेयक, सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक, 2024 पेश होने के बाद केंद्र सरकार के कदम का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा में नकल के संबंध में विशिष्ट कानून के अभाव में मेहनती और ईमानदार परीक्षार्थियों को परीक्षा रद्द होने, पैसे की हानि और कीमती समय की हानि सहित विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सरकार ने प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी से सख्ती से निपटने के लिए 'लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 2024' लोकसभा में पेश किया। आइये जानते हैं इस विधेयक में क्या है। लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 2024 में परीक्षाओं में अनियमितताओं से संबंधित अपराध के लिए अधिकतम 10 साल



लेखक : डॉ. मनोज डोगरा
प्राध्यापक, राजकीय महाविद्यालय बड़सर

तक की जेल और एक करोड़ रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल में इस विधेयक को मंजूरी दी थी। कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को इसे लोकसभा में पेश किया। इससे पहले सरकार के सूत्रों ने बताया कि प्रस्तावित विधेयक में स्टूडेंट्स को निशाना नहीं बनाया जाएगा, बल्कि इसमें संगठित अपराध, माफिया और सांठगांठ में शामिल पाए गए लोगों के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है।

यह इसलिए भी जरूरी था कि केंद्र और उसकी एजेंसियों के माध्यम से सरकारी परीक्षाओं के संचालन में शानित विभिन्न संस्थाओं द्वारा अपनाए गए अनुचित या किए गए अपराधों से निपटने के लिए अब तक कोई ठोस बदन नहीं है। विधेयक में सरकारी भर्ती परीक्षाओं में कदाचार और अनजाने पर अधिकतम दस साल की सजा और एक करोड़ रुपए तक का जुर्माना शामिल है। खास बात यह है कि विधेयक में संगठित अपराधों और नौकरी दिलाने का दावा करने वाले गिरोहों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का प्रावधान किया गया है। अफसोस की बात है कि मेनीमा को अपनाए इतना वक्त गुजर जाने और केंद्र सरकार द्वारा कारोबार को बढ़ावा देने के आश्वासन के बाद भी देश के पुरुषों में सरकारी नौकरी का आकर्षण कम नहीं हुआ, बल्कि महामारों के अनुभव के बाद बढ़ा ही है। नौकरी के स्थायित्व, नियमित सैलरी और पेंशन जैसी सुविधाओं के लालच में एक अदद सरकारी नौकरी के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार होते हैं। हाल के सालों में भारत में पेपर लीक की घटनाएं लगातार बढ़ी हैं, जिससे एग्जाम को रद्द करना पड़ता है और छात्रों के भविष्य पर गहरा असर पड़ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2017-2023 तक सात सालों में अलग-अलग राज्यों में पेपर लीक के 70 से ज्यादा मामले सामने आए और 1.5 करोड़ से ज्यादा छात्र प्रभावित हुए हैं।

पेपर का लीक होना केवल स्कूल बोर्ड के एग्जाम तक ही सीमित नहीं है, बल्कि कई राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में भी बड़े पैमाने पर होता है। राजस्थान पिछले कुछ सालों में पेपर लीक के लिए सुर्खियों में रहा है। यहां 2015 से 2023 के बीच कई कंपटीशन एग्जाम के पेपर लीक के 14 से ज्यादा मामले देखे गए, जिसके बाद एग्जाम रद्द करने पड़ गए। इसके अलावा पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, बिहार और हरियाणा में भी ऐसे ही पेपर लीक के मामले सामने आए हैं। इन राज्यों में लगातार हो रही पेपर लीक की घटनाएं न केवल भ्रष्टाचार की ओर इशारा करती हैं, बल्कि एजुकेशन सिस्टम की खामियों को भी उजागर करती हैं। पेपर लीक और नकल का दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ राज्य सरकारों ने सख्त कानून बनाए हैं। राजस्थान में कम से कम 10 साल और अधिकतम उम्रकैद की सजा का प्रावधान है, साथ ही कम से कम 10 लाख से 10 करोड़ रुपए तक जुर्माना भी लगाया जा सकता है। अगर दोषी जुर्माना नहीं देता है तो दो साल ज्यादा जेल की सजा काटनी पड़ती है। उत्तराखंड में भी पेपर लीक और नकल के खिलाफ उम्रकैद का प्रावधान है।

कम से कम 10 साल जेल और 10 लाख से 10 करोड़ तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। साथ ही ये कानून गैर जमानती है। गुजरात में पेपर लीक के दोषियों के खिलाफ तीन से 10 साल की सजा का प्रावधान है। एक लाख से एक करोड़ रुपए तक का जुर्माने का लगाया जाता है। वहीं, पेपर खरीदने वाले छात्रों को भी दो से 10 साल की सजा हो सकती है। पेपर लीक के आरोपियों को जमानत नहीं मिलती है। हरियाणा में दोषियों को सात से दस साल जेल और 10 लाख रुपए तक जुर्माना लग सकता है। इतना ही नहीं उनकी प्रॉपर्टी नीलाम कर नुकसान की भरपाई भी करने का प्रावधान है। नकल करते पकड़े जाने वाले छात्रों पर भी पांच हजार का जुर्माना और दो साल की सजा हो सकती है।

सरकारी सूत्रों ने बताया, प्रस्तावित विधेयक में विद्यार्थियों को निशाना नहीं बनाया जाएगा। इसमें संगठित अपराध, माफिया और सांठगांठ में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है। अगर धांधली के कारण परीक्षा रद्द हुई, तो उस पूरी परीक्षा का खर्च दोषी पाए गए सेवा प्रदाताओं व संस्थाओं को देना होगा। इस तरह लाखों योग्य सरकारी नौकरी के इच्छुक छात्रों की कई सालों की मेहनत बर्बाद नहीं होगी और उनका भविष्य सुरक्षित रहेगा।

नजरिया

# विपक्षी दलों के शीर्ष नेतृत्व ने जनभावना के विपरीत लिए फैसले

**राज्यसभा** चुनाव में जमकर हुई क्रॉस वोटिंग के दम पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में दो अतिरिक्त सीट पर विजय हासिल कर ली। नेतृत्व के निर्देशों की अनदेखी करके क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों पर हमेशा की तरह 'बिक जाने' या 'डर जाने' के आरोप लगाए जा रहे हैं, लेकिन इस बार की क्रॉस वोटिंग सिर्फ इतने तक सीमित दिखाई नहीं देती। भाजपा और मोदी विरोधी विपक्षी दलों के शीर्ष नेतृत्व ने पिछले कुछ समय में जिस तरह से जनभावना के विपरीत फैसले लिए हैं, उनसे इन दलों में तेजी से असंतोष बढ़ा है। खासतौर से अयोध्या में श्रीराम लला के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का विपक्षी दलों ने जिस तरह बहिष्कार किया, वह पार्टी के समर्थकों और तमाम नेताओं को रास नहीं आया।



लेखक : विकास सक्सेना
हिंदुस्थान समाचार

तमाम विपक्षी नेता प्रभु राम, सनातन धर्म और संस्कृति के खिलाफ अनर्गल बयान दे रहे थे, लेकिन पार्टी का शीर्ष नेतृत्व चुप्पी साधे हुए था, जिससे कई नेताओं ने बगावती तेवर दिखाए तो कुछ असंतोष की आग को मन में दबाकर बैठे रहे और अब राज्यसभा चुनाव के मौके पर वे खुलकर पार्टी नेतृत्व के खिलाफ खड़े हो गए। सबसे ज्यादा हैरान करने वाला चुनाव हिमाचल प्रदेश में देखने को मिला, यहां से एक राज्यसभा सदस्य का चुनाव किया जाना था। यहां 68 में से 40 विधायक कांग्रेस के, 25 भाजपा और तीन निर्दलीय हैं। सामान्य तौर पर राज्यसभा चुनाव में निर्दलीय विधायक राज्य में सत्ताधारी दल के साथ खड़े होते रहे हैं। इसके अलावा विपक्षी दलों के विधायक भी उसी के पक्ष में क्रॉस वोटिंग करते हैं, इसलिए ऐसा माना जा रहा था कि यहां का मुकाबला कांग्रेस आसानी से जीत जाएगी, लेकिन भाजपा ने यहां से पूर्व कांग्रेसी हर्ष महाजन को उम्मीदवार बनाकर और कांग्रेस उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी की राह मुश्किल कर दी।

कांग्रेस नेतृत्व की नाकामी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू अपने विधायकों के अपहरण का हरियाणा पर आरोप मढ़ रहे थे। किसी राज्य की पुलिस और खुफिया तंत्र के लिए इससे ज्यादा शर्मनाक और क्या हो सकता है। अगर इस घटना का किसी आतंकवादी समूह ने अंजाम दिया होता तो क्या यह घटना इतनी ही सामान्य तौर पर ली जाती।

## अंदाज-ए-बयां
### शहर में दंगा

*कीटनाशकों ने कर*
*दिया है,*
*तितलियों का कत्ल।*
*भंवरों ने उनके वियोग*
*में कर ली*
*आत्महत्या।*
*चंद मधुमक्खियां*
*सरसों के पीले फूलों*
*पर कर रही*
*भोजन के लिए संघर्ष।*
*जंगल हो गए हैं आग*
*के हवाले।*
*न कहीं कोयल की*
*कूक,*
*न कहीं चिड़ियों का*
*शोर।*
*बुरांस के फूलों की*
*खुशबू भी हो गई दूर।*
*दूर-दूर तक नजर*
*आते हैं सिर्फ काले*
*पहाड़,*
*लगता है पहाड़ों से*
*'बसंत' गायब हो गया।*

-जगदेव प्रेमी
जेबीटी टीचर (लारल स्कूल)

# श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह 'रामोत्सव' के रूप में युगों-युगों तक जीवित रहेगा

**गत** 22 जनवरी को अयोध्या की प्राचीन नगरी में एकता, श्रद्धा, भक्ति और समरसता का अविस्मरणीय संगम देखा गया। जहां देश के प्रत्येक कोने से, भिन्न-भिन्न पृष्ठ भूमियों से, सहस्त्रों राम भक्त भव्य राम मंदिर में श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के साक्षी बनने के लिए एकत्र हुए। श्री रामलला के आगमन के नाद से भारत वर्ष में ही नहीं, अपितु संपूर्ण विश्व में एक नवोत्साह की लहर का संचार हुआ। भारत के इतिहास में इस तरह का भव्य आयोजन कदाचित ही हुआ होगा, जिसमें सूक्ष्म स्तरीय योजना एवं वृहद स्तरीय समायोजन का अनोखा मेल देखने को मिला।

अयोध्या में भारत और सनातन सभ्यता की प्रत्येक ध्वनि, प्रत्येक भावना और प्रत्येक परंपरा को प्रभु श्रीराम के छत्र में प्रतिछाया मिली। लक्षद्वीप और अंडमान के एकांत द्वीपों से लद्दाख के सुदूर पर्वतों तक, मिजोरम एवं नागभूमि के हरित वनों से लेकर मरुभूमि की रेत तक, भारत के 28 राज्य एवं आठ केंद्र शासित प्रदेश इस महा-आयोजन के साक्षी बने और भारत की सभी भाषाओं ने कहा की 'राम सभी के हैं।'

सितंबर, 2023 से ही निमंत्रितों की सूची बनाने से लेकर उनको बुलाने की व्यवस्था का चिंतन प्रारंभ हो गया था, सभी को निमंत्रण देने का क्रम डिजिटल पत्राचार से प्रारंभ हुआ, जिसके बाद सभी निमंत्रितों को राष्ट्र के सुदूर क्षेत्रों में जाकर भी व्यक्तिगत रूप से निमंत्रण दिए गए। अंततः सभी निमंत्रितों को एक व्यक्तिगत कोड दिया गया। कार्यक्रम का स्वरूप पूर्णतयः धार्मिक, आध्यात्मिक और सामाजिक रखा गया। आमंत्रित महानुभावों में 10 रुपए से लेकर करोड़ों तक का दान करने वाले सभी दान-दाता वर्गों का प्रतिनिधित्व था। विभिन्न मत-पंथ जैसे इस्लाम, ईसाई, पारसी का भी यहां प्रतिनिधित्व था।



लेखक : रामलाल
हिंदुस्थान समाचार

भारत की राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के साथ पूर्व राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित थे। भारत के हर नगर, हर गांव में सभी प्रभु श्रीराम के शुभागमन हेतु आतुर थे, जो अयोध्या नहीं आ पाए, उन्होंने स्थानीय मंदिरों में पूजन किया, रात्रि में दीपोत्सव मनाया। सभी का मन एवं आत्मा उस दिन अयोध्या में ही थी।

रामलला के अवतरण के साथ ही, हेलिकॉप्टर द्वारा मंदिर परिसर पर की गई पुष्प वर्षा से लग रहा था मानों संपूर्ण देवलोक प्रसन्न होकर पुष्प-वर्षा कर रहा है। लोग भाव विभोर थे। कुछ श्रद्धालुओं की आंखों में आंसू थे। कोई स्वर्ग की अनुभूति कर रहा था, कोई त्रेता युग की। सभी के लिए श्री राम पुनः लंका से अयोध्या लौट रहे थे। यह आयोजन एकता, अखंडता, समरसता और श्रद्धा के 'रामोत्सव' के रूप में युगों-युगों तक जीवित रहेगा।

# समाज को आध्यात्मिक ज्ञान से अनुग्रहित कर गए श्री श्री पूर्णानंद

**देव भूमि** हिमाचल में समय-समय पर अनेको तपस्वी, सिद्ध महात्माओं ने समाज को अपनी ओजस्वी वाणी, तप, साधना, कठोर तपस्या की बदोलत आध्यात्मिक ज्ञान से अनुग्रहित किया है, जिस सनातन हिंदू धर्म मे अनेक महापुरुषों ने अपनी अनमोल शिक्षाओं और आशीर्वचनों से मार्गदर्शन भी किया, ऐसे ही महान तपस्वी सिद्ध महापुरुष हुए जिला सिरमौर के पांवटा विधानसभा के अंतर्गत आंजभोज के धोली ढांग के स्व. श्री श्री पूर्णानंद महाराज जी।

जानकारी अनुसार स्व. श्री श्री पूर्णानंद महाराज जी की आयु एक सौ आठ वर्ष से अधिक बताई जाती थी, जिन्होंने 2018 में अपने शरीर को त्यागा था और हरिद्वार के मोक्ष धाम में जिनके दाह-संस्कार किए गए और बताया जाता है कि जिस तपस्थली धोली ढांग में संत श्री श्री पूर्णानंद महाराज जी रहते थे, उसी तपस्थली मे बताया जाता है कि उन्होंने अनेक वर्षों तक इसी स्थल पर बनी एक गुफा में तपस्या की थी, जो गुफा आज भी मौजूद है तो वहीं, गुफा के सामने इनके गुरु रहे उन महात्मा की भी प्रतिमा मौजूद हैं, स्व श्री श्री पूर्णानंद महाराज जी के नाम से मंदिर जिला सिरमौर के अनेक क्षेत्रों में बने हुए हैं, जहां पर स्व. श्री श्री पूर्णानंद महाराज जी श्रद्धालुओं और भक्तजनों को आशीर्वचनों से अनुग्रहित करते थे।

इनके जिला सिरमौर ही नहीं, बल्कि हिमाचल प्रदेश के अनेक क्षेत्रों से अनगिनत शिष्य रहे हैं, जिनके नाम से बने मंदिर जैसे धौली ढांग कफोटा, गिरनौल, डांडा, सनसरधारा इत्यादि में बने हुए हैं, जहां पर स्व. श्री श्री पूर्णानंद महाराज जी समय-समय पर अपनी साधना, आशीर्वचनों से आध्यात्मिक ज्ञान और धर्म के रास्ते पर चलने के लिए प्रोत्साहित करते थे, जिनके अनेक



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

शिष्य इस बात को भी दोहराते हैं कि स्व. श्री श्री पूर्णानंद महाराज जी को हमने अपने बचपन में जिस शरीर की अवस्था में देखते थे, जिसमें उन्होंने कभी भी इन महापुरुष की बाल्यावस्था, युवाव्यवस्था को नहीं देखा तथा यही अवस्था उम्रभर देखने को मिली और इस बात को हमारे तमाम बुजुर्ग, बुद्धिजीवी और भक्तजन भी दोहराते रहे हैं, इस प्रकार यह एक महान तपस्वी, सिद्ध महापुरुष हुए, जिन्होंने अपनी शिक्षाओं, आध्यात्मिक ज्ञान और संस्कारों को जन-जन तक पहुंचाने का हरसंभव प्रयास भी किए। आज ढोली ढाग के इस मंदिर में महात्मा श्यामानंद जी विराजमान हैं, जो स्व. श्री श्री पूर्णानंद जी के ही शिष्य रहे हैं तो वहीं, दूसरे शिष्य डांडा मंदिर में महात्मा हेमराज जी की देखरेख में कार्यान्वयन हो रहा है, तो वहीं अन्य मंदिरों में भी इनके शिष्य आध्यात्मिक ज्ञान और संस्कारों से अनुग्रहित कर रहे हैं।



इस प्रकार स्व. श्री पूर्णानंद महाराज जी की तपस्थली रही धौली ढाग में आज भी अनेक शिष्य और भक्तजन इस मंदिर में जाकर अपने आप को अनुग्रहित पाते हैं तो वहीं, सबसे ज्यादा भीड़ हर वर्ष गुरु पूर्णिमा में देखने को मिलती है, जब इनके सभी शिष्य और भक्तजन इस मंदिर में रात्रि जागरण और गुरु वंदना से अपने गुरु के निमित्त आराधना और भजन इत्यादि के कार्यक्रम रहते हैं तो वहीं, सुबह विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाता है, जहां पर सैकड़ों की संख्या में भक्तजन अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हैं।

इस प्रकार सिरमौर जिले में संभवत यह एक खास सिद्ध महापुरुष, तपस्वी, महात्मा हुए, जिनकी तप साधना, सिद्धांतों और ओजस्वी वाणी से क्षेत्र के तमाम भक्तजन अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते थे और आज भी करते हैं कि उनके क्षेत्र में ऐसे महापुरुष अवतरित हुए, जिन्होंने अनेक वर्षों तक तपस्या और अनेक साधनाओं से समाज को जागृत करने और आध्यात्मिक ज्ञान की अनमोल शिक्षाओं के मोतियों से हर उस व्यक्ति को अनुग्रहित भी किया, जो इनके मार्गदर्शन में आएं तो वहीं, इनके अनेक शिष्य वर्तमान में समाज और क्षेत्र को आध्यात्मिक के क्षेत्र में जाग्रत करने का भी प्रयास कर रहे हैं, जिसमें जैसे प्रकाशानंद महाराज जी इत्यादि जैसे अनेक तपसाधक, महात्मा, ओजस्वी वाणी, श्रीमद् भागवत कथा और ज्ञान के मोतियों से विभिन्न क्षेत्रों, प्रदेशों और यहां तक कि विश्व के अनेक देशों में अपने सनातन धर्म और समाज को जागृत करने का प्रयास कर रहे हैं।

इस प्रकार आज युवा पीढ़ी को भी ऐसे सिद्ध महापुरुषों की तपस्थली, तपस्या, शिक्षाओं और जीवनशैली से जागरूक करने की परम आवश्यकता है ताकि आध्यात्मिक ज्ञान को युवाओं और बच्चों के जीवन में उतारने के प्रयास किया जाएं, क्योंकि आधुनिकता के जिस दौर में हम प्रवेश कर चुके हैं, वहां पर बच्चों और युवाओं में आध्यात्मिक ज्ञान, संस्कारों और सनातन धर्म की जागरूकता बहुत कम देखने को मिलती है, जिसको बढ़ाने और इन सभी शिक्षाओं को अपनाने की बहुत आवश्यकता वर्तमान समय में बनी हुई है, इसलिए आज बुद्धिजीवियों का भी नैतिक दायित्व है कि ऐसे अनेक महात्माओं और सिद्ध महापुरुषों की शिक्षाओं और जीवनशैली से समय-समय पर आज के दिशाहीन हो रहे युवाओं और बच्चों को जागरूक किया जाए, ताकि हम अपने सनातन धर्म और आध्यात्मिक ज्ञान से अपने जीवन को सफल बना सकें, जिसकी अपेक्षा हर महात्मा, सिद्ध महापुरुष, समाजसेवी और तपस्वी रखते हैं।

# विलुप्त हो रहे वन्य जीवों के संरक्षण के निरंतार प्रयास जरूरी

**जब** हम वन्य जीव या वाइल्ड लाइफ जैसे शब्द सुनते हैं तो अमूमन हमारे दिमाग में सबसे पहले जंगल और वहां रहने वाले शेर, चीता, भालू जैसे बड़े जानवरों का ख्याल आता है। दरअसल वन्य जीव उन सभी जीवों को कहा जाता है, जिन्हें मनुष्य ने पालतू न बनाया गया हो। वन्य जीवों में न केवल जानवर बल्कि वे सभी पेड़-पौधे, कीड़े-मकोड़े, कवक और सूक्ष्म जीव भी आते हैं, जो अपने प्राकृतिक वातावरण में बिना मनुष्य के दखल के रहते हैं। वन्य जीव पृथ्वी के हर महाद्वीप और लगभग सभी देशों में पाए जाते हैं। यह हमारी प्राकृतिक धरोहर का एक बहुत अहम हिस्सा हैं, क्योंकि पृथ्वी में पाए जाने वाले हर पारितंत्र यानी ईको सिस्टम जैसे वन, रेगिस्तान, घास भूमि, मैदान, पर्वत, समुद्री क्षेत्र में इनकी अच्छी खासी संख्या देखी जा सकती है।

पर्यावरण को संतुलित करने में वन्य जीव महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वन्य जीवन प्रकृति की विभिन्न प्रक्रिया को स्थिरता प्रदान करता है। प्रत्येक जीवित वस्तु आपस में जुड़ी हुई है। यदि केवल एक जीव भी खतरे में पड़ जाता है या विलुप्त हो जाता है, तो इसका पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव पड़ता है। यह खाद्य शृंखला यानी फूड चेन को भी बाधित करता है, जिससे पर्यावरण में सदमे की लहर फैल जाती है, इसलिए इनका संरक्षण बेहद अहम हो जाता है। इस दिशा में विश्व के बहुत सारे सरकारी, गैर-सरकारी संगठन निरंतर प्रयासरत हैं। यह संगठन अपने तमाम कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को इनके संरक्षण के प्रति जागरूक भी करते हैं।



विश्व वन्य जीव दिवस
लेखिका : आयुषी दवे
स्वतंत्र टिप्पणीकार

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

ऐसे ही बड़े प्रयास के अंतर्गत संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसंबर, 2013 को 68वें सेशन में हर साल तीन मार्च को विश्व वन्य जीव दिवस मनाने की घोषणा की थी। तीन मार्च की तिथि को इसलिए निर्धारित किया गया, क्योंकि तीन मार्च, 1973 में इंटरनेशनल यूनियन फॉर कन्सेर्वेटिव ऑफ नेचर के 80 सदस्यों ने सीआईटीईएस (साइट्स) समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। साइट्स जंगली जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन सरकारों के बीच अहम अंतरराष्ट्रीय समझौता है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जंगली जानवरों और पौधों के नमूनों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार से प्रजातियों के अस्तित्व को खतरा न हो। इस साल इसका विषय है 'लोगों और ग्रह को जोड़ना' वन्य जीव संरक्षण में डिजिटल नवाचार की खोज। विश्व वन्य जीव दिवस का उद्देश्य लोगों को प्रकृति से जोड़ना और उन्हें जानवरों और पेड़-पौधों के संरक्षण के लिए प्रेरित करना है। भारत में भी इस दिशा में सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। 1972 में वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट नामक सख्त कानून पारित किया गया। नेशनल पार्क, वन्य जीव अभयारण्य, टाइगर रिजर्व, हाथी रिजर्व जैसे बहुत से संरक्षित क्षेत्र भी घोषित किए गए।

समय-समय पर इनकी गणना भी की जाती है। इनकी संख्या बढ़ाने के लिए प्रोजेक्ट टाइगर, प्रोजेक्ट एलीफेंट, प्रोजेक्ट राइनो, प्रोजेक्ट स्नो लैपर्ड, प्रोजेक्ट वल्चर आदि शुरू किए गए। वन्य जीवन के महत्व को पारिस्थितिक, आर्थिक और खोजपूर्ण महत्व के साथ-साथ जैव विविधता के संरक्षण आदि के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। एक स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र के लिए विविधता आवश्यक होती है। उदाहरण के लिए पौधों पर विचार करें। पौधों की विस्तृत विविधता का अर्थ है अधिक उत्पादकता और बेहतर स्वास्थ्य। यदि पौधों की प्रजातियां कम होंगी तो उन्हें प्रभावित करने वाली बीमारी तेजी से और अधिक प्रभावी ढंग से फैलती है। बहुत से लोग अपनी जीविका के लिए कहीं न कहीं वन और वन्य जीवों पर आश्रित हैं, इसलिए इनका संरक्षण और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है। लोग भोजन से लेकर ईंधन, दवाएं, आवास और कपड़े तक अपनी सारी जरूरतों को पूरा करने के लिए वन्य जीवन और जैव विविधता आधारित संसाधनों पर निर्भर हैं।

प्रकृति हमें और हमारे ग्रह को जो लाभ और सुंदरता प्रदान करती है, उसका आनंद लेने के लिए यह जरूरी है कि लोग यह सुनिश्चित करें कि पारिस्थितिकी तंत्र फलने-फूलने में सक्षम हो और पौधों तथा जानवरों की प्रजातियां भविष्य की पीढ़ियों के लिए अस्तित्व में रहने में सक्षम हों। जरूरत यह भी है कि हम वन्य जीवों के महत्व को समझें। उनका होना एक वरदान समझ कर उनके होने का जश्न मनाएं। उनके संरक्षण की बात को केवल कागजी बात न मान कर उसे अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाते हुए इस दिशा में निरंतर प्रयास करते रहें।

## अपनी बात

**एआई** यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समय के साथ बहुत बदलाव लाने वाली है। यह टेक्नोलॉजी समाज में कई चुनौतियां सामने लाएगी। आज टेक्नोलॉजी ने जिंदगी को आरामदायक और आसान तो बना दिया है, लेकिन बेरोजगारी भी बढ़ा दी है। आज दुनियाभर के देशों के लिए बेरोजगारी एक बहुत बड़ी समस्या बनती जा रही है। बेरोजगारी का एक मुख्य कारण आधुनिक टेक्नोनॉजी मशीनें भी हैं। तकनीकी आविष्कारों का नकारात्मक असर हमारे देश में रोजगार पर पड़ा है। पहले जिस काम को दस मजदूर घंटों में करते थे, अब नई तकनीक से एक मशीन से एक ही व्यक्ति उस काम को कुछ ही मिनटों में कर रहा। इन मशीनों को तैयार करने के लिए भी मशीनों का ही सहारा लिया जाता है। भारत में इन मशीनों का निर्माण भी न के बराबर है। इस कारण भी नई तकनीक भारत में रोजगार के लिए अभिशाप मानी जा सकती है। ऐसा नहीं कि आधुनिक टेक्नोलॉजी एआई के नकरात्मक परिणाम हैं, इसके सकरात्मक पहलू भी हैं, लेकिन हमें भी भी सोशल मीडिया के युग में सतर्क और जागरूक रहना होगा।

– अंकुर नाग, शाहपुर

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# पठानकोट-भरमौर एनएच बड़े वाहनों के लिए बंद, लोग परेशान

## बग्गा धरवाला में जमीन धंसने के कारण पैदा हुई समस्या

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

पिछले दो दिन से जनजातीय क्षेत्र भरमौर में हो रही भारी बारिश के कारण पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग शनिवार को बड़े वाहनों के लिए पूरी तरह बंद रहा। जगह-जगह हो रही लैंडस्लाइड व जमीन धंसने के कारण छोटे वाहनों को भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। लगातार हो रही भारी बारिश और लैंडस्लाइड के चलते इस मार्ग पर सफर करना जोखिम भरा रहा।

रास्ता खराब होने के चलते सवारियों को भी एक जगह से दूसरी जगह पर पहुंचने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं कई जगह से बच्चों के परीक्षा हाल तक नहीं पहुंच पाने का समाचार भी प्राप्त हुआ है। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह ही



पठानकोट-भरमौर नेशनल हाई-वे पर हुई लैंडस्लाइड।

पठानकोट-भरमौर नेशनल हाई-वे पर बग्गा धरवाला के लोथल नाले में रास्ता खराब होने के चलते वाहनों की आवाजाही बंद रही, लेकिन सड़क बंद होने की सूचना मिलते ही एनएच विभाग ने कर्मचारी व मशीनरी की तैनाती करके काफी हद तक रोड को बहाल करने का प्रयास किया। जिसके बाद सड़क छोटे वाहनों के लिए बहाल की गई, लेकिन जगह-जगह लगातार हो रही लैंडस्लाइड व जमीन धंसने के कारण यह मुख्य मार्ग जगह-जगह बंद रहा। जानकारी के अनुसार सुबह ही धरवाला के लोथल नाला में नाले का जलस्तर बढ़ने के कारण यहां पर काफी देर तक सड़क बंद रही व वाहनों की आवाजाही करने के लिए चालकों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। रास्ता खराब होने के चलते यहां पर लोगों को कई किलोमीटर पैदल चलकर एक जगह से दूसरी जगह पहुंचना पड़ा। शुक्रवार से ही हो रही भारी बारिश के कारण पठानकोट-भरमौर नेशनल हाई-वे 154 ए पर बड़े वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद रही।

# सड़कें हुई सुनसान, घरों में दुबके लोग


## चंबा में बर्फबारी, बारिश व शीतलहर से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त, ठंड भी बढ़ी

- लोगों को पेयजल और बिजली की हो रही समस्या

**अनंत ज्ञान टीम, चंबा**

जिला में जारी बर्फबारी, बारिश व शीतलहर ने चंबा को सुन्न कर दिया है। सड़कों पर आवाजाही बिलकुल नामात्र हो गई और लोग घरों में दुबक गए हैं। जबकि जनजातीय क्षेत्र भरमौर, पांगी एवं भटियात तक मौसम के मिजाज बिगड़े हुए है। जहां निचले क्षेत्रों में दो दिनों से लगातार बारिश का कहर जारी है। वहीं जिला के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात का क्रम जारी है। चंबा के भरमौर, होली व पांगी में करीब एक-एक फुट तक ताजा हिमपात होने का समाचार है। हिमपात के लगातार जारी रहने से आने वाले 24 घंटों में इसके और अधिक बढ़ने की उम्मीद लगाई जा रही है।

जनजातीय क्षेत्र में सड़क, बिजली और पेयजल की किल्लत अभी से महसूस होने लग पड़ी है। हालांकि किसान और बागवान जरूर इस बर्फबारी की तलब में थे। जिसे मौसम के बदले रूप ने पूरा कर दिया है। चंबा में पिछले 24 घंटे से बारिश हो रही है। जनजातीय क्षेत्र भरमौर व होली में तो लोगों को बर्फबारी के साथ ही कई क्षेत्रों में बिजली के ठप हो जाने की भी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।



चंबा की ऊंची चोटियों पर हुए ताजा हिमपात का मनमोहक नजारा।

> सभी उपमंडल प्रशासन में विशेषकर भरमौर, पांगी, डलहौजी व चुराह को मौसम के अनुसार हाई अलर्ट जारी किया है। जबकि उपमंडल प्रशासन भी बराबर मौसम की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। जिसमें किसी आपातकालीन परिस्थिति में जरूरतमंदों को जहां उचित सहायता पहुंचाने की तैयारियां कर रखी है, वहीं लोगों को भी बेवजह खराब मौसम में घर से बाहर न निकलने की चेतावनी जारी की है।
>
> **मुकेश रेपसवाल, उपायुक्त, चंबा।**

### पांगी घाटी की पहाड़ियों पर हिमपात

पांगी घाटी में इस मौसम के पहले हिमपात ने लोगों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। पांगी घाटी की ऊंची पहाड़ियों पर जहां आठ से दस इंच तक हिमपात हुआ, वहीं घाटी के सुराल, सुराल भटौरी, हुडाण, हुडाण भटौरी, चस्क, शुज, उदीण, हिलू-टवान व मुर्द समेत कई गांवों में चार से पांच इंच तक बर्फबारी दर्ज की गई। जबकि पांगी घाटी की निचली रिहायशी बस्तियों किलाड़, करयास, करेल, फिंडरु, मिंधल, रेई व पुर्थी समेत अन्य हिस्सों में भारी हिमपात हुआ है। जबकि चंबा से पांगी के बीच स्थित साच पास दर्रा भी इस बर्फबारी के चलते अब आवाजाही के लिए बंद हो गया है।

# भारी बारिश के कारण तीसा मुख्य मार्ग बंद

**अनंत ज्ञान,तीसा**

लगातार हो रही मूसलाधार बारिश की वजह से तीसा मुख्य मार्ग पर जगह-जगह लैंडस्लाइड और पहाड़ी दरकने की वजह से यातायात पूरी तरह से ठप हो गया है। लोगों को अपनी मंजिल तक पंहुचने के लिए पैदल सफर करना पड़ रहा है। ज्यादा समस्या स्कूली छात्रों को आ रही है। बोर्ड की परीक्षाएं देने के लिए बच्चों को पैदल ही स्कूल तक पहुंचना पड़ रहा है। बारिश और बर्फबारी के चलते चुराह में लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है।

जगह-जगह हुए भूस्खलन से चंबा-तीसा मुख्य मार्ग बंद हो गया है। वहीं चंबा तीसा मुख्य मार्ग को बहाल करने में लोक निर्माण विभाग जुट गया है। लोक निर्माण विभाग अधिशाषी अभियंता जोगिंद्र कुमार ने बताया कि चंबा-तीसा मुख्य मार्ग पर जगह-जगह भूस्खलन और सड़क में मलबा आ गया है। ऐसे में चंबा-तीसा मुख्य मार्ग बंद हो गया है। वहीं लोक निर्माण विभाग लगातार मार्ग को बहाल करने में जुटा हुआ है। चंबा-तीसा मुख्य रखालू के पास बड़े वाहनों के लिए बंद है वहीं चांजु नाला ओर पंगोला नाला छोटे वाहनों के लिए बंद है। फिलहाल लोक निर्माण विभाग मार्ग को बहाल करने में जुट गया है। बहुत जल्द मार्ग को बहाल किया जाएगा।



पंगोला नाला के पास बंद चंबा-तीसा मुख्य मार्ग, इससे यहां यात्रियों को परेशानी हो रही है।

### डलहौजी में पर्यटन कारोबार पर मौसम की मार

**डलहौजी।** प्रसिद्ध पर्यटन नगरी डलहौजी में बीते 24 घंटे से लगातार हो रही बारिश से जहां आम जनजीवन अस्त व्यस्त हुआ है तो वही पर्यटन कारोबार पर भी इसका सीधा असर देखने को मिल रहा है। जिला प्रशासन द्वारा मौसम को लेकर एडवाइजरी जारी की गई है। हालांकि डायनकुंड, लक्कड़ मंडी एवं कालाटॉप में हल्की बर्फबारी हुई है। समस्त डलहौजी क्षेत्र में तापमान में भारी गिरावट के कारण हर कोई घरों में दुबकने को मजबूर है। होटल कारोबारियों की माने तो सैलानी बर्फ देखने डलहौजी तो जरूर आ रहे हैं, लेकिन जैसी उम्मीद सैलानियों को लेकर की जा रही थी वैसा व्यवसाय देखने को नहीं मिल रहा। खराब मौसम को लेकर उपमंडलाधिकारी डलहौजी नागरिक अनिल भारद्वाज ने बताया कि प्रशासन द्वारा तमाम होटल कारोबारी, टैक्सी ऑपरेटर एवं स्थानीय टूर गाइड को हिदायतें जारी कर दी गई हैं कि वे सैलानियों को लेकर ऊपरी क्षेत्रों का रुख न करें। खराब मौसम के चलते कोई अप्रिय घटना का शिकार न हो। साथ ही उन्होंने स्थानीय लोगों से भी अपील की है कि वे मौसम को लेकर खुद भी सावधान रहें।

## न्यूज ब्रीफ

### कीड़ी पंचायत में हल्ला बोल कार्यक्रम



कीड़ी पंचायत में पूर्व भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य व अधिवक्ता जय सिंह का स्वागत करते स्थानीय लोग।

**चंबा।** जिला चंबा के पंचायत कीड़ी में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य व अधिवक्ता जय सिंह की अगुआई में प्रदेश सरकार के विरूद्ध हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए जय सिंह ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनी है तब से चंबा पिछड़ता जा रहा है। विकास के सभी काम ठप पड़े हैं। स्वस्थ सेवाएं ठप और पूरी तरह चरमरा गई हैं। जल शक्ति और बिजली विभाग का तो और भी बुरा हाल है 10 हजार लोगों की एप्लीकेशन पेंडिंग पड़ी है, मीटर नहीं लगे हैं। घरों में नल लगाने के लिए विभाग के पास पाइप नहीं है। चंबा में कम से कम अभी तक 12 मंत्री दौरा कर चुके हैं और चंबा को कुछ नहीं मिला। नीरज नैय्यर चुनावों के दौरान जनता को कहते थे कि उनकी सरकार बनते ही एक लाख लोगों को नौकरियां दी जाएगी। विधायक ने नौकरियां कहां रखी हैं। उपस्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पद जिले में रिक्त चले हुए हैं। एक स्वास्थय कार्यकर्ता को दो-तीन कार्यभार उपस्वास्थ्य केंद्रों का सौंपा गया है। इस मौके पर शरण दास बीडीसी मेंबर, विकास कुमार वार्ड मेंबर, पूर्व प्रधान जरम सिंह, पूर्व मेंबर सुनीता देवी, महिला मंडल अध्यक्ष केसरो उपस्थित रही।

### मॉडल करियर सेंटर में इंटरव्यू सात को

**चंबा।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड बिलासपुर के तहत सिक्योरिटी गार्ड्स के 120 पदों को भरने के लिए सात मार्च को कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने दी। उन्होंने बताया कि इच्छुक आवेदक को साक्षात्कार से पहले रोजगार कार्यालय में ऑनलाइन पंजीकरण करवाना अनिवार्य रहेगा। चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति हिमाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों तथा चंडीगढ़ में होगी। पंजीकरण करने के लिए आवेदकों को विभागीय वेबसाइट https:// eemis.hp.nic.in/ पर लॉगिन करना होगा। प्रत्येक आवेदक को अपने अलग लॉग इन आईडी बनाने के उपरांत ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया को पूर्ण करना होगा। शैक्षणिक योग्यता के मूल प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, रोजगार कार्यालय का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व बायोडाटा अनिवार्य होगा तथा कैंपस इंटरव्यू में केवल पुरुष उम्मीदवार ही पात्र होंगे। आवेदक की आयु 19 से 37 वर्ष शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास अथवा उससे अधिक तथा लंबाई 168 सैंटीमीटर तथा भार 56 किलोग्राम से 95 किलोग्राम तक होना अनिवार्य रहेगा। चयनित प्रतिभागियों को एक माह के प्रशिक्षण पश्चात 17500 से 19500 प्रतिमाह मासिक वेतन तथा अन्य सुविधाएं मिलेगी। कैंपस इंटरव्यू का आयोजन 7 मार्च 2024 को मॉडल करियर सेंटर एवं जिला एंप्लॉयमेंट एक्सचेंज चंबा बालू में होगा। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय के दूरभाष नंबर 01899-222209 पर संपर्क किया जा सकता है।



### बुजुर्ग से 6.15 ग्राम चिट्टा पकड़ा

**चंबा।** चंबा पुलिस ने शुक्रवार रात करीब 11 बजे चंबा-भरमौर एनएच 154 ए पर स्थित पीर बाबा दरगाह के पास नाकाबंदी की हुई थी जहां दरगाह के पास बैठा एक बुजुर्ग पुलिस दल को देखकर घबरा गया। पुलिस ने जब उसके पास जाकर आधी रात बैठे होने का कारण पूछा तो वह पुलिस को अपनी बातों में उलझाने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उस बुजुर्ग की तलाशी ली तो उसकी जेब में से प्लास्टिक नुमा थैली में बरामद सफेद पाउडर को जांचा गया तो कुल 6.15 ग्राम चिट्टा पाया गया। मुस्तैद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू कर लिया। आरोपी की पहचान 68 वर्षीय पवन कुमार पुत्र देवराज निवासी मोहल्ला एम/3/78 डॉक्टर भीमराव अंबेडकर कॉलोनी अपोजिट गिलवाली गेट अमृतसर पंजाब के रूप में हुई है। इस सारे मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव ने की है।

# रूणहकोठी में लैंडस्लाइड से मकान जमींदोज

## भारी बारिश से लोगों के उपजाऊ खेतों के साथ पेड़ भी आए चपेट में

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

विधानसभा क्षेत्र भरमौर की ग्राम पंचायत रूणहकोठी के सामरा के गांव सियूका में भारी बारिश के चलते लैंडस्लाइड होने से एक मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके साथ लगते मकान भी इसकी जद में आ सकते हैं। जानकारी के अनुसार यह दो मंजिला मकान चूहरू राम पुत्र महाजन राम का है।

गनीमत यह रही जिस वक्त लैंडस्लाइड हुआ उस वक्त उक्त परिवार चंबा में था। यहां पर स्थानीय लोगों के उपजाऊ खेत भी लैंडस्लाइड की भेंट चढ़ गए हैं। वहीं करीब आधा दर्जन सेब व अखरोट के पेड़ भी इसकी चपेट में आए हैं। जानकारी के अनुसार शनिववार दोपहर को एकाएक भारी लैंडस्लाइड हुआ। गांववासियों ने इसके लिए सड़क निर्माण के ठेकेदार को जिम्मेदार ठहराया है। लोगों का कहना है कि यहां अवैध तरीके से सड़क का निर्माण किया गया है। सड़क निर्माण के दौरान यहां पर निकलने वाले मलबे को डंपिग साइट में न डालकर सड़क के किनारे ही रख दिया गया था। जिसके कारण यहां पर डंगे का निर्माण नहीं किया गया है। हालांकि उस वक्त भी लोगों ने इसका विरोध किया था और इसकी शिकायत प्रशासन, विभाग व ठेकेदार को भी भेजी गई थी, लेकिन वहां पर डंगे का निर्माण न होने के कारण एक बार फिर से इसका खामियाजा स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ा है। स्थानीय निवासी अश्वनी सोई, मनीष कुमार, इंद्रा देवी का कहना है कि सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार द्वारा किए गए अवैध निर्माण के कारण लोगों को यह परेशानी आई है।

उन्होंने कहा है इससे पहले भी यहां पर कई बीघा जमीन लैंडस्लाइड की भेंट चढ़ चुकी है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस पर तुरंत से तुरंत कार्रवाई की जाए और प्रभावित लोगों को तुरंत मुआवजा प्रदान किया जाए। वहीं स्थानीय प्रधान संजू ठाकुर का कहना है कि उन्होंने मौके पर जाकर जायजा लिया है। उनका कहना है कि यहां पर 100 मीटर से अधिक जगह पूरी तरह से लैंडस्लाइड की भेंट चढ़ गई है। जिसके कारण एक मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है तो साथ लगते एक अन्य मकान को भी खतरा हो गया है। उन्होंने प्रशासन से तुरंत इस पर कार्रवाई करने की मांग की है।



सियूका में भारी बारिश के चलते लैंडस्लाइड से क्षतिग्रस्त हुआ मकान।

### घर की छत उड़ी

**तीसा।** जिला चंबा की तहसील चुराह में ग्राम पंचायत टेपा के गांव चंदरु में भारी बारिश और तेज तूफान की वजह से मकान की छत हवा से उड़कर खेतों में जा गिरी जिस वजह से गांव में अफरा तफरी का माहौल हो गया। इसी बीच तूफान में एक पेड़ भी गिर गया और साथ बने मकान में जा गिरा। गनीमत यह रही की इन दोनों हादसों में कोई भी जान माल का नुकसान नहीं हुआ। जब यह हादसा हुआ उस वक्त वहां पर कोई मौजूद नहीं था। एसडीएम चुराह जोगिंद्र सिंह पटियाल का कहना है की भारी बारिश में लोग अनावश्यक घरों से बाहर न निकलें और नदी नालों के नजदीक न जाए

# बैठकों के बाद भी नहीं बन पाई खफा पार्षदों से सहमति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

नगर परिषद चंबा कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे खफा पार्षदों व नप अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के मध्य हुई दो बैठकों में हालांकि धरना खत्म करने का दावा किया गया, लेकिन जब शुक्रवार को मौखिक तौर पर मांगों को स्वीकार कर शनिवार को लिखित तौर पर मांगे मानने के तहत बैठक का दौर बंद कमरे में हुआ तो एक बार फिर से दोनों पक्षों में विवाद की परिस्थिति उत्पन्न हो गई। जिसके चलते जहां शुक्रवार को हुई बैठक के पश्चात धरना समाप्त होने की बात कहीं जा रही थी वह बात धरी की धरी रहते हुए एक बार फिर से खफा पार्षदों ने धरना जारी कर दिया। जबकि दूसरी ओर नप चंबा अध्यक्ष ने खफा पार्षदों की मांगों पर सवालियां निशान उठाने सहित कुछ मांगों को नियमों से बाहर करार दिया है। जिससे आपसी समझौता होते-होते एक बार फिर से पलटकर 14वें दिन धरने के रूप में बदल गया है। नीलम नैयर अध्यक्ष नप चंबा का कहना है कि नप चंबा के जो भी विकास कार्यों के टेंडर लगे थे और जो ऑनलाइन हो चुके थे वे अपलोड हो गए हैं और जल्द ही खोल दिए जाएंगे। कोटेशन वर्क के संदर्भ में उपायुक्त चंबा से राय ली गई तो उन्होंने एक लाख राशि से ऊपर कार्य से कोटेशन नहीं आने की बात कही है। जिसे उन्होंने खफा पार्षदों के समक्ष रखा तो वह इसे मामने से इंकार कर उसे लागू करने की जिद्द पर अड़े है। इसके बावजूद इस दिशा में पार्षदों को बोल दिया कि आप रिटन दे दो अगर कल को कोई भी ऑडिट ऑब्जेक्शन लगता है कोई भी कमेटी के ऊपर कोई भी बात आती है तो उसके जिम्मेदार वे होंगे। नप में नियमों से बाहर जब कोटेशन खोली तो नियमों के तहत ही उस के ऊपर आपत्ति व्यक्त की और यह रद्द कर दिया। जबकि पुन ऑनलाइन टेंडर आमंत्रित किए है। जिन्हें जल्दी से जल्दी शॉर्ट नोटिस में खोल देंगे। कोई भी बात या मांग धरने या लड़ाई झगड़े से हल नहीं होती। वार्तालाप व आपसी तालमेल ही एकमात्र विकल्प है।

# तो क्या भरमौर में भी बदल जाएंगे सियासी समीकरण?

**ओपी शर्मा, भरमौर**

प्रदेश की कांग्रेस सरकार में मची उथल-पुथल की हलचल प्रदेश के ठंडे विधानसभा क्षेत्र भरमौर तक भी पहुंचेगी इसके कयास अभी से लगाना शुरू हो गए हैं। पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर विक्रमादित्य सिंह के सोशल मीडिया अकाउंट से कांग्रेस पार्टी व पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर का टैग हटाने के बाद सोशल मीडिया पर हिमाचल का सेवक लिखने को लेकर यहां पर यह कयास तेज हो गए हैं तो वहीं पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की सरकार के प्रति तल्ख व बगाबती तेवर को देखते हुए यहां सियासी हलचल और तेज होने से कभी भी इनकार नहीं किया जा सकता।

गौरतलब है कि यहां पर पिछले कई महीनों से कांग्रेस में अलग-अलग धड़ेबाजी जग जाहिर हो चुकी है। यहां पर पिछले काफी समय से पूर्व वन मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी व उनके समर्थक अपने आप को अपेक्षित महसूस कर रहे हैं। जानकारों की माने तो पूर्व वनमंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी को हॉलीलॉज का बहुत ही करीबी माना जाता रहा है। लिहाजा प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और विक्रमादित्य सिंह पलटकर भाजपा में शामिल होते हैं तो क्या ठाकुर सिंह भरमौरी व उनके समर्थक भी भाजपा में जाकर नए समीकरण को चर्चा देंगे। इसके बारे में सियासी चर्चा शुरू हो गई है। हालांकि भरमौर



ठाकुर सिंह भरमौरी।



डॉक्टर जनक राज।

में पहली बार कोई विधायक विपक्ष का बना है। यहां पर पूर्व वन मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी को प्रदेश के प्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉक्टर जनक राज ने 5000 से अधिक मतों से हराकर विधानसभा में प्रवेश किया है। हालांकि अभी तक प्रतिभा सिंह व विक्रमादित्य सिंह का भाजपा को ज्वाइन करने को लेकर रुख साफ नहीं हुआ है, लेकिन इसके सियासी मायने निकाले जाएं तो क्या उनके भाजपा में जाने के बाद हॉलीलॉज के समर्थक जाने वाले ठाकुर सिंह भरमौरी भी भाजपा में जाकर अपनी सियासी पिच तलाशेंगे।

पिछले काफी समय से ठाकुर सिंह भरमौरी अपने बेटे अमित भरमौरी को बोर्ड व निगम में जगह देने के लिए लगातार प्रयासरत है। वहीं पर प्रतिभा सिंह भी समय-समय पर अपने समर्थकों की अनदेखी का मुद्दा भी मुख्यमंत्री के सामने व हाई कमान के सामने उठा चुकी है। (अनंत ज्ञान)

**बैठक** | समीक्षा बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# तय समय सीमा में पूरे करें विकास कार्य: राहुल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राहुल चौहान की अध्यक्षता में सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत चयनित जिला चंबा के विकास खंड मैहला की ग्राम पंचायत मंगला तथा विकास खंड भटियात की ग्राम पंचायत मेल में किए जा रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों की समीक्षा को लेकर शनिवार को कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत चल रहे विभिन्न कार्यों से पंचायतों में रहने वाले लोगों की बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ उनके जीवन स्तर में व्यापक सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य गांवों को रोल मॉडल के रूप में विकसित करना है। उन्होंने विभिन्न कार्यों को निश्चित समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आदर्श ग्राम योजना के तहत चिन्हित ग्राम पंचायतों में पेयजल एवं स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, संपर्क मार्गों एवं आवास, कृषि व बागवानी, सामाजिक सुरक्षा, बिजली एवं स्वच्छ ईंधन, कृषि पद्धति, डिजिटलाइजेशन, वित्तीय समावेशन और आजीविका एवं कौशल जैसे कार्यों के अनुरूप तैयार की गई कार्ययोजना का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित बनाया जा रहा है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत चयनित ग्राम पंचायत मंगला और ग्राम पंचायत मेल में चल रहे विभिन्न कार्यों में तेजी लाना सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने कहा कि योजना के तहत किए गए कार्यों की रिपोर्ट जल्द से जल्द प्रस्तुत करें।



समीक्षा बैठक के दौरान मौजूद अधिकारियों को संबोधित करते अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राहुल चौहान।

बैठक में उक्त ग्राम पंचायतों में योजना के तहत हो रहे विभिन्न विभागीय विकासात्मक कार्यों पर तैयार की गई सैल्फ पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने कहा कि सांसद आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत जिला की चिन्हित दोनों ग्राम पंचायतों में किए जा रहे कार्यों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन करने और योजना के तहत स्वीकृत सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी रमनवीर चौहान, भू संरक्षण अधिकारी राजीव मिन्हास, जिला कल्याण अधिकारी चमन लाल शर्मा, सहायक अभियंता दिनेश कुमार व सहायक अभियंता गौरव ठाकुर सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### चार दिन से घर नहीं लौटे कोठी गांव के तीन युवक

**आनी।** जिला कुल्लू के आनी खंड की कराड पंचायत के कोठी गांव के तीन युवक चार दिन से लापता हैं, जिस कारण इनके परिजन अपने बच्चों को लेकर चिंतित हैं। परिजनों ने इस संबंध में पुलिस थाना आनी में प्राथमिकी दर्ज कर दी है। पुलिस जानकारी के अनुसार दक्ष कटोच (16) पुत्र रणवीर सिंह तथा गगनेश (16) पुत्र स्व. संजय जो कि जमा दो स्कूल कोठी में दसवीं कक्षा के छात्र हैं तथा हर्ष कटोच (17) पुत्र दलीप। ये तीनों गांव कोठी के हैं। ये तीनों 28 फरवरी से आनी से लापता हैं। पता चला है कि ये तीनों 28 फरवरी को किसी को बताए बिना टिप्पर-आनी बस में आनी की ओर गए हैं, जिन्हें एक मार्च को शिमला में देखा गया है, जबकि उसके बाद इन तीनों युवकों का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। युवकों की गुमशुदगी से उनके परिजन बेहद चिंतित है। उन्होंने पुलिस के अलावा सर्व साधारण से उनके बच्चों को ढूंढने के लिए सहायता की गुहार लगाई है। परिजनों का कहना है कि यदि किसी व्यक्ति को उनके बारे में कोई जानकारी मिले तो वे उनके मोबाइल नंबर 82787, 86665,78077 04109, 88946 91011 और, 94785 16030 पर सूचित करें। वहीं, इस बारे में पुलिस उपाधीक्षक आनी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि बच्चों की गुमशुदगी को लेकर पुलिस पूरी तरह से सतर्क है।


आनी के कोठी गांव के लापता हुए तीनों युवक।

### अग्नि प्रभावित परिवार को दिया फ्री सिलेंडर व चूल्हा

**पतलीकूहल।** मनाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव बड़ीदागरां (अरछंडी) में हुई आगजनी की घटना से स्थानीय निवासी टेक चंद का मकान आग की भेंट चढ़ गया। मकान में लगी आग में टेक चंद की जिंदगी भर की कमाई चंद ही घंटों में स्वाहा हो गई। पीड़ित परिवार के पास अब न तो छत रही और न ही वर्ष भर खेतों में उगाई की फसल का अनाज रहा। इन हालातों में उक्त पीड़ित परिवार अब प्रशासन एवं समाजसेवी संस्थाओं द्वारा दी गई सहायता से अपनी रोजी रोटी चलाने पर मजबूर है, ऐसे में प्रदेश के कांग्रेस सचिव व मनाली गैस सर्विस (भारत गैस) के वितरक एवं समाज सेवी देवेंद्र नेगी व बागवान संगठन के महासचिव राजीव ठाकुर ने प्रभावित परिवार की परेशानी को समझते हुए गैस सिलेंडर एवं गैस चूल्हा प्रदान कर राहत प्रदान की। इस अवसर पर मनाली कांग्रेस मीडिया प्रभारी नरेश ठाकुर व अन्य साथ आए युवाओं ने दोनों ही नेताओं का आभार व्यक्त किया।

### बाल विवाह अधिनियम बारे महिलाओं को दिए टिप्स

**बंजार।** बाल विकास परियोजना बंजार के सौजन्य से जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस जागरूकता शिविर में 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया है इस मौके पर अधिवक्ता प्रत्यूष राही ने महिलाओं को बाल विवाह अधिनियम के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और साथ ही लड़कियों को उच्च शिक्षा देने के महत्व बारे बताया गया। इस अवसर पर डॉक्टर मनुज ने प्रसव पूर्व लिंग जांच के अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी चंपा शर्मा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर एक मार्च से सात मार्च तक विभाग के द्वारा निश्चित की गई गतिविधियों को करवाया जा रहा है, जिसमें महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को लोगों में प्रचारित और प्रसारित करने का अभियान चलाया जाना बाकी है। इस मौके पर पर्वेक्षक मोती राम और इंद्रा देवी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर किया जागरूक

**कुल्लू।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक से आठ मार्च तक जिला कुल्लू के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत दूसरे दिन जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय कुल्लू द्वारा बबेली-दो में महिलाओं से संबंधित सभी अधिकारों एवं कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और कानूनों के लाभ के बारे में भी जागरूक किया, साथ ही बाल विवाह निरोधक अधिनियम पर एक दिवसीय जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सखी वन स्टॉप सेंटर के काउंसलर तेला, हब की जैंडर स्पेशिलिस्ट सरिता व प्रेरणा ने विभाग में महिलाओं के हित के लिए चलाई जा रही सभी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारियां दी।

# कुल्लू व लाहौल-स्पीति में बर्फबारी-बारिश का दौर जारी

## कहीं आया एवलांच तो कहीं पहाड़ी से गिर रहे पत्थर, बारिश ने बढ़ाई लोगों की मुश्किलें

**कमलेश वर्मा, केलांग/कुल्लू**

जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति में दो दिन से बारिश व बर्फबारी का दौर लगातार जारी है। इस कारण जहां दोनों जिलों में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है वहीं, मौसम ने लोगों को मुश्किलें भी बढ़ा दी हैं।

लाहौल-स्पीति के ग्रामीण क्षेत्रों में डेढ़ से दो फुट बर्फबारी हो चुकी है। वहीं, कुल्लू जिले के ऊंचाई वाले गांव सोलंग, कोठी, पलचान, रोहतांग सहित तीर्थन, जलोड़ी, मणिकर्ण सहित अन्य क्षेत्रों में भी भारी बर्फबारी का दौर जारी है। मौसम के बदले मिजाज के कारण जहां लाहौल-स्पीति जिले के सभी संपर्क मार्ग यातायात के लिए बाधित हैं, जिनका पूरे विश्व से संपर्क कट गया है। वहीं, कुल्लू जिले के जलोड़ी सहित अन्य कई क्षेत्रों में भी बर्फबारी और बारिश के कारण सड़क मार्ग बाधित हो गए हैं। वहीं, कई क्षेत्रों में बिजली पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। हिमस्खलन की भी आशंका बढ़ गई है।

उधर, बीआरओ ने लाहौल घाटी की सभी सड़कों को बहाल कर दिया था, लेकिन अब बर्फबारी के कारण फिर से सड़कें बंद हो गई हैं।

कुल्लू जिले में भुंतर-मणिकर्ण मार्ग में डुंखरा के पास पहाड़ी दरक गई है जिस सड़क पर काफी मात्रा में मलबा और चट्टानें गिर गई हैं, ऐसे में भुंतर-मणिकर्ण मार्ग में वाहनों की आवाजाही थम गई है। वाहनों की आवाजाही थम जाने के कारण लोगों को पैदल ही आना-जाना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में बारिश होने के चलते यहां अचानक पहाड़ी से मलबा और पत्थर काफी मात्रा में गिर गए हैं। ऐसे में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी है कि इसके अलावा इस मार्ग में और भी कई स्थानों पर पहाड़ी से पत्थरों का गिरना जारी है। (अनंत ज्ञान)


लाहौल-स्पीति के जिला मुख्यालय केलांग में बिछी बर्फ की सफेद चादर।

### लाहौल में बर्फ से गिरा मकान

**उधर,** लाहौल-स्पीति के उदयपुर उपमंडल में सलपट के पास बर्फबारी के चलते बीर सिंह तथा अमर सिंह पुत्र सजे राम का मकान गिर गया है। छत पर भारी मात्रा में बर्फ की परत जम गई और मकान इसका बजन सहन नहीं कर पाया। इस कारण चादर की छत क्षतिग्रस्त हो गई।


लाहुल घाटी के उदयपुर स्थित सलपट गांव में बर्फ से क्षतिग्रस्त हुआ घर।

> **मौसम** विभाग की ओर से जिला में रेड अलर्ट जारी किया गया है। पर्यटकों व जिलावासियों से अपील है कि खराब मौसम के दौरान सफर करने से बचें।
> -तोरुल एस रवीश, उपायुक्त कुल्लू

> **लाहौल**-स्पीति जिला में भारी बर्फबारी का क्रम जारी है। लोगों से आग्रह है कि मौसम खुलने तक घरों से बाहर न निकलें। हिमपात के बाद हिमस्खलन की आशंका भी बढ़ गई है। प्रशासन हालात पर नजर रखे हुए है।
> -राहुल कुमार उपायुक्त लाहुल स्पीति

### सलपट गांव में घर क्षतिग्रस्त

**बर्फबारी** के कारण उदयपुर उपमंडल के अंतर्गत गांव सलपट में बीर सिंह तथा अमर सिंह पुत्र सजे राम का मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। ग्राम पंचायत उदयपुर के प्रधान लक्ष्मण ने बताया कि हालांकि जानी नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन मकान क्षतिग्रस्त होने से दोनों भाइयों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। एसडीएम उदयपुर केशव राम ने बताया कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है, जल्द ही प्रभावितों को राहत राशि दे दी जाएगी। दूसरी ओर जिला मुख्यालय केलंग के समीप बिलिंग नाले में भी हिमस्खलन हुआ है। यहां जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। बीआरओ ने बर्फ को हटाकर सड़क बहाल कर दी है।


कुल्लूके ढालपुर स्थित बिजली बोर्ड कार्यालय के समीप सड़क पर बना पानी का तालाब


फोजल धारा संपर्क मार्ग में बारिश से हुए भूस्खलन के कारण बाधित सड़क मार्ग।

### परीक्षा पत्र ले जा रहा वाहन किया रेस्क्यू

**वहीं,** परीक्षा पत्र ले जा रहा वाहन एचपी 58 ए 4868 काजा के पास स्किड हो गया। सूचना मिलते ही प्रभारी थाना काजा चुंग राम एवं उनकी टीम ने तुरंत कार्रवाई की, जिससे उसमें बैठे सभी लोगों को रेस्क्यू किया। थाना काजा के रेस्क्यू दल ने खुरिक में बर्फबारी के कारण फंसी एक स्कूली छात्रा को बचाया और उसे सुरक्षित परीक्षा केंद्र पहुंचाया। एसपी मयंक चौधरी ने बताया कि जिला में लगातार हिमपात हो रहा है, जिस कारण एवलांच का जोखिम हो सकता है। उन्होंने कहा किअनावश्यक यात्रा न करें। किसी भी आपातकाल स्थिति होने पर तुरंत जिला पुलिस कंट्रोल से सूचना सांझा करें।

### सरवरी खड्डु में बढ़ा पानी का बहाव, चपेट में आई सरवरी पार्किंग

**जिला** मुख्यालय कुल्लू के सरवरी में बनी नई पार्किंग में खड्डु का पानी घुस गया, जिससे पार्किंग का काफी बड़ा हिस्सा बह गया है। हालांकि अभी यह पार्किंग निर्माणाधीन है और इस पर करीब 15 लाख रुपए से अधिक का धन खर्च किया जा चुका है। जिस तरह से पार्किंग का निर्माण नदी के साथ किया जा रहा है, इसे आने वाले समय में भी इस पार्किंग में खड़े होने वाले वाहनों को खतरा होगा। हालांकि अभी बरसात शुरू होने को करीब दो से तीन महीने बाकी हैं लेकिन अभी तक सरवरी खड्डु में बनाई गई इस पार्किंग के लिए नदी के किनारे आईसीसी की दीवार के लिए आधार भी तैयार नहीं किया गया है, ऐसे में अगर इस समय अवधि के बीच आईसीसी की दीवार नहीं बनती है तो बरसात में यह पार्किंग पूरी तरह से नदी में बदल जाएगी और इसके साथ-साथ लगती हनुमानीबाग की बस्ती को भी खतरा पैदा हो जाएगा। सरवरी खड्डु का जलस्तर बढ़ने से पार्किंग के पास बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए तथा पार्क किए गए एक दर्जन के करीब वाहन भी फंस गए, जबकि लोगों का यहां से खड्डु को आर-पार करना भी मुश्किल हो गया है।

### एनएच पर पहाड़ी से पत्थर व मलबा गिरना जारी

**कुल्लू** घाटी की ऊंची पर्वतमालाओं पर बर्फबारी व निचले क्षेत्रों में मूसलाधार वर्षा का दौर जारी है। इस कारण रायसन से मनाली तक के एनएच पर जगह-जगह पहाड़ियों से पत्थर व मलवा गिरने से सफर करना जोखिम भरा हो गया है। रायसन के समीप बर्फबारी से पहले शुष्क मौसम के चलने पहाड़ी के दरकने से वैकल्पिक मार्ग का निर्माण ब्यास नदी से किया गया था, लेकिन अब जिस तरह से घाटी में पिछले 30 घंटों से मौसम का मिजाज भारी बर्फबारी व वर्षा का माहौल लिए हुए है, उससे लोगों को अब मौसम का यह मिजाज भारी लगने लगा है। बागवान नंदलाल, केशव, लक्ष्मण, हरि कृष्ण, दौलत राम, मिलखी राम, गुरु दास, पन्ना लाल ने बताया कि इस बार मौसम का मिजाज पूरी कर गया है लेकिन भारी वर्षा से पतलीकूहल क्षेत्र के सभी संपर्क मार्ग जगह-जगह ध्वस्त हो गए हैं, जिससे लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# कला केंद्र में खूब लोट पोट हुए दर्शक

## एक था गधा उर्फ अल्लादाद खां' नाटक का सफल मंचन




कुल्लू नाट्योत्सव का शुभारंभ करते हुए एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन तथा हास्य नाटक 'एक था गधा उर्फ अल्लादाद खां' का मंचन करते कलाकार।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू के लालचंद प्रार्थी कलाकेंद्र में राष्ट्रीय स्तरीय 'कुल्लू राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव' का आगाज संस्था के हास्य व्यंग्य से भरपूर नाटक 'एक था गधा उर्फ अल्लादाद खां' से हुआ। कुल्लू की स्थानीय संस्था एक्टिव मोनाल कल्चरल एसोसिएशन द्वारा उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के सहयोग से भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे नौ दिवसीय इस नाट्योत्सव में प्रदेशभर के नाट्य दल भाग ले रहे हैं।

इसी कड़ी में नाट्योत्सव के पहले दिन शरद जोशी द्वारा लिखित तथा केहर सिंह ठाकुर द्वारा निर्देशित इस नाटक ने उपस्थित दर्शकों को हंसा-हंसा कर लोट-पोट किया। नाट्योत्सव का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक कुल्लू डॉ. कार्तिकेन गोकुल चंद्रन ने दीप प्रज्वल्लित करके किया। नाटक के समापन पर मुख्यातिथि एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेन ने नाटक के कलाकारों को बधाई दी और कहा कि कुल्लू के लिए यह गर्व की बात है कि देश के इस कोने में भी इतने प्रोफेशनल कलाकार हैं।

उन्होंने नाट्योत्सव के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी हैं। नाटक की कहानी एक नबाव की है जो अपनी वाहवाही के लिए किसी भी हद तक गुजर जाता है। एक बार उसे पता चलता है कि अल्लादाद नाम का कोई आदमी मर गया है तो अपनी प्रशंसा बटोरने के लिए उसके जनाजे में शरीक होने की बात कहता है और शासन और प्रशासन मिलकर इसका लाइव टेलीकास्ट करने की तैयारी करते हैं। सब तैयारी होने के बाद पता चलता है कि कोई अल्लादाद नहीं मरा बल्कि एक धोबी का गधा मरा है जिसका नाम अल्लादाद था। नाटक में कहर सहित आरती ठाकुर, रेवत राम विक्की, जीवानंद, वेद प्रकाश, कल्पना गौतम, पूजा, अनामिका, श्याम लाल, सूरज तथा परमानंद आदि कलाकारों ने दर्शकों का मनोरंजन किया। प्रकाश व वस्त्र परिकल्पना मीनाक्षी की तथा पार्श्व ध्वनि संचालन वैभव ठाकुर का रहा।

### बारिश के बीच जारी रही अढ़ाई घंटे पेन डाउन स्ट्राइक

**कुल्लू।** पूरे प्रदेश में चिकित्सकों के द्वारा अपनी मांगों को लेकर की गई पेन डाउन स्ट्राइक को अब 12 दिन हो चुके हैं और चिकित्सक अभी भी हड़ताल का पूरा पालन कर रहे हैं। शनिवार को भी कुल्लू के क्षेत्रीय अस्पताल सहित जिले के विभिन्न चिकित्सा केंद्रों में अढ़ाई घंटे की पेन डाउन स्ट्राइक जारी रही। सभी चिकित्सक अपनी मांगों को लेकर पेन डाउन स्ट्राइक पर पूरी तत्परता के साथ पालन कर रहे हैं और अपनी मांगों को लेकर पूरी तरह से अडिग हैं। सोमवार से लगातार जिले में बारिश हो रही है और ऐसे में भी चिकित्सक अपनी मांगों को लेकर गंभीरता बनाए हुए हैं। तेज बारिश के बीच अस्पताल में मरीजों की संख्या काफी कम रही मगर बावजूद इसके मरीजों को अढ़ाई घंटे तक चिकित्सकों के ओपीडी में लौटने का इंतजार करना पड़ा। मरीजों को सर्द मौसम और तेज बारिश के बीच विभिन्न ओपीडी के सामने इंतजार करना पड़ा। इस दौरान कुछ मरीज दूर के इलाकों से चिकित्सकों को अपनी बीमारी और तकलीफ के बारे चिकित्सकों की राय जानने के लिए आए हुए थे। ऐसे में ओपीडी के बाहर घंटों तक चिकित्सकों की राह देखते रहे। इस स्ट्राइक से जहां चिकित्सक अपनी मांगों के प्रति पूरी तरह से आश्वस्त है, वहीं राजनीति के कठिन दौर से गुजर रहे प्रदेश सरकार में बनी असमंज की स्थिति से चिकित्सकों में भी घोर निराशा व्याप्त हो चुका है।


क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के गेट में पेन डाउन स्ट्राइक का पालन करते चिकित्सक।

# भुंतर सुधार समिति ने आजीवान सदस्य मुस्कान को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

भुंतर सुधार समिति सामाजिक सरोकार में बेहतरीन भूमिका निभा रही हैं। समय-समय पर समाजसेवियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित करने का कार्य भी करती रहती हैं। अच्छी सोच के साथ समिति आगे बढ़ रही है। शनिवार को अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए गए। वहीं, समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने जरूरतमंद लोगों की सहायता करने वाली व सरल स्वभाव की धनी मुस्कान को लाइफ टाइम मेंबर का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

भुंतर सुधार समिति समय-समय पर सफाई अभियान भी चलती हैं। साथ ही नशे के प्रति भी जनता को जागरूक करने में एक बेहतरीन कार्य कर रही हैं। यही नहीं जनता की समस्याओं को प्रशासन के ध्यान में लाकर उसे हल करवाने की पूरी कोशिश करती है। भुंतर सुधार समिति ने तेगुबेहड़ अस्पताल में अच्छी सेवा दे रही है। तेगुबेहड़ अस्पताल में मरीजों और तीमारदारों को रजाई, कंबल, तकिए, मेट सीट, बैड सीट, नेमुलाइजर, व्हील चेयर आदि की सेवा समिति की और से चली हैं।

समिति के महासचिव रविंदर परमार, उपाध्यक्ष मनीष कौंडल, रोशन लाल हार्डवेयर कलेहली, सुनील चौहान, कोषाध्यक्ष ऋषि, सहसचिव झावे राम पहलवान, मुख्य संरक्षक पीडी आजाद, मुख्य प्रवक्ता डॉ. आनंद मुख्य सलाहकार गणेश भारद्वाज, आजीवन सदस्य गौरी लाल भारती, महिला विंग की अध्यक्षा नीना घई, उपाध्यक्ष रजनी, सचिव मीना जसवाल, प्रवक्ता नीलम घई, सलाहकार अंजना, आजीवन सदस्य मुस्कान के अलावा तमाम पदाधिकारियों व सदस्यों ने कहा है कि सभी के सहयोग से इस सेवा को और बेहतर बनाने के लिए उचित कदम उठाएं जाएंगे। हर शनिवार को अस्पताल में समिति की ओर से फलों की सेवा रहती हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि वैसे तो सरकार द्वारा अस्पताल में पूरी व्यवस्था रहती हैं, लेकिन इंसानियत के नाते जरूरत पड़ने पर संस्था सहयोग को हमेशा तैयार रहती हैं। सुबह से शाम तक समिति का एक सेवादार जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए अस्पताल में मौजूद रहता है।


भुंतर सुधार समिति के सदस्य अस्पताल में मरीजों को फल वितरित करते हुए।

# विपक्ष के नेता ने लिखी है हिमाचल में घटी घटना की पटकथा : राजीव किमटा

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, कुल्लू**

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राजीव किमटा ने कहा है कि पूरे हिमाचल में जो सियासी घटना घटी है उसकी पटकथा भाजपा ने लिखी है। शनिवार को कुल्लू में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार की खरीद फरोख्त की राजनिति अब हिमाचल में भी पहुंच गई है। प्रदेश में इसकी पटकथा विपक्ष के नेता ने लिखी थी।

हिमाचल में इस तरह की घटना पहली बार हुई है और एक सत्तासीन सरकार को गिराने का षड्यंत्र सही नहीं है, लेकिन आज जनता के सामने सब सच आ गया है और भाजपा का चेहरा भी सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि छह विधायकों ने सरकार और जनता को धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा शांत हिमाचल प्रदेश को यूपी-बिहार बनाने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि छह विधायकों ने जहां पार्टी से धोखा किया, वहीं जनता से भी धोखा किया है। जनता से विश्वासघात करने वाले विधायकों को अब जनता नहीं बख्शेगी। इन विधायकों को नहीं बल्कि जनता ने कांग्रेस को वोट देकर चुना था और जनता ने कांग्रेस को बहुमत दिया है। सरकार पूरे पांच साल तक चलेगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा धनबल का प्रयोग कर रही है और हमारे विधायकों को खरीदने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि विधायक राजेंद्र राणा को कांग्रेस का उपाध्यक्ष भी बनाया गया और विधायक रवि ठाकुर को दो दिन पहले मुख्यमंत्री ने लाहौल दौरे के दौरान करोड़ों की सौगात दी थी, उसके बावजूद भी इन्होंने सरकार और जनता के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा कि मंत्री विक्रमादित्य सिंह पूर्व कार्यक्रम के तहत ही दिल्ली गए हैं। वहीं, उन्होंने कहा कि भाजपा के विधायक भी कांग्रेस के संपर्क में हैं। इस मौके पर इंटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिमन चंद्र और मनाली कांग्रेस के महासचिव राज कुमार मौजूद रहे।



राजीव किमटा पत्रकारों को संबोधित करते हुए, साथ हैं महिमन चंद्र व अन्य।

**मुसीबत** पहाड़ी से पत्थर गिरने के चलते जानलेवा हुआ हाई-वे, लोगों ने प्रशासन से लगाई स्थायी समाधान की गुहार

# किरण बाजार में 12 घंटे बंद रहा एनएच-305

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

पहाड़ी पर से पत्थरों के गिरने के कारण पिछले आठ महीनों से सैंज-आनी- औट नेशनल हाई-वे किरण बाजार में जोखिम भरा हो गया है। शनिवार को भी पहाड़ी से पत्थर गिरने के चलते एनएच 305 किरण बाजार में 12 घंटों से ज्यादा समय से यातायात के लिए अवरुद्ध है। दिन भर लोग जान जोखिम में डालकर यहां से गुजरते रहे। एनएच विभाग द्वारा हालांकि एक दो बार एनएच को जेसीबी मशीन से खोला भी गया था, लेकिन पहाड़ी पर से फिर से पत्थरों के गिरने का सिलसिला शुरू होने के चलते एनएच शनिवार सुबह से ही पैदल चलने वालों और वाहनों की आवाजाही के लिए बाधित रहा।

फलस्वरूप लोगों को दिन भर बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं एसडीएम आनी नरेश वर्मा ने मौके का दौरा कर जायजा लिया और सुबह ही वाहनों और पैदल यात्रियों की आवाजाही को पूरी तरह से रोकने के पुलिस को निर्देश दिए। इसके साथ ही एनएच विभाग के अधिकारियों को भी समस्या म स्थायी समाधान तलाशने के निर्देश दिए हैं। (अनंत ज्ञान)


आनी के किरण बाजार में नेशनल हाई-वे सैंज-आनी-औट में गिरे पत्थर।

### पहाड़ी से मलबा हटाया जाए तो टल सकता है खतरा

**वहीं,** इस हाई-वे होकर गुजरने वाले सैकड़ों लोगों का मानना है कि यहां करीब 30 मीटर पहाड़ी पर गत वर्ष के बाद मलबा ठहरा है, जिसे यदि समय रहते हटाया न गया तो यहां कभी भी कोई भी अनहोनी घटना घट सकती है। लोगों का कहना है कि गत वर्ष आपदा के बाद हालांकि आनी के नए बस अड्डे के पास लाखों खर्च कर सरकार ने एनएच और एनएच किनारे की निजी भूमि से मलबा हटवाया था, लेकिन किरण बाजार में लोगों की जान को खतरा बन चुके मलबे को हटाने का खास प्रयास नहीं हुआ है। उन्होंने सरकार से ,एनएच विभाग और प्रशासन से मांग की है कि यहां पहाड़ी पर फंसे मलबे को किसी अनहोनी घटना से पहले हटाया जाए।

### आठ महीनों से लगातार हो रही परेशानी

**गौर** रहे कि गत वर्ष अगस्त माह में भारी बरसात के कारण किरण बाजार और खोबड़ा पुल के बीच अचानक पहाड़ी दरक गई थी, जिसके चलते एनएच-305 कई दिनों तक बाधित भी रहा था। लेकिन पहाड़ी पर अभी भी काफी मलबा और पत्थर फंसे हैं, जो थोड़ी सी बारिश होने पर एनएच पर गिरना शुरू हो जाते हैं। पिछले आठ महीनों में ही कई बार यह मार्ग पहले भी इसी वजह से अवरुद्ध भी रहता आया है।

> **किरण** बाजार के समीप एनएच पर पत्थरों के गिरने से लोगों को होने वाले खतरे का जायजा लेने के बाद एनएच विभाग को जल्द स्थायी समाधान निकालने के निर्देश दिए गए हैं।
> -नरेश वर्मा, एसडीएम आनी

## न्यूज ब्रीफ

### कॉलेज में एड्स के खिलाफ किया जागरूक

**श्री नयना देवी जी।** राजकीय महाविद्यालय श्री नयना देवी जी परिसर में रेड रिबन क्लब की ओर से एड्स, एचआईवी विषय पर नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग, मेहंदी प्रतियोगिताएं और जन जागरूक रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार ने की। इसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। नारा लेखन में सपना ने प्रथम, कमलेश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में बनिता ने प्रथम स्थान, मन्नत ने द्वितीय स्थान और प्रियंका चंदेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान चंचल, रुचि, खुशी और सुरजीत ने प्राप्त किया। मंच संचालन प्रो. पंकज कुमार ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. श्यामलाल, प्रो. अजय चैहान, प्रो. वैभव पाठक, प्रो. साक्षी मेहता, अधीक्षक विजय जमवाल, वरिष्ठ सहायक हिमेश गौतम और लिपिक विकास शर्मा ने भरपूर सहयोग दिया।

### गो माता सेवा समिति की आम सभा आज

**डंगार चैक।** उपतहसील भराड़ी के अंतर्गत आने वाले पडयालग स्थित गो माता सेवा समिति की आम सभा तीन मार्च को आयोजित की जाएगी। जिसकी जानकारी गौ सेवा समिति प्रधान राम चंद बरूर ने दी। उन्होंने बताया कि आम सभा दोपहर एक बजे से सायं चार बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें गो सेवा समिति के कार्यों की चर्चा की जाएगी। उन्होंने समस्त समिति सदस्यों से इस आम सभा में भाग लेने की बात की है।

### श्री शिव महापुराण कथा शुरू

**बिलासपुर।** श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में चल रही श्री शिव महापुराण कथा में कथावाचक पंडित सुशील कुमार ने पंचाक्षर यानी ऊं नमः शिवाय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वेदों और पुराणों के अनुसार शिव अर्थात सृष्टि के सृजनकर्ता को प्रसन्न करने के लिए सिर्फ ऊं नमः शिवाय का जप ही काफी है। इस मंत्र के जप से सभी दुखए कष्ट समाप्त हो जाते हैं। हृदय में ऊं नमः शिवाय का मंत्र समाहित होने पर संपूर्ण शास्त्र ज्ञान और शुभ कार्यों का ज्ञान स्वयं ही प्राप्त हो जाता है। श्रावण माह में स्वयं भगवान शिव माता पार्वती, गणेश, कार्तिकेय, नंदी और अपने शिवगणों सहित पृथ्वी पर विराजते हैं। श्रावण माह शिव भक्तों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। शिव भक्त भोलेनाथ की विधिविधान से पूजा कर उनका आशीर्वाद लेते हैं। उन्होंने बताया कि एक बार मां पार्वती भोलेनाथ से पूछती हैं कि कलयुग में समस्त पापों को दूर करने के लिए किस मंत्र का आशय लेना चाहिए। भगवान शिव कहते हैं कि प्रलय काल में जब सृष्टि में सब समाप्त हो गया था, तब मेरी आज्ञा से समस्त वेद और शास्त्र पंचाक्षर में विलीन हो गए थे। सबसे पहले शिवजी ने अपने पांच मुखों से यह मंत्र ब्रह्माजी को प्रदान किया था। शिव के पंचाक्षर मंत्र से सृष्टि के पांचों तत्वों को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस मंत्र का जाप शिवालय, तीर्थ या घर में साफ, शांत और एकांत जगह बैठकर करना चाहिए। कथा समापन पर प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर परिसर में प्रतिदिन 9 मार्च को दोपहर 2 से 5 बजे तक कथा का आयोजन होगा। उस दिन दोपहर 3:00 बजे से अटूट भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

### मेरे लिए कुर्सी जरूरी नहीं : राजेंद्र राणा

**हमीरपुर।** विधानसभा सुजानपुर सीट से जीत की हैट्रिक लगाने वाले पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि जनता यह भी भलीभांति जानती है कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार गिराने के लिए नहीं बल्कि कांग्रेस को सत्ता में लाने के लिए उन्होंने अनथक मेहनत की है, लेकिन पिछले एक साल के दौरान लगातार उन्हें जलील किया जा रहा था। उनके विधानसभा क्षेत्र की लगातार अनदेखी की जा रही थी। हाईकमान के सामने भी यह मुद्दा कई बार उठाया, लेकिन फिर भी प्रदेश में कांग्रेस की सरकार में ही चुने हुए विधायकों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार किया जा रहा था। उनके सब्र को परखा जा रहा था, उन्होंने कड़वे घूंट भी पिए और अपमान भी बर्दाश्त किया, लेकिन बात जब प्रदेश के स्वाभिमान और प्रदेश की अस्मिता पर आंच की आई तो हम भला खामोश कैसे बैठ सकते थे। हमारे लिए कुर्सी नहीं बल्कि जनता का प्यार और भरोसा महत्व रखता है।

# बिलासपुर अस्पताल में बनेगा आधुनिक तकनीक से लैस शवगृह, कवायद शुरू

- कोल्ड स्टोर, पोस्टमार्टम रूम व शवों के सैंपल लेने के लिए बनेंगे अलग से कक्ष
- लंबे समय से अस्थायी कमरे का इस्तेमाल कर रहा था अस्पताल प्रशासन होती थी परेशानी




**शुभम राही, बिलासपुर**

क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में लाखों रुपए की लागत से शवगृह बनाया जाएगा। इसके लिए अस्पताल प्रशासन ने कवायद आरंभ कर दी है और उपयुक्त स्थान पर अंतिम मुहर लगाना बाकी है। यह शवगृह लगभग 35 लाख रुपए से अधिक लागत से तैयार करवाया जाएगा, जो पूरी तरह से आधुनिक तकनीक से लैस होगा। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि अस्पताल में उपयुक्त शवगृह न होने से कई बार काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में इन सभी समस्याओं को देखते हुए अस्पताल प्रशासन द्वारा इसके लिए बजट अप्रूव करवाया गया और जल्द ही इसके लिए कार्य भी शुरू हो जाएगा।

गौरतलब है कि लंबे समय से अस्थायी कमरे में बने शव गृह का अस्पताल प्रशासन इस्तेमाल कर रहा है। शवगृह में दो से तीन दिन तक शवों को रखने के लिए दवाइयों और बर्फ का इस्तेमाल किया जाता था। अन्य राज्यों से परिजनों के पहुंचने तक शव को सहेजने के लिए अस्पताल प्रबंधन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब आधुनिक उपकरणों से लैस शवगृह के निर्माण से समस्याओं का निपटारा होगा।

जानकारी के अनुसार बिलासपुर अस्पताल में तैयार किए जाने वाले शवगृह में पोस्टमार्टम कि लिए अलग से कमरे का प्रावधान है। वहीं, कोल्डस्टोर, पोस्टमार्टम रूम व लैब बनाने के साथ ही शवों के सैंपल लेने के लिए भी अलग से कमरा बनाया जाएगा। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि लावारिस शव मिलने के बाद उसे 72 घंटे तक पहचान के लिए रखना पड़ता है। लेकिन शवगृह में आधुनिक सुविधा न होने से कभी कभार बिना शिनाख्त के ही संस्कार करना पड़ता है। इसके चलते कई शव की पहचान न होने पर वह अपनों तक नहीं पहुंच पाते थे। सड़क हादसों में ज्यादा लोगों के मारे जाने पर शवों को रखने के लिए अस्पताल प्रशासन को काफी दिक्कत होती है।

वहीं, बिलासपुर अस्पताल में चल रहे शवगृह में मात्र दो ही कक्ष है। एक कक्ष में पोस्टमार्टम किया जाता है और दूसरे कक्ष में चिकित्सक व पुलिस द्वारा कागजी कार्यवाही की जाती है। कई बार तो हालात ऐसे भी हो जाते हैं कि एक ही कक्ष में दो से तीन शवों को रखना पड़ता है, जिससे पोस्टमार्टम के लिए भी काफी दिक्कतें होती है तो अन्य कार्य करने के लिए भी। ऐसे में इन सभी समस्याओं को देखते हुए अस्पताल प्रशासन जल्द ही लाखों रुपए की लागत से आधुनिक तकनीक से लैस शवगृह तैया करने जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

> 35 लाख से अधिक लागत से अस्पताल में शवगृह तैयार किया जाएगा। इसके लिए कवायद आंरभ हो गई है और जल्द ही कार्य भी शुरू हो जाएगा। इस शवगृह में कोल्डस्टोर, पोस्टमार्टम रूम व लैब बनाने के साथ ही शवों के सैंपल लेने के लिए भी अलग से कमरा बनाया जाएगा। -डॉ. सतीश शर्मा, चिकित्सा अधीक्षक बिलासपुर।



### 31 मार्च तक जमा करवाएं टैक्स

**बिलासपुर।** प्रदेश सरकार की ओर से पैसेंजर एंड गुड्स टैक्स की अदायगी के लिए 31 मार्च तक का समय दिया गया है। जो व्यवसायिक वाहन ऑपरेटर इस टैक्स को नहीं चुका पाए हैं, उन्हें इसे अदा करना आवश्यक है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजेश कौशल ने बताया कि जो ऑपरेटर अपने व्यावसायिक वाहनों के बकाया पैसेंजर एंड गुड्स टैक्स की असेस्मेंट नहीं करवा पाए थे, उन्हें प्रदेश सरकार ने दस फीसदी ब्याज के साथ बकाया पैसेंजर एंड गुड्स टैक्स जमा करवाने के लिए 31 दिसंबर 2023 तक का समय दिया था। इसके बावजूद कई ऑपरेटर टैक्स जमा नहीं करवा सके। अब प्रदेश सरकार ने अंतिम मौका देते हुए टैक्स की अदायगी के लिए 31 मार्च तक का समय प्रदान किया है।

उन्होंने संबंधित ऑपरेटरों को सूचित किया कि वह देय टैक्स की दस फीसदी राशि की असेस्मेंट कराकर 31 मार्च तक टैक्स की अदायगी कर मामलों को निपटारा करना सुनिश्चित कर लें। सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार संबंधित प्रपत्र पर आवश्यक औपचारिकता पूरी करके क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय बिलासपुर में समय पर टैक्स जमा करने के लिए आवेदन करें।

## हिमाचल स्थापित कर रहा विकास के नए आयाम : धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के प्रयासों से हमीरपुर संसदीय क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरा हिमाचल विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने इंदौर-चंडीगढ़ एक्सप्रेस को ऊना से प्रारंभ करने का स्वागत करते हुए कहा कि इससे हिमाचल के श्रद्धालु अब सीधा संगम नगरी प्रयागराज जा सकते हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के प्रयासों से आज हिमाचल में रेलवे कनेक्टिविटी का विकास तेजी से हो रहा है जो स्वागत योग्य है। धर्माणी ने कहा की प्रदेश में रेलवे यातायात का निर्माण, विस्तार व विकास बड़ा तेजगति से हो रहा है। ऊना से प्रयागराज और ऊना से सहारनपुर का एक्सटेंशन हरिद्वार तक व कांगड़ा में चक्की पुल निर्माण जनता को सीधा लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा की रेलवे यातायात के साथ फोरलेन सड़कों के निर्माण से आज प्रदेश यातायात और यात्रा सुगम हो गई है। रेलवे यातायात से प्रदेश के लोगों को सस्ती और आरामदायक यात्रा का लाभ इन ट्रेनों के चलने से होगा। धर्माणी ने कहा सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ देश आत्मनिर्भर व विकसित भारत बनने की ओर आगे बढ़ रहा है। अबकी बार 400-पार के संकल्प के साथ एक बार पुन: देश में भाजपा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाएगी।

## झमाझम बारिश से फसलों को मिली संजीवनी

**अनंत ज्ञान, डंगार चैक**

जिले में दो दिन से हो रही झमाझम बारिश से गेहूं, सरसों, आलू, प्याज, लहसुन और बागवानी की फसलों को संजीवनी मिली है। बारिश से फसलों की पैदावार और किसानों की आमदानी में वृद्धि होगी। किसानों के सामने पीला रतुआ रोग से फसलों को बचाने की चुनौती से छुटकारा मिला है। स्थानीय किसानों ईश्वर दास, अजय कुमार, राजेंद्र कुमार, सुनील कुमार के मुताबिक रिमझिम बारिश से गेहूं और सरसों की फसल की पैदावार बढ़ेगी। किसानों ने कहा कि बारिश होने से पाला नहीं पड़ेगा। बारिश होने से किसानों के सिंचाई पर खर्च होने वाले पैसे भी बच गए हैं। इस बारिश से पशु चारे का संकट भी दूर होगा।


बारिश होने के बाद लहलहाती प्याज की फसल।

# जिले में विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत 2508 लाभार्थियों को मिलेगा लाभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिले में पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के अंतर्गत 2508 लाभार्थियों को योजना का लाभ जल्द दिया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने शनिवार को जिला स्तरीय कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि उद्योग विभाग द्वारा जिला बिलासपुर में 2553 पात्र व्यक्तियों की पहचान की गई थी। जिसमें 45 व्यक्तियों की आवेदन फार्म में त्रुटि पाई गई है।

उपायुक्त ने विभाग को सभी संबंधित व्यक्तियों से दोबारा फॉर्म आवेदन करवाने के निर्देश दिए, ताकि सभी पात्र व्यक्तियों को इस योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक घुमारवीं ब्लॉक के 962 लोगों ने इस योजना के लिए आवेदन किया है। इसके अतिरिक्त सदर ब्लॉक के 719, झंडूता ब्लॉक के 502 और श्री नैना देवी जी ब्लॉक के 370 लोगों ने इस योजना के लिए आवेदन किया था।


जिला स्तरीय कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक।

इस योजना के अंतर्गत 18 क्षेत्रों में कार्य करने वाले व्यक्तियों को इस योजना का लाभ मिलना था। जिल में दर्जी ट्रेड में सबसे ज्यादा 1785 लोगों ने आवेदन किया है।

इसके उपरांत राजमिस्त्री के 349, बढई ट्रेड में 199, मूर्तिकार एवं पत्थर तराशने वाला 12, धोबी 4, कुम्हार 7, हथौड़ा और टूल किट निर्माता 14, सुनार 6, गुड़िया और खिलौना निर्माता पारंपरिक 22, मछली पकड़ने का जाल निर्माता 32, मोची 4, नाव बनाने वाला 3, लोहार 30, टोकरी चटाई निर्मात कॉयर बुनकर झाड़ू निर्माता 14, कवचधारी 3, नाई के 62 आवेदन प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि पात्र लोगों को सरकार की ओर से 15000 रुपए तक के टूल किट उपलब्ध करवाए जाएंगे।

आबिद हुसैन सादिक ने विभाग को जल्द से जल्द सभी लाभार्थियों को इस योजना का लाभ देने और इस योजना के अंतर्गत सभी व्यक्तियों को वर्कशॉप के माध्यम से कौशल विकास करवाने का निर्देश दिया। बैठक में उद्योग विभाग के ओम प्रकाश जर्याल, मैनेजर मनोज और लीड बैंक मैनेजर एके गुप्ता उपस्थित रहे।

### पीजीआई चंडीगढ़ में मुफ्त इलाज के लिए सरकार का आभार

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के हिमकेयर कार्डधारक रोगियों को पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ में अब इलाज करवाने को कैशलैस सुविधा मिलेगी। इस सुविधा के लिए विश्व मानव कल्याण संस्थान के अध्यक्ष डॉक्टर तेज प्रताप पांडेय ने जहां हिमाचल सरकार का आभार प्रकट किया है। वहीं, पीजीआईएमईआर के डिप्टी डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन पंकज राय को भी बधाई दी है ,क्योंकि उनके ही प्रयासों से यह कार्य संभव हो पाया है।

बिलासपुर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए डा. तेज प्रताप पांडेय ने कहा कि इस सुविधा से हिमाचल प्रदेश के कई ऐसे गरीब और असहाय लोगों को पीजीआई में मुफ्त इलाज की सुविधा मिल पाएगी। पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ ने मुफ्त उपचार प्रदान करने के लिए हिमकेयर के साथ एमओयू साइन किया है। पीजीआईएमईआर और हिमाचल प्रदेश के एचपी स्वास्थ्य बीमा योजना सोसायटी के बीच ये समझौता किया गया है। इससे वार्षिक आधार पर हिमाचल प्रदेश के लगभग 5000 रोगियों को लाभ होगा।

## एसडीएम सदर ने तीन परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।**

एसडीएम सदर अभिषेक गर्ग ने शनिवार को हिमाचल स्कूल बोर्ड के तहत तीन परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया, जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चांदपुर और कंदरौर सहित ढोला वैली इंटरनेशनल स्कूल शामिल है।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर सहित तीन अन्य वरिष्ठ अध्यापक उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि नकल जैसी कुरीति को रोकने बोर्ड परीक्षाओं के सुव्यवस्थित संचालन के लिए उड़न दस्ते हर स्कूल में निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि परीक्षा केंद्रों के बाहर शांतिपूर्ण वातावरण बना रहे और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना या उसके होने की संभावना की सूचना मिलती है तो प्रशासन हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए तत्पर है।



### घुमारवीं में दसवीं के 557 छात्रों ने दी गणित की परीक्षा

**घुमारवीं।** शनिवार को पूरे प्रदेश में दसवीं कक्षा की परीक्षाएं शुरू हुई इसके तहत उप मंडल घुमारवीं में भी इन परीक्षाओं के लिए 37 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इन परीक्षाओं के तहत घुमारवीं के दो परीक्षा केंद्रों में दसवीं कक्षा की गणित विषय की परीक्षा हुई। घुमारवीं के दो परीक्षा केंद्रों में 560 में से 557 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इन विद्यार्थियों की परीक्षा सुबह 8:45 से दोपहर 12 बजे तक चली। विद्यार्थी परीक्षा से एक घंटा पूर्व ही पहुंच गए थे। परीक्षा केंद्रों में विद्यार्थियों के बैग, मोबाइल समेत अन्य सामग्री बाहर रखवाई गई। सुबह 8:45 पर विद्यार्थियों को प्रशनपत्र दिया गया। सुबह 9 बजे उत्तर पुस्तिका दी गई। वहीं, उड़नदस्ते ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कठलग, छत व राजकीय माध्यमिक पाठशाला कल्लर बनाए गए परीक्षा केंद्रों का औचक निरक्षण किया और सीसीटीवी कैमरे चेक किए। वहीं परीक्षा के दौरान नकल का कोई भी मामला सामने नहीं आया।

# घुमारवीं में महिलाओं के लिए उद्यमिता विकास कार्यक्रम शुरू

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

महिलाओं को आत्मनिर्भर सफल व्यवसायी बनाने के लिए नगर परिषद घुमारवी में 5 मार्च तक रैन बसेरा हाल में पांच दिवसीय उद्यमियता विकास कार्यक्रम का आयेजन किया जा रहा है।

इसका शुभारंभ अध्यक्षा रीता सहगल द्वारा किया गया। शिविर में नगर परिषद घुमारवीं, नगर पंचायत तलाई के स्वयं सहायता समूहों की 52 प्रतिनिधि हिस्सा ले रही हैं। शिविर में महिलाओं को नया व्यवसाय शुरू करने वस्तुओं की मार्केटिंग और पैकिंग और उद्यम के बारे में जानकारी दी जाएगी। सर्वप्रथम दीन दयाल अंतोदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक सामाजिक विकास विशेषज्ञ वंदना लखनपाल द्वारा विधिवत रूप से उपस्थित विभिन्न स्वयं सहायता समूहों, समस्त नगर परिषद, अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक तथा प्रबंधक बिलासपुर व अन्य उपस्थित अधिरियों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया गया। पहले दिन अध्यक्षा रीता सहगल ने महिलाओं को आगे बढ़ने के सुझाव साझा किए। उन्होंने बताया कि महिलाएं परिवार व समाज का केंद्र बिंदु होती हैं इसलिए अगर यह विकसित हो जाएं तो परिवार व समाज भी विकसित हो जाएगा।



उद्यमिता विकास कार्यक्रम में उपस्थित महानूभाव।

**आयोजन** बिलासपुर कॉलेज में करवाया एकदिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन, दर्जनों विद्यार्थियों ने लिया भाग

# चेंजिंग लाइफस्टाइल कल्चर एंड सोसायटी का बताया महत्व

**शिवानी वर्मा, बिलासपुर**

शनिवार को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक चेंजिंग लाइफस्टाइल कल्चर एंड सोसायटी पर आधारित था। इस राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हिंदी विभाग के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व सेवानिवृत्त एडिशनल डायरेक्टर शिक्षा डॉ. राकेश भारद्वाज ने शिरकत की। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. नीना वासुदेवा ने मुख्यातिथि व मुख्य वक्ता प्रो. विनोद कुमार विभाग अध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग, पंजाब यूनिवर्सिटी का भी विधिवत स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

कार्यक्रम के चेयरपर्सन डॉक्टर कटवाल ने अपने संबोधन में सबसे पहले एक छोटा सा वीडियो दिखाया, जिसका शीर्षक था ,जाने कहां गए वो दिन, जिसमें उन्होंने हमारे पुराने संस्कृति को दिखाया। कहा कि चाहे बदलाव जीवन का नियम है, लेकिन बदलाव कैसा होना चाहिए। वह सकारात्मक हो या नकारात्मक यह विचार करने योग्य है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. श्याम लाल ने सम्मेलन की रूपरेखा से अवगत कराया।

मुख्य वक्ता डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि हमारे सभी परेशानियों का इलाज प्रकृति में ही है। उन्होंने हम सब की दिनचर्या में मोटा अनाज इस्तेमाल करने पर जोर दिया और कहा कि एक शोध बताता है कि अच्छा जीवन जीने के लिए हमारे पास अच्छे दोस्त, अच्छे संबंधों का होना जरूरी है। जिनके साथ हम अपना सुख दुख बिना किसी झिझक के बांट सके। मुख्य अतिथि डॉक्टर राकेश भारद्वाज ने कहा कि हमें अपने दिनचर्या में योग व व्यायाम को उचित जगह देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी शांति और खुशी को खरीद नहीं सकता बल्कि यह सब हमारे अंदर तभी आती है जब हम खुश रहते हैं और अच्छा जीवन जीते हैं।

उन्होंने कैरक्टर बिल्डिंग एकैपेसिटी बिल्डिंग और सीलिंग आन डिजाइर पर जोर देते हुए कहा कि हमें अपने तनाव को दूर करने के लिए भजन इत्यादि का उपयोग करना चाहिए, जिससे कि हमारे अंदर सकारात्मक ऊर्जा का जन्म हो। कार्यक्रम के दूसरे सत्र के अध्यक्षता डॉ. अशोक ठाकुर सेवानिवृत्त प्राचार्य ने की। सम्मेलन में लगभग 25 शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किया। (अनंत ज्ञान)


बिलासपुर कॉलेज में एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान सामूहिक चित्र में।

न्यूज ब्रीफ

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**अंब।** क्षेत्र के गांव दिलवां में एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गांव के युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान अमित कुमार पुत्र भगवान दास के रूप में हुई है। गांव के सुरजीत कुमार पुत्र चरण दास ने अम्ब थाना के तहत मामला दर्ज करवाया है। उन्होंने शिकायत में कहा कि पहली मार्च रात उन्हें स्थानीय लोगों से पता चला कि दिलवां लिंक रोड़ के पास नैशनल हाईवे पर सड़क हादसा हुआ है जब वे मौके पर पहुंचे तो देखा कि सड़क के किनारे उनके चाचा का लड़का अमित घायल अवस्था में पड़ा था। लोगों की मदद से उसे प्राइवेट गाड़ी में डालकर अंब अस्पताल ले जाया गया। जहां पर डाक्टर ने बताया की अमित की मृत्यु हो गई है। थाना प्रभारी अंब ने बताया मामला दर्ज कर के आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

## ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों के बनेगे राशन कार्ड

**ऊना।** उपायुक्त जतिन लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला में ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों के राशन कार्ड बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ऐसे श्रमिक जिनका देश में कहीं पर भी राशन कार्ड नहीं है तथा ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत हैं वे अपना राशन कार्ड बनाने के लिए पंचायत क्षेत्र में संबंधित पंचायत सचिव/सहायक तथा शहरी क्षेत्र में संबंधित निरीक्षक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, जिला ऊना के कार्यालयों में किसी भी कार्य दिवस में जाकर अपना राशन कार्ड बनवाने के लिए सपंर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि राशन कार्ड बनवाने के लिए ई-श्रम पंजीकरण प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, ऊना के कार्यालय दूरभाष नम्बर 01975-226016 पर संपर्क कर सकते हैं।

## सियासी घटनाक्रम दुर्भाग्यपूर्ण : इंटक

**ऊना।** राष्ट्रीय इंटक नेता डॉ. संजीव रेड्डी और इंटक के महासचिव संजय सिंह ने हिमाचल में राजनीतिक उठा-पटक को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जैसे हालात पैदा हुए हैं इसके लिए कांग्रेस पार्टी के चुनाव चिंह पर जीत दर्ज कर दगा करने वाले विधायक जिम्मेदार हैं। इंटक संगठन के राष्ट्रीय सचिव कामरेड जगत राम शर्मा ने कहा कि उन्होंने फोन के माध्यम से राष्ट्रीय इंटक अध्यक्ष डॉ. संजीव रेड्डी और इंटक के महासचिव संजय सिंह को हिमाचल की राजनीतिक परिस्थितियों के बारे में जानकारी दी थी। इन नेताओं ने कहा कि हिमाचल प्रदेश वैसे भी कर्मचारी मजदूर और किसानों का प्रदेश है। यहां के लोगों ने पहले मंडी से प्रतिभा सिंह को लोकसभा उप चुनाव में जीत दिलाई और बाद में भाजपा की सरकार को ही बाहर का रास्ता दिखा दिया। कांग्रेस सरकार ने आते ही पुरानी पेंशन बहाल कर दी और वित्तीय संकट से गुजर रही सरकार अपनी गारंटियों को पूरा करने के लिए जोर लगा रही है। सरकारी विभागों में लगातार नियुक्तियां की जा रही हैं और ठेकेदारी प्रथा को समाप्त किया जा रहा है। इन नेताओं ने कहा कि सुक्खू सरकार सभी विधायकों के इकट्ठा रखने में नाकाम भी रही है, इसमें कुछ न कुछ कारण पूर्व मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह समर्थकों की अनदेखी भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि इंटक हमेशा कांग्रेस के साथ मिलकर काम करती है। उन्होंने मुख्यमंत्री को सलाह दी है कि वे वीरभद्र सिंह की तरह हर गांव में हर वर्ग में अपना संपर्क रखें।

## कुटलैहड़ कांग्रेस एकजुट और मजबूतः राम आसरा

**बंगाणा।** कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ कांग्रेस एकजुट है और आने वाले समय में किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सक्षम है।



उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पिछले महीने के अंतिम दिनों राजनीतिक आपदा आई, लेकिन इसका कांग्रेस ने डटकर मुकाबला किया है। उन्होंने कुटलैहड़ से देविंद्र भुट्टो द्वारा पार्टी विरोधी गतिविधियों पर कहा कि कोई व्यक्ति पार्टी से बड़ा नहीं है। हम लोग भुट्टो के आने से पहले भी कांग्रेसी थे और आज भी हैं। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ कांग्रेस मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व और अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के साथ मजबूत चट्टान की तरह खड़े हैं। उन्होंने बताया कि कुटलैहड़ कांग्रेस की अहम बैठक मंगलवार को सुबह 11 बजे माउंट व्यू होटल जोगीपंगा में रखी गई है और इसमें सभी पार्टी से जुड़े, संगठन से जुड़े, महिला विंग, एनएसयूआई और संगठन से जुड़े आम कार्यकर्ता आमंत्रित किए गए हैं। बैठक में आगामी रणनीति बनाई जाएगी।

## डॉ. चमन अंबेडकर फाउंडेशन के सदस्य मनोनीत

**बंगाणा।** डॉ. अंबेदकर फाउंडेशन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा



डा. चमन लाल बंगा को डा. अंबेडकर फाउंडेशन की आम सभा का सदस्य नियुक्त किया है। डा. चमन लाल बंगा एचपी यूनिवर्सिटी में प्राध्यापक के रुप में सेवाएं दे रहे हैं। वह एक अच्छे लेखक भी हैं। डा. चमन लाल बंगा जिला ऊना के बंगाणा उपमंडल की ग्राम पंचायत मकरैड़ के गांव घ्योड के निवासी है। डा. चमन लाल बंगा ने अपनी नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं डॉ. अंबेडकर फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र कुमार का आभार व्यक्त किया है। डा चमन लाल बंगा की नियुक्ति पर जिला परिषद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा, ग्राम पंचायत थहड़ा के प्रधान गुरनाम सिंह, पूर्व बीडीसी सदस्य बख्शीश शशी, पूर्व प्रधान रघुबीर सिंह, रिटायर्ड प्रिंसिपल योगराज भारद्वाज, सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

## एबीवीपी ने मामला दर्ज होने पर रोष जताया

**ऊना।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शनिवार को जिला मुख्यालय पर गलत मामला दर्ज होने पर खूब हंगामा किया। परिषद कार्यकर्ताओं पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के विरोध में एबीवीपी कार्यकर्ताओं द्वारा रोष प्रकट किया गया। इस संबंध में परिषद सदस्य विनय शर्मा की अगुवाई में डीएपी और आला अधिकारियों से मिले हैं। उन्होंने कहा है कि शुक्रवार को एबीवीपी द्वारा पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया था लेकिन रात को उनके कार्यकर्ताओं पर मामला दर्ज कर लिया गया। उनका आरोप था कि डीएसपी अजय ठाकुर द्वारा विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के ऊपर झूठा केस दर्ज किया है। हालांकि डीएसपी ने इस संबंध में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं को सरकारी कार्यालय के संवेदनशील स्थान पर प्रदर्शन करने पर ही ऐसा मामला दर्ज किए जाने की बात कही है। परिषद के कार्यकर्ताओं का कहना था कि उस दिन ही जिला मुख्यालय में भी कई विरोध प्रदर्शन हुए और पुतला सड़क पर जलाया गया लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध में पुलिस उच्च अधिकारियों ने परिषद के नेताओं को छानबीन का आश्वासन दिया है।

# बर्खास्त विधायकों के खिलाफ जिले में प्रदर्शन, जलाए पुतले



बाबा बाल गेट पर बर्खास्त विधायकों के खिलाफ प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान, ऊना टीम**

हिमाचल प्रदेश में चल रहे सियासी घमासान के बीच जिले में विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला जारी है। शनिवार को भी कुटलैहड़ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से बाबा बाल गेट के समीप राज्य के कांग्रेस सरकार से दगा करने वाले बर्खास्त विधायकों के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया गया। इस रोष प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस सचिव विवेक शर्मा समेत कांग्रेस के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिले में कांग्रेस समर्थकों का गुस्सा अभी तक शांत होने का नाम नहीं ले रहा है।

लगातार दूसरे रोज भी पार्टी से दगा करने वाले जिले के दो विधायकों देवेंद्र भुटटो व चैतन्य शर्मा के अलावा छह विधायकों के विरोध में नारेबाजी जारी है। ऊना के बाबा बाल जी गेट के समीप विवेक शर्मा की अगुवाई में जुटे कांग्रेस समर्थकों ने काफी देर तक नारेबाजी की और बाद में उनका पुतला भी फूंका। विवेक शर्मा का कहना था कि विधायकों के इस कृत्य के कारण देवभूमि शर्मसार हुई है। उन्होंने कहा कि देश में भाजपा जिस तरह की राजनीति कर रही है उसे जनता भलीभांति समझने लगी है। प्रदेश में जिस तरह का माहौल बनाने का प्रयास किया गया है इसके लिए राज्य की जनता सरकार को अस्थिर करने का विफल प्रयास करने वाले लोगों को कभी माफ नहीं करेगी। कुटलैहड़ में मंगलवार को इस मामले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक बुलाई गई है।

## गगरेट में सियासी पारा चढ़ा, विधायक के खिलाफ फूटा गुस्सा

**सन्नी पुरी, गगरेट**

कांग्रेस से बगावत कर राज्यसभा सीट के लिए हुए चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने वाले अयोग्य करार दिए गए कांग्रेसी विधायकों के विरोध में क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में गुस्सा सातवें आसमान पर है। वहीं गगरेट से विस चुनाव के समय से असंतुष्ट चल रहे नेता राकेश कालिया जो पार्टी से किनारा कर चुके थे उनके फिर से जल्द पार्टी में शामिल होने की संभावनाएं बन गई हैं।



गगरेट में प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

शनिवार को कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रांतीय सचिव सौरभ कालिया के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने गगरेट कस्बे के मुख्य चौक पर विधानसभा से अयोग्य करार दिए गए विधायक चैतन्य शर्मा का पुतला जला कर उनके विरुद्ध उग्र आंदोलन शुरु कर दिया है। सौरभ ने आरोप लगाया कि चैतन्य शर्मा ने महज कांग्रेस से ही गद्दारी नहीं की है बल्कि गगरेट की जनता के पीठ में भी छुरा घोंपा है। उन्होंने कहा कि पूरा प्रदेश इस समय मुख्यमंत्री सुक्खू के साथ खड़ा है।

**प्रदर्शन में लगे राकेश कालिया जिंदाबाद के नारे**

सौरभ ने कहा कि गगरेट की जनता ने चैतन्य शर्मा को सिर आंखों पर बिठाया। हाल ही में गगरेट क्षेत्र के दौरे पर आए मुख्यमंत्री उनकी कई मांगों को मानने का ऐलान कर गए। फिर ऐसी क्या वजह थी कि उन्होंने कांग्रेस के साथ-साथ गगरेट की जनता को भी धोखा देने का फैसला कर लिया। इस प्रदर्शन के दौरान जिस प्रकार प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य राकेश कालिया के समर्थन में जिंदाबाद के नारे लगे उससे यह संभावनाएं भी प्रबल हो गई हैं कि राकेश कालिया जल्द ही फिर से कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि किसी ने नहीं की है। इस मौके पर ब्लाक कांग्रेस के पूर्व प्रधान राजेंद्र जसवाल, हरिकृष्ण अग्रवाल, गुरमेल सिंह, आशीष शर्मा, नरेंद्र राणा, चंदन शर्मा, दलविंदर सिंह, निशांत शर्मा, विक्रांत,जीतू, सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# अंब कॉलेज की छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

**अनंत ज्ञान, अंब**

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अम्ब में शनिवार को आईसीएससी और एनसीसी के सहयोग से महिलाओं की सुरक्षा के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



अंब कॉलेज में आत्मरक्षा के गुर सीखने वाली छात्राएं प्रशिक्षक के साथ।

इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण न केवल छात्राओं के आत्मविश्वास में वृद्धि करता है अपितु विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की रक्षा करने में सक्षम भी बनाता है। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय गोजू रयू कराटे चैंपयनशिप की विजेता मानसी राणा ने कराटे की सभी तकनीकों से छात्राओं को अवगत कराया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने अनुभव को सांझा किया। इस अवसर पर उनके साथ उनके कोच आशीष भी मौजूद रहे। उन्होंने सभी छात्राओं से आग्रह किया कि सभी को आत्मरक्षा से गुर आने चाहिए। आत्मरक्षा न केवल शरीर को फिट बनाता है बल्कि आत्मसंदेह और भय कि भावनाओं को दूर करने में भी मदद करता है। इस अवसर पर एक प्रतियोगिता का भी आयोजन करवाया गया जिसमें प्रिया भाटिया ने पहला, कविता ने दूसरा और पलक राणा ने तीसरा स्थान हासिल किया। कायक्रम के अंत में अंतरराष्ट्रीय गोजु रियू कराटे चैंपियशिप की विजेता मानसी राणा व उनके कोच आशीष पुरोहित को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में एनसीसी के ऑफिसर प्रो. अनिल वर्मा सहित स्टाफ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## राशन कार्ड धारक 31 मार्च से पहले करवाएं ई-केवाईसी

**ऊना।** जिला की सभी उचित मूल्य की दुकानों में पॉज मशीन में ईकेवाईसी के तहत राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्य को आधार कार्ड से जोड़ा जा रहा है, ताकि समस्त पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। इसी कड़ी में जिला में उचित मूल्य की दुकान धारकों द्वारा उपभोक्ताओं की ईकेवाईसी की जा रही है।

इस बारे उपायुकत जतिन लाल ने बताया कि जिन राशन कार्ड उपभोक्ताओं ने अपनी ईकेवाईसी नहीं करवाई है वे 31 मार्च से पूर्व संबंधित/नजदीकी उचित मूल्य की दुकान में अपनी ईकेवाईसी करवा सकते हैं। ईकेवाईसी नहीं करवाने वाले उपभोक्ताओं का राशन कार्ड अस्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा, लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अतंर्गत भविष्य में सस्ता राशन प्राप्त करने हेतु ईकेवाईसी अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि ईकेवाईसी से संबंधित अन्य जानकारी के लिए अपने नज़दीकी उचित मूल्य की दुकान/संबंधित खण्ड निरीक्षक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले या जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले ऊना, के दूरभाष संख्या 01975-226016 या 1967 पर संपर्क कर सकते हैं।

## हिमईरा शॉप थानाकलां को बनाया जाएगा मॉडल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

विकास खंड बंगाणा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा गठित किए गए स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को स्वालंबन की राह दिखाने सार्थक साबित होते नजर आ रहे हैं। कई समूहों की महिलाएं सफल रोजगार कर सिर्फ अपनी आय नहीं बढ़ा रही है, बल्कि घर का सहारा भी बनी हुई हैं। बताते चलें विकास खंड बंगाणा की हिम ईरा शॉप बंगाणा से जिला ऊना की तरफ जाते हुए करीब 12 किलोमीटर दूर नैशनल हाइवे रोड पर बनाई गई है। ग्राम पंचायत थानाकलां में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बनी यह हिमईरा शॉप 10 से 15 स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए अपने हस्त निर्मित उत्पादों को बेचने के लिए एक स्थाई स्थान मिला है।

विकास खंड अधिकारी सुभाष अत्री का कहना है कि आज हमने और कनिष्ठ अभियंता सचिन शर्मा तथा एनआरआई एम के क्षेत्रीय समन्वयक सुखदेव के साथ हिमईरा शॉप ककराना का दौरा किया। उन्होंने कहा कि यहां मॉडल हिमईरा शॉप को विकसित किया जाएगा, जिसका कार्य जल्दी शुरू कर दिया जाएगा। इस शॉप पर स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित हर उत्पाद उपलब्ध होगा।

## गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष्य में निकाली शोभायात्रा, लंगर भी लगाया

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

गुरु रविदास सभा घनारी द्वारा शनिवार को सतगुरु रविदास जी महाराज के 647वें आगमन पर्व पर विशाल एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में ढोल की थाप नाचती संगत का गांव वासियों ने स्वागत किया। इस शोभायात्रा में गुरु रविदास जी के जीवन को दर्शाती झांकियां एवं नगर कीर्तन के साथ साथ जयकारों से माहौल को भक्तिमय कर दिया।


गुरु रविदास सभा घनारी के प्रधान हरपाल सिंह ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी सेवादार अमरजीत ने शोभायात्रा में उपस्थित भक्तों के लिए लंगर की व्यवस्था कर पूण्य का काम किया। उन्होंने कहा कि तीन मार्च को पूजा अर्चना के साथ निशान साहिब चढ़ाने की रस्म अदा की जाएगी। कीर्तन दरबार में परमजीत सिंह सांपला तलवाडा वाले गुरु रविदास जी की महिमा का गुणगान करेंगे। इस दौरान भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने लोगों से इस धार्मिक समारोह में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया। इस मौके पर उप प्रधान किरण कुमार सचिव राम पाल, नरेश कुमार, गुरदीप सिंह, अमरजीत, रवि, अमन कुमार व काफी संख्या में गांववासी उपस्थित रहे।



घनारी में गुरु रविदास जी के आगमन पर्व पर शोभायात्रा निकालते हुए।

## पार्टी में वापस आ जाएं निष्कासित विधायक : बलदेव

**ऊना।** कांग्रेस के निष्कासित विधायक इंद्र दत्त लखनपाल को पार्टी सेवादल प्रतिनिधि रहे ऊना के बलदेव चंद ने बिना शर्त पार्टी हित में वापसी



किए जाने का आग्रह किया है। प्रदेश कांग्रेस सेवादल के विभिन्न पदों पर पूर्व में सेवाएं दे चुके ऊना के 73 वर्षीय बलदेव चंद ने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए सेवादल ने अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया है, ताकि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी का शासन कायम रहे, लेकिन हाल ही में एक सुनियोजित षडयंत्र के साथ पार्टी को तोड़ने का असफल प्रयास किया गया है और उन्हें तब ज्यादा आघात पहुंचा है जब ये पता चला कि कांग्रेस सेवादल से जुड़े रहे विधायक इंद्र दत्त भी इस षडयंत्र में फंस गए हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सेवादल में वे बर्ष 1988 से जुड़े रहे हैं और लखनपाल के साथ सेवादल में पार्टी हित में कार्य कर चुके हैं। पार्टी को सींचने में सेवादल का बड़ा रोल है। इसलिए गिले-शिकवे भूलकर पार्टी हित में विधायक को वापिस आ जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हर संघर्ष को झेला है हर वर्ग का कल्याण किया है, लेकिन सुशासन को कुछ सियासी षडयंत्रकारी पचा नहीं पर रहे हैं।

# कुल्लू ने सोलन को आठ विकेट से हराकर टूर्नामेंट से किया बाहर

**अनंत ज्ञान, ऊना**

अंतर जिला सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत कुल्लू ने सोलन को पराजित कर दिया। तीसरे दिन का खेल ऊना के इंदिरा स्टेडियम में बारिश के कारण देर से शुरू हुआ।



सोलन की टीम ने अपनी दूसरी पारी में 194 रन बनाए। इसमें शुभम नेगी ने 33 रन बनाए, हिमांशु ने 27, प्रवीण ने अर्धशतक लगाया और टीम के लिए 58 रन का योगदान दिया।

कुल्लू के दक्ष नारायण ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 7 खिलाड़ियों को, परीक्षित कश्यप ने एक, जबकि विजय ने एक खिलाड़ी को आउट किया। सोलन की टीम ने पहली पारी में 227 रन बनाए थे और कुल्लू की टीम ने पहली पारी में 333 रन बनाए थे। पहली पारी की बढ़त प्राप्त करने के बाद कुल्लू की टीम ने दो विकेट खोकर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। कुल्लू ने सोलन को 8 विकेट से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। सोलन के गेंदबाज पवन कुमार और राहुल ने एक-एक विकेट प्राप्त किया।

## बिलासपुर ने चंबा को एक पारी 246 रन से हराया

**नादौन।** सीनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत बिलासपुर का मुकाबला चंबा के साथ एबीवी स्टेडियम नादौन में खेला गया। बिलासपुर की टीम ने पहले खेलते हुए अपनी पारी में सात विकेट पर 544 रन का विशाल स्कोर बनाकर पारी समाप्ति की घोषणा कर दी। बिलासपुर के बल्लेबाज पारस परिहारमें शतक लगाया और टीम के लिए 121 रन का योगदान दिया। लेकिन इस दौरान चंबा की टीम अपनी पहली पारी में 134 रन पर ऑल आउट हो गई। बिलासपुर के अंतर्गत गेंदबाज प्रहलाद सिंह ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए 6 खिलाड़ियों को आउट किया। दूसरी पारी में चंबा की टीम ने 164 रन बनाए। चंबा के बल्लेबाज ऋषि महाजन ने 35 रन बनाए, कार्तिक मेहरा ने तीर रन बनाए, सक्षम ने 42 रन बनाए, रोहित ठाकुर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 खिलाड़ियों को आउट किया। बिलासपुर की टीम ने मैच को एक पारी और 246 रन से जीत लिया। बिलासपुर का अगला मुकाबला ऊना के साथ होगा।

# महंत उपेंद्र पराशर जी महाराज ने दी विशाल धर्म महोत्सव की शुभकामनाएं

**अनंत ज्ञान, अम्ब**

विशाल धर्म महोत्सव के चतुर्थ दिवस में भागवत कथा में प्रजा पति दक्ष तथा श्री मद्भागवत गीता के पहले अध्याय का वर्णन करते हुए बताया कि जैसे भगवान महादेव शिव ने माता सती से द्वारा माता सीता का रूप धारण कर भगवान श्री राम जी की परीक्षा लेने के कारण उनका परित्याग कर दिया तथा स्वामी में चले गए और माता सती के द्वारा पति के त्यागने के बाद भी पति की अवरत सेवा करती रही।



महंत नरसिम्हानंद गिरी उपस्थित श्रोताओं को कथा श्रवण करवाते हुए।

फिर जब उनके पिता हिमालय रज राजा प्रजापति दक्ष के द्वारा महादेव शिव अपमान का अपमान करने के उद्देश्य से यज्ञ का भाग देने से इंकार किया तो अपने पति के अपमान के कारण अपने पिता का यज्ञ में सती हो गई। जब इस बात का पता महादेव को चला तो उन्होंने काल भैरव को प्रकट कर आदेश दिया की प्रजा पति दक्ष का सर काट दो और अगर उसकी रक्षा को ब्रह्मा, विष्णु और स्वयं इन्द्र भी आए तो उनका भी बध कर दो। उधर महाभारत में पांडवो के बनवास जाने के बाद भगवान श्री कृष्ण पड़ावों की पत्नी द्रौपति की व्यथा सुनने के बाद प्रतिशोध लेने की शपथ लेते है।

इससे हमें सिख मिलती है कि हम परिवार और नारी के अपमान के लिए भगवान से भी लड़ने वाला समाज ही सच्चा भगवान का भक्त होता है और सच्चा सनातनी होता है। आज के मुख्य सन्त महन्त उपेन्द्र पराशर जी महाराज ने गांव वासियों को दी विशाल धर्म महोत्सव की शुभकामनाएं हर गांव में होना चाहिए और जल्द ही ऐसा विशाल धर्म महोत्सव धर्मशाला महंता गद्दी में करवाने की घोषणा की।

आज के मुख्य यजमान कैप्टन होशियार सिंह का परिवार, रणवीर सिंह, रणवीर सिंह, रणजीत जसवाल, रविदास मन्दिर डंगोह खास की कमेटी के सदस्य सहित गांव के भक्तों ने ज्ञान यज्ञ में में आहुति डाली।

## विशेष बच्चों के बीच मनाया बेटी का जन्मदिवस

**मैहतपुर।** विशेष बच्चों के स्कूल आश्रय देहलां में शनिवार को फोर्टिस हॉस्पिटल मोहाली के हार्ट स्पेशलिस्ट डाक्टर आलोक सूर्यवंशी ने अपनी बेटी का जन्मदिन विशेष बच्चों संग मनाया। उन्होंने विशेष बच्चों को दोपहर का भोजन और उपहार दिए। डॉक्टर आलोक ने वृद्ध आश्रम चरतगढ़ में भी बजुर्गों के साथ कुछ समय व्यतीत किया। उन्होंने संस्था द्वारा बच्चों के लिए किए गए कार्यों की सराहना की और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मुख्यमंत्री का सचिव बनने पर बधाई

**गोंदपुर बनेहड़ा।** ऊना जिला से संबंध रखने वाले आईएएस अधिकारी राकेश कंवर को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ठाकुर का सचिव नियुक्त होने पर उनके यूनिवर्सिटी के साथी एवम एच पी एस एल ए संगठन सचिव राजन शर्मा ने उनको बधाई दी है।

**सुविधा** हिमाचल के सबसे पहले ब्रॉडगेज रेलवे स्टेशन पर एक समय दो ट्रेनें कर सकेंगी ठहराव

# ऊना रेलवे स्टेशन पर होंगे दो प्लेटफार्म

**राजेश शर्मा, ऊना**

हिमाचल प्रदेश के सबसे पहले ब्रॉडगेज रेलवे स्टेशन ऊना में बहुत जल्द एक समय दो ट्रेन प्लेटफार्म पर ठहराव कर सकेंगी। इससे न तो रेलवे की समय सारिणी प्रभावित होगी और न ही यात्रियों को एक गाड़ी का समय आगे पीछे होने से दूसरी गाड़ी के इंतजार के लिए वक्त जाया करना होगा। इस रेलवे स्टेशन पर इसी महीने दूसरा प्लेटफार्म बनकर तैयार हो जाएगा। रेलवे सूत्रों की मानें तो लोकसभा के आम चुनावों से पहले ही इस रेलवे स्टेशन पर दो नंबर प्लेटफार्म काम करना शुरु कर देगा।



ऊना रेलवे स्टेशन पर अब रेल क्रासिंग को लेकर कोई समस्या नहीं रहेगी। इस रेलवे स्टेशन में दो रेल ट्रैक थे लेकिन अब तीसरा रेल ट्रैक भी नजर आएगा। इसके निर्माण के लिए काम शुरु हो चुका है। अब तक इस रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म भी एक था इसलिए यहां एक समय में दो रेलगाड़ियों का ठहराव संभव नहीं हो पा रहा था। ऐसे में इस रेलवे स्टेशन पर एक ही समय में आने जाने वाली ट्रेनों के इंतजार में रुकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा था। इन दिनों में ऊना रेलवे स्टेशन पर रेल यातायात भी बढ़ने लगा है। इस रेल यातायात के लिए एक समय में दो रेलगाड़ियों को रुकने की सुविधा के अभाव में कभी नंगल और चुरड़ू आदि रेलवे स्टेशन पर किसी एक गाड़ी को क्रासिंग के लिए रुकना पड़ रहा था। ऐसे में कई दफा रात के समय हिमाचल एक्सप्रेस और जनशताब्दी रेलगाड़ी की समय सारिणी भी बिगड़ रही थी।

रेलवे की ओर से इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए प्लेटफार्म नंबर दो का निर्माण किया गया है और पैदल पथ के लिए ओवर ब्रिज स्थापित किया गया है। प्लेटफार्म संख्या दो में ट्रैक निर्माण के लिए भी प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। करीब एक किलोमीटर लंबे ट्रैक निर्माण कार्य को भी रिकार्ड समय में पूरा करने की योजना है। इस महीने के अंत तक ट्रैक का ट्रायल भी हो सकता है। रेलवे सूत्रों के मुताबिक लोक सभा चुनावों से पहले ही इस काम को पूरा करने की योजना है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### जेसिका पेगुला सैन डिएगो ओपन के सेमीफाइनल में

**सैन डिएगो।** शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने तीन सेट तक चल कड़े मुकाबले में अन्ना ब्लिंकोवा को 6-1, 2-6, 6-2 से हराकर सैन डिएगो ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व में पांचवें नंबर की खिलाड़ी पेगुला का सामना अब मार्ता कोस्त्युक से होगा, जिन्होंने अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को पहला सेट गंवाने के बाद 3-6, 6-4, 6-3 से पराजित किया। तीसरी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने डारिया सैविले को 6-4, 6-2 से हराकर लगातार दूसरे वर्ष सेमीफाइनल में प्रवेश किया, उनका मुकाबला केटी बोल्टर से होगा।

### प्राग मास्टर्स: भारत के तीनों खिलाड़ियों ने बाजी ड्रॉ खेली



**प्राग।** भारत के खिलाड़ियों आर प्रज्ञाननंदा, डी गुकेश और विदित गुजराती ने प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में अपनी बाजियां ड्रॉ खेली। लगातार दो मैच में हार के बाद प्रज्ञाननंदा के लिए इसे अच्छी वापसी कहा जा सकता है। इस भारतीय खिलाड़ी ने स्थानीय खिलाड़ी नगुयेन थाई दाई वान के साथ अंक बांटे। गुकेश ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव को कोई मौका नहीं दिया और अंक बांटे, जबकि गुजराती पोलैंड के माट्यूस बार्टेल को खास चुनौती पेश नहीं कर पाए।

### यूएस ओपन कप में नहीं खेलेंगे लियोनेल मेसी



**शिकागो।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबालर लियोनेल मेसी अमेरिका के महत्वपूर्ण फुटबाल टूर्नामेंट यूएस ओपन में भाग नहीं लेंगे। मेसी की अमेरिकी टीम इंटर मियामी ने इस बार यूएस ओपन कप में भाग नहीं लेने का फैसला किया है। मेजर लीग सॉकर की 26 टीमों में से केवल आठ टीम ही इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी।

### मैक्सिको ओपन : एलेक्स डी और कैस्पर में होगा खिताबी मुकाबला

**अकापुल्को (मैक्सिको)।** गत चैंपियन एलेक्स डी मिनौर ने अपने खिताब के बचाव की तरफ मजबूत कदम बढ़ाते हुए मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना कैस्पर रूड से होगा। ऑस्ट्रेलिया के तीसरी वरीयता प्राप्त डी मिनौर ने इंग्लैंड के जैक ड्रैपर के खिलाफ पहला सेट 6-3 से जीता, लेकिन दूसरे सेट में वह 2-6 से हार गए। डी मिनौर तीसरे सेट में जब 4-0 से आगे चल रहे थे तब ड्रैपर ने अस्वस्थ होने के कारण मुकाबला बीच में ही छोड़ने का फैसला किया।

### 'आप' नेता सत्येंद्र के खिलाफ सीबीआई जांच को मंजूरी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली सरकार में मंत्री रहे सत्येंद्र जैन के खिलाफ सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। तिहाड़ जेल में बंद महाठग मुकेश चंद्रशेखर से की गई कथित उगाही के मामले में उपराज्यपाल ने तत्कालीन जेल मंत्री जैन के खिलाफ जांच का आदेश दिया है। सुकेश चंद्रशेखर ने आरोप लगाया था कि तिहाड़ जेल के तत्कालीन महानिदेशक और गृह विभाग संभाल रहे सत्येंद्र जैन ने बतौर प्रोटेक्शन मनी उससे 10 करोड़ रुपए लिए थे।

### मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। मणिपुर पुलिस ने बताया कि सुरक्षाबलों ने पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान कांगपोकपी जिले से एक इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार लॉन्चर, तीन मोर्टार विस्फोटक (बम) व तीन कारतूस बरामद किया गया। वहीं, मैगजीन के साथ एक प्वाइंट 38 पिस्तौल, 10 इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (देश में निर्मित), 36 नंबर के तीन हैंड ग्रेनेड, 85 राउंड 7.62|33 मिमी कार्बाइन की गोलियां, दस 7.62|39 मिमी एके लाइव गोली, दो प्वाइंट 38 पिस्तौल गोली टेंग्नौपाल जिले से बरामद किया गया।

### नेपाल-भारत बिजली व्यापार समझौते पर 12 को सुनवाई

**नेपाल।** भारत-नेपाल विद्युत व्यापार समझौते को रद्द करने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर 12 मार्च को सुनवाई होगी। यह सुनवाई सुप्रीम कोर्ट की फुल बेंच करेगी। भारतीय विदेश मंत्री के नेपाल दौरे के समय दोनों देशों के बीच 10 वर्ष में 10 हजार मेगावॉट बिजली खरीद को लेकर समझौता हुआ था। प्रमुख विपक्षी दल नेकपा (एमाले) से मधुर संबंध रखने वाले सूर्यनाथ उपाध्याय ने इस समझौते को रद्द करने की मांग करते हुए याचिका दायर की है।

### हैदराबाद में जहरीली गैस से तीन कर्मचारियों की मौत

**तेलंगाना।** राजधानी हैदराबाद में एक सीवर के मैनहोल की सफाई के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, शहर के कुलसुमपुरा में मैनहोल में प्रवेश करने वाला 40 वर्षीय एक कर्मचारी गिर गया और उसे बचाने की कोशिश करने वाले दो अन्य लोग भी बेहोश हो गए। तीनों मजदूरों में से एक को बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### साउथ अफ्रीका में पकड़ा मोस्ट वांटेड मोहम्मद गौज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच एजेंसियों ने साउथ अफ्रीका में 2016 में राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ (आरएसएस) नेता रुद्रेश की हत्या का आरोपी और पीएफआई का आतंकी मोहम्मद गौज नियाजी को धर दबोचा है। मोहम्मद गौस पर एनआई ने पांच लाख का इनाम रखा था और ये भारत में बैन पॉपुलर फंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) का बड़ा चेहरा था। साथ ही बेंगलुरू में 2016 में आरएसएस नेता रुद्रेश की हत्या का आरोप भी इसी आतंकी पर लगा था. हत्या के बाद ये फरार हो गया था और अलग-अलग देशों में ठिकाना बनाया हुआ था।

---

**वेलिंगटन टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी 164 रन पर सिमटी, फिलिप्स ने झटके पांच विकेट**

# न्यूजीलैंड जीत से 258 रन दूर

एजेंसी, वेलिंगटन

**ऑस्ट्रेलिया** और न्यूजीलैंड के बीच वेलिंगटन में टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेला जा रहा है। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 111 रन बना लिए। टीम को 369 रन का टारगेट मिला है, इसलिए उन्हें 2 दिन में 258 रन की और जरूरत है। तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया टीम अपनी दूसरी पारी में 164 रन ही बना सकी। तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी 13/2 के स्कोर से आगे बढ़ाई।

उस्मान ख्वाजा 5 और नाइट वॉचमैन नाथन लायन 6 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। दोनों ने टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया, लायन 41 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद ख्वाजा भी 28 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। पहली पारी में शतक लगाने वाले कैमरन ग्रीन ने 34 और ट्रैविस हेड ने 29 रन बनाकर टीम का स्कोर 100 रन के पहुंचाया। 127 रन के टीम स्कोर पर हेड पवेलियन लौट गए। न्यूजीलैंड से ऑफ स्पिनर ग्लेन फिलिप्स ने पांच विकेट लिए। केन विलियमसन पहली पारी में 0 और दूसरी पारी में नौ रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गए।

**न्यूजीलैंड टीम को लगे शुरुआती झटके 111 रन पर तीन विकेट गिरे**



### तीसरे दिन स्पिनरों को मिला टर्न

**तीसरे** दिन भी पिच पर बहुत टर्न देखने को मिला। इसका फायदा न्यूजीलैंड के ऑफ स्पिनर ग्लेन फिलिप्स ने उठाया। उन्होंने पांच विकेट लिए और ऑस्ट्रेलिया की पारी 164 रन पर समेट दी। मैट हेनरी ने तीन विकेट लिए, वहीं दो सफलताएं टिम साउदी को मिलीं। ऑस्ट्रेलिया से आखिर में एलेक्स कैरी तीन, मिचेल स्टार्क 12, पैट कमिंस आठ और मिचेल मार्श खाता खोले बगैर आउट हो गए। जोश हेजलवुड एक रन बनाकर नॉटआउट लौटे।



### न्यूजीलैंड की खराब शुरुआत, विलियमसन नौ रन पर आउट

**पहली** पारी में ऑस्ट्रेलिया ने 383 और न्यूजीलैंड ने 179 रन बनाए। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के 164 रन बनाने पर न्यूजीलैंड को 369 रन का टारगेट मिला। तीसरे दिन दूसरी पारी में टॉम लैथम आठ, विल यंग 15 और पूर्व कप्तान केन विलियमसन महज नौ रन बनाकर आउट हो गए। कीवी टीम ने 59 रन के स्कोर पर तीन विकेट गंवा दिए। यहां से रचिन रवींद्र ने डेरिल मिचेल के साथ टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। रचिन 56 और मिचेल 12 रन बनाकर नॉटआउट लौटे।

---

# सभी फॉर्मेट खेलें युवा क्रिकेटर्स : गांगुली

एजेंसी, नई दिल्ली

**पूर्व** भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने युवा क्रिकेटर्स को सभी फॉर्मेट का क्रिकेट खेलने की सलाह दी है।

पूर्व क्रिकेटर ने रेड बॉल क्रिकेट पर जोर देते हुए कहा कि मुझे ऐसा कोई कारण समझ नहीं आता कि आप एक फॉर्मेट में खेलो और दूसरे में नहीं। दूसरी ओर, गांगुली ने ऋषभ पंत के आईपीएल खेलने पर कहा कि पांच मार्च को एनसीए फिटनेस क्लियरेंस के बाद तय होगा कि वह क्या करेंगे और क्या नहीं। हम उनके मामले में जल्दबाजी नहीं करेंगे। गांगुली इस समय दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे दिल्ली कैपिटल्स के ट्रेनिंग कैंप का हिस्सा हैं।



**ऋषभ पंत के आईपीएल खेलने पर फैसला पांच मार्च के बाद**

### सरफराज को रिलीज किया, क्योंकि वे टेस्ट के अच्छे खिलाड़ी

**गांगुली** ने कहा कि मिनी ऑक्शन से पहले सरफराज खान को रिलीज करने पर वह टेस्ट के अच्छे प्लेयर हैं, लेकिन टी-20 अलग तरह का खेल है। बता दें कि ऑक्शन से पहले दिल्ली कैपिटल्स ने 20 खिलाड़ी रिलीज किए थे। इनमें सरफराज खान भी शामिल हैं।

### बोर्ड को ईशान किशन से बात करनी चाहिए

भारतीय बोर्ड के सचिव जय शाह, अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सिलेक्टर्स को ईशान किशन से बात करनी चाहिए कि उसने रणजी ट्रॉफी छोड़कर वाइट बॉल को तवज्जो क्यों दी? क्या यह उसका करियर ठीक तरह से बनाएगा? दिल्ली दिल्ली कैपिटल्स के सभी खिलाड़ियों ने मुश्ताक अली, विजय हजारे और रणजी ट्रॉफी में हिस्सा लिया है। खलील अहमद ने लंबे समय तक पूरा सीजन खेला है।

---

# इटली में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे भारतीय मुक्केबाज

एजेंसी, नई दिल्ली



**अनुभवी** मुक्केबाज शिव थापा, दीपक भोरिया और निशांत देव सहित नौ भारतीय मुक्केबाज रविवार से इटली के बस्टो अर्सिजियो में शुरू होने वाले पहले विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने के लिए रिंग में उतरेंगे।

भारत के सात पुरुष और दो महिला मुक्केबाज अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के कार्यकारी बोर्ड की ओर से बनाई गई एक तदर्थ संस्था पेरिस 2024 मुक्केबाजी इकाई (पीबीयू) की ओर से आयोजित किए जा रहे क्वालीफायर में ओलंपिक स्थान हासिल करने का लक्ष्य बनाए होंगे। टूर्नामेंट में 49 कोटा स्थान दांव पर लगे होंगे और एक मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंचकर पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का कर लेगा। महिलाओं के 60 किग्रा वर्ग में ओलंपिक स्थान तय करने के लिए सेमीफाइनल हारने वाली मुक्केबाजों के बीच 'बॉक्स ऑफ' (मुकाबला) होगा, क्योंकि केवल तीन स्थान दांव पर लगे हैं। भारतीय उम्मीदों की अगुआई 2023 विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता भोरिया (51 किग्रा), मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) और देव (71 किग्रा) की तिकड़ी करेगी।

#### टीम

**दीपक** भोरिया (पुरुष 51 किग्रा), मोहम्मद हुसामुद्दीन (पुरुष 57 किग्रा), शिव थापा (पुरुष 63.5 किग्रा), निशांत देव (पुरुष 71 किग्रा), लक्ष्य चाहर (पुरुष 80 किग्रा), संजीत कुमार (पुरुष 92 किग्रा), नरेंद्र बेरवाल (पुरुष 92 किग्रा), जैस्मीन लेम्बोरिया (महिला 60 किग्रा), अंकुशिता बोरो (महिला 66 किग्रा)।

---

# पुनेरी पलटन ने जीता खिताब



एजेंसी, हैदराबाद

**आशु मलिक को चुना सर्वश्रेष्ठ रेडर**

**पुनेरी** पलटन ने हरियाणा स्टीलर्स को हराकर अपनी पहली प्रो कबड्डी लीग ट्रॉफी जीती और लीग के इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया।

हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी स्टेडियम में पलटन ने एक रोमांचक मुकाबले में स्टीलर्स को 28-25 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। पुनेरी पलटन की रक्षापंक्ति ने हरियाणा स्टीलर्स के रेडर शिवम पटारे और विनय को पकड़ कर अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी। हालांकि, गोयत को फाइनल में स्टीलर्स को स्कोरबोर्ड पर लाने के लिए अंकित की ओर से टैकल किया गया था। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा, क्योंकि राहुल सेठपाल ने अपने बचाव के साथ संघर्ष को दिलचस्प बनाए रखने का नेतृत्व किया। सीजन 10 के सर्वश्रेष्ठ रेडर का पुरस्कार आशु मलिक ने जीता। मोहम्मदरेजा शादलौई सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर व टूर्नामेंट के सबसे मूल्यवान खिलाड़ी असलम इनामदार बने।

### तमिलनाडु टीम 146 रन पर सिमटी

**मुंबई।** तुषार देशपांडे (24 रन पर तीन विकेट) और शार्दुल ठाकुर (48 रन पर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने तमिलनाडु की टीम रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल के पहले दिन मुंबई के खिलाफ अपनी पहली पारी में महज 146 रन पर आउट हो गई। दिन का खेल खत्म होने तक मुंबई ने दो विकेट पर 45 रन बना लिए थे।

मुंबई की टीम पहली पारी में अभी तमिलनाडु से 101 रन पीछे है और उसके आठ विकेट बचे हुए है। स्टंप्स के समय मुशीर खान 24 और रात्रि प्रहरी मोहित अवस्थी एक रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। कुलदीन सेन ने सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव को पांच व किशोर ने भूपेन लालवानी (15) को आउट किया।

---

# गौतम गंभीर नहीं लड़ेंगे चुनाव राजनीति छोड़ने का फैसला

एजेंसी, नई दिल्ली



**पूर्व** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर और पूर्वी दिल्ली से भाजपा के लोकसभा सांसद गौतम गंभीर ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से उन्हें राजनीति से मुक्त करने का आग्रह किया है, ताकि वह अपनी क्रिकेट की प्रतिबद्धताओं पर ध्यान दे सकें। इसके साथ ही गंभीर ने उन्हें लोगों की सेवा करने का अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद किया।

गौतम गंभीर ने 'एक्स' पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जेपी नड्डा और अमित शाह को टैग करते हुए पोस्ट कर कहा कि मैंने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुझे राजनीतिक कर्तव्यों से मुक्त करने का अनुरोध किया है, ताकि मैं अपनी क्रिकेट प्रतिबद्धताओं पर ध्यान केंद्रित कर सकूं।

### सांसद जयंत सिन्हा ने भी छोड़ी राजनीति

ट्वीट कर बताई वजह

नई दिल्ली। भाजपा नेता जयंत सिन्हा ने भी राजनीति को अलविदा कह दिया है। जयंत सिन्हा ने एक्स पर बताया कि वे पर्यावरण के क्षेत्र में काम करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वे पार्टी के साथ आर्थिक और नीतिगत मसलों पर काम करते रहेंगे। बता दें कि जयंत सिन्हा पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के बागी रहे यशवंत सिन्हा के बेटे हैं, जो कि हजारीबाग लोकसभा सीट से सांसद हैं।

### 2006 मुंबई ट्रेन ब्लास्ट के मास्टरमाइंड की पाकिस्तान में मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आतंकी आजम चीमा की मौत हो गई है। 70 साल के चीमा को फैसलाबाद में दिल का दौरा पड़ा। वो लश्कर के खुफिया विंग का प्रमुख था। चीमा 2006 मुंबई ट्रेन ब्लास्ट का मास्टरमाइंड था और वह 26/11 हमलों में भी शामिल था।

11 जुलाई 2006 को मुंबई के वेस्टर्न सबर्बन इलाके की ट्रेनों के सात कोचों में सिलसिलेवार धमाके हुए थे। इसमें 189 पैसेंजरों की मौत हो गई थी और 824 लोग घायल हो गए थे। वहीं, 2008 में मुंबई में आतंकी हमला हुआ था। इसे 10 आतंकियों ने मिलकर अंजाम दिया था। हमले में 166 लोगों की मौत हुई थी। मरने वालों में अमेरिका और ब्रिटेन के नागरिक भी शामिल थे। 26 नवंबर 2008 की रात पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर के 10 आतंकवादी कोलाबा के समुद्री तट से एक नाव के जरिए भारत में घुसे थे।

# बॉक्स ऑफिस पर यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' का जलवा बरकरार

एजेंसी, मुंबई

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस यामी गौतम स्टारर 'आर्टिकल 370' की काफी चर्चा हो रही है। फिल्म को रिलीज हुए एक हफ्ता हो गया है और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। फिल्म 'आर्टिकल 370' में यामी गौतम, प्रियामणि और अरुण गोविल अहम भूमिकाओं में हैं। पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का खाता 5.9 करोड़ से खुला था। वीकेंड पर फिल्म ने सॉलिड कमाई की। दूसरे दिन 7.4 करोड़, तीसरे दिन 9.6 करोड़, चौथे दिन 3.25 करोड़, पांचवें दिन 3.3 करोड़, छठवें दिन 3.15 करोड़ और सातवें दिन तीन करोड़ का कलेक्शन किया है।



### आठ दिन में 38.35 करोड़ की कमाई

अब 'आर्टिकल 370' के 8वें दिन की कमाई का आंकड़ा सामने आ गया है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म आर्टिकल 370 ने सातवें दिन लगभग 2.90 करोड़ का कलेक्शन किया है। फिल्म ने आठ दिनों में 38.35 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। इस फिल्म में यामी एक एनआईए ऑफिसर की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म 'आर्टिकल 370' को हटाने के संघर्ष, कश्मीर का इतिहास, आतंकवाद की पृष्ठभूमि, राजनीतिक हस्तक्षेप से संबंधित है।

---

### बलूचिस्तान के सीएम बने पीपीपी के सरफराज बुगती



**कराची।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सरफराज बुगती को शनिवार को अशांत बलूचिस्तान प्रांत का नया मुख्यमंत्री निर्विरोध चुन लिया है। बुगती ने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में पीपीपी के टिकट पर प्रांतीय विधानसभा का चुनाव लड़ने के लिए अंतरिम सरकार में कार्यवाहक गृह मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। बुगती ने शुक्रवार को असेंबली के सचिव ताहिर शाह को अपना नामांकन पत्र सौंपा था, उन्हें पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज का भी समर्थन प्राप्त है।

### बाइडेन ने दी गाजा में हवाई मार्ग से सहायता पहुंचाने के प्रस्ताव को मंजूरी

एजेंसी, वाशिंगटन



**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि अमेरिका जल्द ही गाजा में हवाई मार्ग से मानवीय सहायता पहुंचाना शुरू करेगा।

इससे एक दिन पहले वीरवार को इजराइल डिफेंस फोर्स के सैनिकों ने वीरवार को राहत सामग्री के लिए इंतजार कर रहे लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, इस गोलीबारी में करीब 112 फलस्तीनी मारे गए जबकि 760 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बाइडन का यह बयान ऐसे समय में आया है जब दो दिन पहले ही इजराइली सैनिकों के साथ हुई एक भीषण मुठभेड़ के दौरान कई फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई थी।

बाइडन ने कहा कि आने वाले दिनों में गाजा में विमानों के जरिए लोगों को मानवीय सहायता पहुंचाई जाएगी।

**अमेरिया के लॉ एंजिल्स की अदालत ने सुनाया फैसला**

### भारतीय कारोबारी को अपने भाइयों को देने होंगे 2000 करोड़ और अरबों की प्रॉपर्टी

एजेंसी, नई दिल्ली

अमेरिका में लॉस एंजिल्स की एक अदालत ने भारतीय मूल के पांच भाइयों से जुड़े कानूनी विवाद मामले में 21 साल बाद अपना फैसला सुनाया है और हर्जाने के तौर पर अरबों डॉलर की भारी भरकम धनराशि व अरबों की संपत्ति के बंटवारे का आदेश जारी किया है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, यह फैसला 21 साल पुराने भूमि विवाद में आया था, जिसमें हरेश जोगानी को अपने चार भाइयों को 2,000 करोड़ रुपए से अधिक का हर्जाना देने और दक्षिणी कैलिफोर्निया में अपनी संपत्ति साम्राज्य के शेयरों का बंटवारा करने का आदेश दिया है। यह बंटवारा 17000 अपार्टमेंट का होगा।

---

**गुड न्यूज** | **सोमवार को छोड़कर अन्य दिन सुबह नौ बजे से रात आठ बजे तक खुला रहेगा मंदिर**

# अबू धाबी का पहला हिंदू मंदिर लोगों के लिए खोला

एजेंसी, अबू धाबी

**संयुक्त** अरब अमीरात (यूएई) के पत्थर से निर्मित पहले हिंदू मंदिर को आम जनता के लिए खोल दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 फरवरी को अबू धाबी के इस पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया था।

मंदिर दुबई-अबू धाबी शेख जायद राजमार्ग पर अल राहबा के पास 27 एकड़ क्षेत्र में लगभग 700 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। मंदिर के लिए जमीन यूएई सरकार ने दान में दी है। अबू धाबी के पहले हिंदू मंदिर का निर्माण नागर शैली में किया गया है। है। मंदिर में स्वंयसेवक उमेश राजा के अनुसार, 20 हजार टन से अधिक चूना पत्थर के टुकड़ों को राजस्थान में तराशा गया और 700 कंटेनर में अबू धाबी लाया गया। बोचासनवासी श्री अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) ने 'एक्स' पर कहा कि प्रतीक्षा समाप्त हुई। अबू धाबी मंदिर को अब सभी आगंतुकों और श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया है। मंदिर सोमवार को छोड़कर सभी दिन सुबह नौ बजे से रात आठ बजे तक खुला रहेगा।



#### ये नियम होंगे लागू

- मंदिर की वेबसाइट पर दिए गए नियमों के मुताबिक, टीशर्ट, टोपी और टाइट फिटिंग ड्रेस पहनकर मंदिर में एंट्री नहीं मिलेगी।
- मंदिर में प्रवेश करने वाले श्रद्धालुओं को गर्दन, कोहनी और टखनों के बीच के अंग को ढककर रखना होगा।
- आपत्तिजनक डिजाइन वाले कपड़े पहनकर मंदिर में प्रवेश नहीं किया जा सकेगा।
- जालीदार या ट्रांसपैरेंट कपड़ों में एंट्री नहीं मिलेगी।
- मंदिर परिसर में पालतु पशुओं को लेकर एंट्री नहीं मिलेगी।
- मंदिर परिसर के भीतर ड्रोन या कैमरे की अनुमति नहीं है।
- सोमवार के दिन मंदिर सबी श्रद्धालुओं के लिए बंद रहेगा।
- इस मंदिर में सभी धर्मों के लोगों को प्रवेश दिया जाएगा।
- मंदिर में जाने से पहले मंदिर के ऐप पर आपको पहले से रजिस्ट्रेशन कराना होगा।
- इस रजिस्ट्रेशन के लिए किसी तरह का कोई चार्ज नहीं वसूला जाएगा।

# कर्नाटक और पश्चिम बंगाल में तुष्टिकरण की स्पर्धा : गिरिराज

एजेंसी, बेगूसराय

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के बेगूसराय पहुंचने से पहले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अपने मुंह मियां मिट्ठू बन रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कर्नाटक और पश्चिम बंगाल सरकार में तुष्टिकरण की प्रतियोगिता चल रही है। कर्नाटक की सरकार भी पश्चिम बंगाल की सरकार के तर्ज पर चल रही है और तुष्टिकरण की राजनीति के साथ-साथ वहां आतंक का माहौल बन रहा है। दोनों में प्रतियोगिता चल रही है, लेकिन देश की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बार 400 सीट से अधिक लेकर संसद भवन पहुंचेंगे। बिहार में महागठबंधन के विधायकों के भाजपा की ओर जाने को लेकर उन्होंने कहा कि यह राजद का अंहकार है, जो विधायक महागठबंधन छोड़ रहे हैं, वे नरेंद्र मोदी से प्रभावित हैं। अब महागठबंधन की नैया डूबने वाली है, इसलिए सभी महागठबंधन छोड़कर अलग हो रहे हैं।



**बोले- राहुल बन रहे अपने मुंह मियां मिट्ठू**